भोपाल
गुरुवार, 12 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष–10
वर्ष : 12, अंक : 313
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4 .00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 16

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

सोना और चांदी की कीमतों में उछाल

## चांदी 2.68 लाख पार, सोने ने भी लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज हुई है, जिसमें चांदी ने बड़ा उछाल दिखाया और सोना भी मजबूती से चढ़ा। दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी 4,000 रुपए बढ़कर 2,68,500 रुपए प्रति किलो (सभी कर सहित) पहुंच गई। यह पिछले बंद भाव 2,64,500 रुपए से करीब 1.5% की बढ़त है। वहीं, 99.9% शुद्धता वाला सोना 600 रुपए चढ़कर 1,61,300 रुपए प्रति 10 ग्राम (टैक्स सहित) पर पहुंच गया। इससे पहले यह 1,60,700 रुपए पर बंद हुआ था। विशेषज्ञों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों में मजबूती का असर घरेलू कीमतों पर दिख रहा है।

गृह मंत्रालय ने बताया कि सरकारी समारोहों में इसे कैसे और कब प्रस्तुत किया जाना चाहिए

# 6 छंद, 25 लाइनें, 3.10 मिनट, वंदे मातरम के लिए 'राष्ट्रगान' जैसा प्रोटोकॉल अनिवार्य

अगर किसी कार्यक्रम में वंदे मातरम व राष्ट्रगान दोनों होने हैं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा और उसके बाद राष्ट्रगान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के लिए आधिकारिक प्रोटोकॉल को लेकर व्यापक दिशा-निर्देश जारी किया। इसमें बताया गया है कि सरकारी समारोहों में इसे कैसे और कब प्रस्तुत किया जाना चाहिए। राष्ट्रगीत के समय दर्शकों का आचरण कैसा होना चाहिए इसके बारे में भी बताया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से जारी नए निर्देशों का उद्देश्य देश भर में सार्वजनिक और आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगान की स्थिति और औपचारिक भूमिका को स्थापित करना है, जिसमें राजकीय समारोहों और संस्थागत सभाओं के दौरान इसके पालन पर अधिक जोर दिया गया है।

वंदे मातरम का संपूर्ण आधिकारिक संस्करण, जिसमें छह श्लोक हैं और जिसकी अवधि लगभग 3 मिनट और 10 सेकंड है, प्रमुख राजकीय समारोहों के दौरान प्रस्तुत या बजाया जाना चाहिए। इनमें राष्ट्रीय ध्वज फहराना, राष्ट्रपति और राज्यपालों के आधिकारिक कार्यक्रमों में औपचारिक आगमन और प्रस्थान समारोह और ऐसे समारोहों में उनके निर्धारित भाषणों से पहले और बाद के कार्यक्रम शामिल हैं।


फाइल फोटो

### सिनेमा-हॉल के लिए क्या दी गई है छूट?

- मंत्रालय ने सिनेमा हॉल और फिल्म स्क्रीनिंग के लिए विशिष्ट छूट प्रदान की है।
- फिल्म के साउंडट्रैक के हिस्से के रूप में वंदे मातरम बजाए जाने पर दर्शकों को खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी

### राष्ट्रगीत को लेकर नया प्रोटोकॉल क्या है?

- अगर किसी कार्यक्रम में वंदे मातरम व राष्ट्रगान दोनों होने हैं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा और उसके बाद राष्ट्रगान।
- दर्शकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सम्मान के प्रतीक के रूप में दोनों प्रदर्शनों के दौरान सावधान मुद्रा में खड़े रहेंगे।
- गृह मंत्रालय ने शिक्षण संस्थानों से दैनिक विद्यालय सभाओं और महत्वपूर्ण संस्थागत कार्यक्रमों के दौरान वंदे मातरम गाने को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया है।
- जब वंदे मातरम का प्रदर्शन किसी बैंड द्वारा किया जाता है, तो उससे पहले ढोल की थाप या बिगुल की ध्वनि से औपचारिक रूप से गायन की शुरुआत का संकेत दिया जाना चाहिए।

MSN माता श्री नेत्रालय
1984 से निरंतर सेवा...
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### यूपी सरकार ने पेश किया 9 लाख करोड़ का बजट




**लखनऊ।** बुधवार को योगी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 9,12,696 करोड़ रु. का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि हमारी पिछली और वर्तमान सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के सभी क्षेत्रों का विकास हुआ है।

### कारोबारी को गोली मारी पसलियों में धंसी बुलेट



**मुरैना।** जिले में बुधवार सुबह रिटायर्ड फौजी ने सीमेंट व्यापारी को गोली मार दी। गोली व्यापारी की पसलियों को चीरती हुई पेट में फंस गई है। उन्हें गंभीर हालत में दिल्ली रेफर किया गया है।

### महिला सीएचओ ने सुसाइड का किया प्रयास



**शिवपुरी।** कोलारस के ग्राम अटामानपुर में पदस्थ सीएचओ डॉ. शीतल सिसोदिया ने प्रताड़ना से तंग होकर ब्लड प्रेशर की 20 से अधिक गोलियां निगल लीं। उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

संसद में संग्राम : केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- बिना सबूत लगाए आरोप, वे माफी मांगें अन्यथा...

# राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाएगी सरकार

राहुल का आरोप- ट्रेड डील में किसानों के हितों को कुचला गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गलतबयानी कर सदन को गुमराह किया है, इसलिए उन्हें अपने बयान पर माफी मांगने को कहा गया है, वरना सरकार उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाएगी। रिजिजू ने स्पष्ट किया कि लोकसभा और राज्यसभा में कार्यवाही संचालन और आचरण से जुड़े स्पष्ट नियम निर्धारित हैं।

यदि कोई सदस्य किसी अन्य सदस्य पर गंभीर आरोप लगाना चाहता है, तो उसे पहले विधिवत नोटिस देना होता है और ठोस प्रस्ताव लाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बिना पूर्व सूचना और प्रमाण के इस तरह के आरोप लगाना संसदीय परंपराओं के खिलाफ है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सदन के भीतर उन्होंने स्वयं राहुल गांधी से अनुरोध किया था कि वे अपने द्वारा उठाए गए मुद्दों और आरोपों ▶▶ शेष पेज 6 पर

*रिजिजू ने कहा कि यदि कोई सदस्य किसी अन्य सदस्य पर गंभीर आरोप लगाना चाहता है, तो उसे पहले विधिवत नोटिस देना होता है और ठोस प्रस्ताव लाना पड़ता है*

बिना पूर्व सूचना और प्रमाण के इस तरह के आरोप लगाना संसदीय परंपराओं के खिलाफ


किरेन रिजिजू


राहुल गांधी

***राहुल से** कहा गया है कि वे अपने आरोपों को प्रमाणित करें*

***सरकार** संसदीय नियमों के तहत आगे की कार्रवाई करेगी*

### स्पीकर को पहला नोटिस सौंपा जाएगा

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी ने निर्णय लिया है कि सदन के बाहर राहुल गांधी के बयानों का राजनीतिक जवाब दिया जाएगा, जबकि सदन के भीतर संसदीय नियमों के तहत औपचारिक नोटिस दिया जाएगा। ▶▶ शेष पेज 6 पर

केंद्रीय मंत्री रिजिजू का बड़ा आरोप

### 20-25 कांग्रेस सांसद स्पीकर के चेंबर में घुसे, अपशब्द कहे

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कांग्रेस सांसदों पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कक्ष में घुसकर उन्हें अपशब्द कहने का आरोप लगाया। किरेन रिजिजू ने पत्रकारों को बताया कि कम से कम 20-25 कांग्रेस सांसद लोकसभा अध्यक्ष के चेंबर में घुस गए और उन्हें अपशब्द कहे। मैं भी वहीं मौजूद था। अध्यक्ष बहुत नरम स्वभाव के हैं, वरना ▶▶ शेष पेज 6 पर

राहुल ने ट्रेड डील पर सरकार को घेरा

### क्या हमारे फैसले अब अमेरिका लेगा हमारा फैसला प्रधानमंत्री नहीं करेंगे

- आपने इंडिया बेच दिया कोई शर्म नहीं

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा है कि देश को बेचकर इन्हें शर्म नहीं आती है। उन्होंने कहा कि भारत के फैसले अमेरिका कैसे ले रहा है। राहुल ने कहा कि अब यूनाइटेड स्टेट्स तय करेगा कि हम किससे तेल खरीदेंगे। यूनाइटेड स्टेट्स हमारे पास आएगा और कहेगा, आप खरीद नहीं सकते, फलां-फलां से तेल खरीदिए। क्या हमारे फैसले अब अमेरिका लेगा। हमारा फैसला प्रधानमंत्री नहीं करेंगे। लोकसभा में बेहद गरमागरम बहस ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

एपस्टीन फाइल्स पर मंत्री हरदीप पुरी का जवाब

# 3 से 4 बार ही एपस्टीन से मुलाकात हुई, उन अपराधों से कोई 'लेना-देना' नहीं

***राहुल गांधी ने** कहा- मेरे पास पुख्ता सबूत*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लोकसभा में दिए गए राहुल गांधी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी और उन पर बेबुनियाद आरोप लगाने का आरोप लगाया। पुरी ने स्पष्ट किया है कि एपस्टीन फाइल्स में उनका नाम किसी भी आपराधिक या अनुचित कार्य से जुड़ा नहीं है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2014 में वे केवल एक निजी नागरिक थे और उस समय उन्होंने रीड हॉफमैन, लिंक्डइन के संस्थापक, से अमेरिका के वेस्ट कोस्ट में मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने ईमेल में लिखा कि भारत में डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलें आ रही हैं और हॉफमैन को भारत आने का निमंत्रण देना चाहिए। पुरी ने कहा कि उनका यह संवाद पूरी तरह भारत की प्रगति और अवसरों से संबंधित था, न कि एपस्टीन द्वारा किए गए अपराधों से।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी बातचीत का इन मामलों से कोई लेना-देना नहीं था। राहुल गांधी के सदन में दिए गए भाषण पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उनसे सभी घटनाक्रमों से ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बजट चर्चा में लगाए आरोप बेबुनियाद

केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि जब राहुल गांधी बजट पर बोलने आए, उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की जकड़न के कारण हमारी अंतरराष्ट्रीय बातचीत दबाव में है। थोड़ा तथ्य जान लें। भारत की जीडीपी का 50% बाहरी क्षेत्र में है यानी निर्यात, आयात और रेमिटेंस। भारत के लिए यह बहुत जरूरी है कि हमारे पास अंतरराष्ट्रीय समझौते और व्यापार समझौते हों। इतनी कम अवधि में कौन सा देश 9 व्यापार समझौते कर पाया है। उन्होंने आगे कहा कि एक उद्योगपति का नाम एपस्टीन फाइल्स में आता है। राहुल गांधी पूछ रहे हैं कि उसे अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। लेकिन मुद्दा यह नहीं है कि वह गिरफ्तार हुआ या नहीं। आप इन चीजों को कैसे जोड़ रहे हैं? गौर हो कि राहुल गांधी ने संसद में अपने भाषण के दौरान एपस्टीन फाइल का भी जिक्र किया, जिसके बाद लोकसभा में भारी हंगामा हो गया। स्पीकर के विरोध के बाद राहुल गांधी ने कहा कि ठीक है हम इस पर बात नहीं करेंगे।

आरोपियों की पैरवी नहीं करेंगे वकील

## देवास के भाजपा नेता ने की जज से अभद्रता... गिरफ्तार

जयश्री नगर में आरोपी के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

देवास में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नेता पंकज धारू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ न्यायाधीश से कथित अभद्रता के मामले में नाहर दरवाजा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मंगलवार को देवास के जयश्री नगर क्षेत्र में हुई थी। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ▶▶ शेष पेज 6 पर


जज से अभद्रता करते पंकज धारू

बोलेरो, टवेरा और बाइक की टक्कर

## बुजुर्ग दंपती समेत तीन की मौत, शादी से लौट रहे थे

घटना रात करीब 1:30 बजे की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के बनखेड़ी में मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां चांदोन रोड पर बिजली ऑफिस के पास बोलेरो, टवेरा और बाइक की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग दंपती और बोलेरो में बैठे एक किशोर समेत कुल 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 5 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला ▶▶ शेष पेज 6 पर


क्षतिग्रस्त बाइक

## उज्जैन में 'श्री महाकाल वन मेला' का सीएम ने किया शुभारंभ



महाकाल स्मृति उपहार किट और महाकाल वन प्रसादम तैयार किया गया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को धार्मिक नगरी उज्जैन में पहली बार आयोजित 'श्री महाकाल वन मेला-2026' का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस वन मेले में नागरिकों को प्राकृतिक रंग-गुलाल मिलेंगे। इसमें नाड़ी वैद्य और आयुर्वेदिक चिकित्सक भी अपनी सेवाएं देंगे। मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 6 पर, ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

इंदार गांव में एक ही रात में दो घरों से चोरी हो गई

## शिवपुरी में छत से घुसे, ताले तोड़े और डेढ़ करोड़ ले भागे

1 किलो सोना, ढाई किलो चांदी और 20 लाख रुपए नकद चुरा ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के इंदार गांव में एक ही रात में दो घरों से चोरी हो गई। बदमाश दोनों घरों से एक किलो सोना, ढाई किलो चांदी और करीब 20 लाख रुपए नकद लेकर भाग गए। कुल माल की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए बताई गई है।

घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस के अनुसार, सबसे बड़ी चोरी चंद्रप्रकाश रघुवंशी के घर हुई। परिजन आशीष रघुवंशी ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य रात करीब 12 बजे सो गए थे। इसी दौरान चोर छत के रास्ते घर में घुसे और एक कमरे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए।

चोरों ने कमरे में रखे तीन बक्सों के ताले तोड़ दिए। इनमें रखी 17 सोने की अंगूठियां, 3 सोने ▶▶ शेष पेज 6 पर


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

### दूसरे घर में भी चोरी

इसी रात चोरों ने गांव के ही रामवीर सिंह रघुवंशी के घर को भी निशाना बनाया। परिजन शिवकुमार रघुवंशी के अनुसार, चोर कमरे का ताला तोड़कर अंदर घुसे और करीब 12 तोला सोने के जेवरात, लगभग 500 ग्राम चांदी के आभूषण और 3 से 4 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए।

तय दूरी के आधार पर टोल राशि सीधे ड्राइवर के खाते से काट ली जाएगी

# अब आएगा नया ऑटोमैटिक नंबर प्लेट स्कैन सिस्टम, खत्म नहीं होगी फास्टैग की व्यवस्था

देश में लगभग 1.5 लाख किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेसवे नेटवर्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर ऑटोमैटिक टोल वसूली प्रणाली लागू करने की तैयारी कर रहा है। यह नई व्यवस्था मार्च 2026 से कुछ चुनिंदा मार्गों पर शुरू हो सकती है।

प्रस्तावित सिस्टम के तहत हाईवे पर लगाए गए कैमरे वाहनों की नंबर प्लेट स्कैन करेंगे और तय दूरी के आधार पर टोल राशि सीधे ड्राइवर के खाते से काट ली जाएगी। फिलहाल, देश के लगभग 1.5 लाख किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेसवे नेटवर्क ▶▶ शेष पेज 6 पर

करीब 45,000 किलोमीटर में टोल वसूला जाता है

देशभर में 1,000 से अधिक टोल प्लाजा



फाइल फोटो

### नया सिस्टम कैसे काम करेगा?

सरकार की योजना के अनुसार भौतिक टोल बैरियर हटाकर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन तकनीक लागू की जाएगी। हाईवे पर लगे कैमरे वाहन की नंबर प्लेट पढ़ेंगे और तय दूरी के अनुसार टोल राशि की गणना कर लेंगे। इस तकनीक को लागू करने के लिए कुछ स्थानों पर टेंडर भी जारी किए जा चुके हैं। और इसे धीरे-धीरे पूरे देश में विस्तार देने की योजना है।

### फास्टैग सक्रिय और रिचार्ज रखना जरूरी

टोल की राशि मौजूदा भुगतान व्यवस्था के जरिए ही कटेगी। यानी कैमरा केवल वाहन की पहचान और दूरी का निर्धारण करेगा, जबकि भुगतान प्रक्रिया फास्टैग के माध्यम से ही पूरी होगी। चूंकि कई फास्टैग खाते डिजिटल वॉलेट से जुड़े होते हैं, सीधे बैंक खाते से नहीं, इसलिए मौजूदा कटौती प्रणाली जारी रहेगी। नई तकनीक केवल टोल ▶▶ शेष पेज 6 पर

## पुरी पीठाधीश्वर का अनुयायियों ने किया भव्य स्वागत

# निगम के स्लाटर हाउस से गोमांस मिलने के इतने दिनों बाद भी बड़ी कार्रवाई नहीं होना, ऐसा है कि शासक, शासन चलाने में समर्थ नहीं: स्वामी निश्चलानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती बुधवार को भोपाल पहुंचे। शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती न्यू चौकसे नगर में पादुका पादुका पूजन व धर्मसभा का आयोजन में शामिल हुए। यहां अनुयायियों व श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। गुरुवार को भी दीक्षा सहित अन्य कार्यक्रम शामिल होंगे। इस दौरान उन्होंने हरिभूमि समाचार से बातचीत के दौरान गौ रक्षा, प्रायगराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े विवाद को लेकर खुलकर बात की।


शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद।

***सवाल: नगर निगम के स्लॉटर हाउस से गोमांस मिलने की घटना पर आपका क्या कहना है?***

**जवाब:** स्लॉटर हाउस से गोमांस मिलने के इतने दिनों बाद भी बड़ी कार्रवाई नहीं होना,ऐसा है कि शासक शासन चलाने में समर्थ नहीं है। शासन का दायित्व है कि गायों की रक्षा की जाए। लेकिन शासन तंत्र को ज्ञान ही नहीं है। पहले शासकों को वेदों का ज्ञान होता था। वर्तमान में तो वह शासन चलाने में समर्थ ही नहीं है। गौ रक्षा जरूरी है।

***सवाल: विगत दिनों प्रायगराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद व मेला प्राधिकरण से जुड़े विवाद को आप किस रूप में देखते हैं?***

**जवाब:** मेला स्नान को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। अविमुक्तेश्वरानंद और यूपी के सीएम वो साथ-साथ बैठते हैं। पहले भी साथ थे। कल भी योगी आदित्यनाथ के साथ बैठ जाएंगे। इस मामले मैं कोई टांग नहीं अड़ाना चाहता ।

***सवाल: आज के दौर में धर्म और संविधान क्या साथ-साथ चल सकते हैं?***

**जवाब:** आज-तक संविधान में कितने परिवर्तन हो चुके हैं, संविधान की 25 वीं धारा को क्रियान्वयन करें तो हिन्दू विश्व में जनसंख्या की दृष्टि में दो नंबर पर रहेंगे। 25वीं धारा के अनुसार जैन, सिख व बौद्ध को हिन्दू घोषित किए गए हैं। लेकिन आरक्षण के लोभ में अल्पसंख्यक घोषित कर दिया गया है। धारा 25 में संशोधन कर हिंदुओं की विभिन्न शाखाओं को बांट कर उन्हें अल्पसंख्यक बनाने से देश की सामाजिक समरसता को नष्ट कर दिया गया। वेद विधि विहीन विज्ञान हमारे विनाश का कारण बन रहा है।

***सवाल: वाराणसी के मणिकर्णिका घाट के पुनर्निर्माण को लेकर कई तरह के विवाद सामने आ रहे हैं। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सहित कई लोगों ने याचिका दायर की है। इसको आप किस रूप में देखते हैं?***

जवाब: ऐसी बात है कि वर्तमान में देशभर की प्रसिद्ध तपो स्थली को भोग स्थली बनाया जा रहा है। उसको अब पर्यटक केंद्र बनाया जा रहा है। वर्तमान में सरकार तपों स्थलों की भोग स्थली यानी पर्यटन स्थल बनाने में जुटी है।

***सवाल: त्योहार में एकरूपता को लेकर क्या कहना है कि कई बार त्योहार की तिथि को लेकर भ्रम की स्थिति बनती है?***

**जवाब:** वह ऐसा है कि शास्त्र सम्मत है परंपरा है कि कभी यह एक ही हो जाती है। कभी दो हो जाती है। इसमें विवाद खड़ा करना उचित नहीं है।

***सवाल: बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने को लेकर विवाद चल रहा है, इसको लेकर क्या कहना है?***

**जवाब:** इसको लेकर हम सहमत नहीं है। देश में बाबरी के नाम से मस्जिद नहीं बनना चाहिए।

***सवाल: दिल्ली में गौ माता राष्ट्र माता निर्णायक संत सम्मेलन आपके शामिल होने की बात सामने आ रही है। जिसका सोशल मीडिया पर जोर-शोर से प्रचार हो रहा है। क्या आप भी इसमें शामिल होंगे?***

**जवाब:** इस बारे में मुझे कुछ पता नहीं है। न ही मेरे पास कोई सूचना नहीं आई है। यह गलत सूचना है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर गलत खबर चलाई जा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### जेपी नगर में सुलभ कॉम्प्लेक्स का विरोध



**भोपाल।** पुराने शहर के यूनियन काबाईड फैक्ट्री की दीवार के पास सुलभ काम्प्लेक्स के निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों के विरोध का मामला सामने आया है। लोगों का कहना है कि जहां इसका निर्माण कार्य हो रहा है उसके नीचे से नर्मदा और कोलार की पाइप लाइन गुजरी है। ऐसे में भविष्य में दिक्कत आ सकती है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर बुधवार को वीडियो वायरल हुआ। जिसमें स्थानीय लोग नर्मदा जल की लाइन और कोलार की लाइन जमीन के नीचे से गुजरने की बात कहते हुए विरोध कर रहे हैं। इस मामले को लेकर नगर निगम के परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी का कहना है कि कोई भी निर्माण सभी तकनीकी पहलुओं की जांच के बाद ही शुरू किया जाता है। मामला संज्ञान में आया है तो जरूर इसकी जानकारी ली जाएगी।

### अमृतसर-बिलासपुर के समय में आंशिक बदलाव

**भोपाल।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं परिचालन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भोपाल होकर जाने वाली गाड़ी संख्या 18238 (अमृतसर-बिलासपुर) एक्सप्रेस के समय में राजा की मंडी स्टेशन पर आंशिक संशोधन किया गया है। गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर-बिलासपुर एक्सप्रेस के समय सारिणी में आंशिक संशोधन करते हुए राजा की मंडी स्टेशन पर आगमन-प्रस्थान समय 07:04 व 07:06 बजे की बजाय तत्काल प्रभाव से आगमन-प्रस्थान समय 07:08 व 07:10 बजे किया गया है।

### रीवा-सीएसएमटी स्पेशल के बढ़ाए 17 ट्रिप

**भोपाल।** रेलवे द्वारा भोपाल मंडल के इटारसी होकर रीवा-सीएसएमटी-रीवा के बीच 26 फरवरी तक संचालित होने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे दोनों दिशाओं में 17-17 ट्रिप बढ़ाए गए हैं। अब यह स्पेशल गाड़ी रीवा से प्रत्येक गुरुवार 26 जून तक तथा मुंबई (सीएसएमटी) से प्रत्येक शुक्रवार 27 जून तक चलेगी। गाड़ी संख्या 02187 रीवा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन गुरुवार रीवा से 15.50 बजे प्रस्थान कर इटारसी 23.20 बजे आगमन कर अगले दिन 12.20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 02188 सीएसएमटी-रीवा स्पेशल ट्रेन शुक्रवार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 13.30 बजे प्रस्थान कर इटारसी अगले दिन 01.15 बजे आगमन कर सुबह 09.45 बजे रीवा पहुंचेगी।

### आईटीआई के छात्र साजन का मैनिट में चयन

**भोपाल।** डिविजनल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के टर्नर ट्रेड के वर्ष 2024 उत्तीर्ण छात्र साजन विश्वकर्मा का मैनिट में एयरोनॉटिक्स अनुसंधान एवं विकास बोर्ड–रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (एआर एंड डीबी–डीआरडीओ) द्वारा प्रायोजित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत चयन हुआ है। साजन विश्वकर्मा को प्रयोगशाला सहायक के पद पर चयनित किया गया है।

## महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शिव-पार्वती की रस्मों का श्रद्धापूर्वक आयोजन

# बाबा बटेश्वर एवं दुल्हन स्वरूपा मां गोरा को हल्दी-मेहंदी रचाई


मंदिर में उमड़े श्रद्धालु


भोले बाबा का हल्दी लगाते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी मंदिरों में इन दिनों महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शिव-पार्वती की रस्में आयोजित की जा रही हैं। इस दौरान बड़ की जड़ में प्रकट हुए स्वयंभू बाबा बटेश्वर का मंदिर परिसर में विवाह के पूर्व पारंपरिक रीति रिवाज से लगाई जाने वाली हल्दी एवं मेहंदी के उत्सव में सराबोर था। इस अवसर पर महिलाएं पारंपरिक गीत गा रही थीं, हल्दी की छाई बहार आज गोरा के अंगना में, गूंजे, झनक झंकार आज गोरा के अंगना में.. चढ़ गई हल्दी बंध गए कंगना भोले चले हैं गोरा के अंगना.. गोरे गोरे हाथों में मेहंदी लगेगी, हल्दी चढ़ेगी और मांग भरेगी, सोलह श्रृंगार मेरी गोरा करेगी, सज के आएंगे दूल्हे राजा... गोरा जी के हाथों में मेहंदी सजाई है, गौरा बनी दुल्हन, दूल्हा भोलानाथ है।

### कन्याओं ने सुयोग्य वर की कामना की


कर्फ्यू वाली माता मंदिर में महादेव को लगी हल्दी

मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया गोधूलि बेला में दूल्हा स्वरूप में सजी बाबा बटेश्वर की रजत प्रतिमा पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने हल्दी एवं मेहंदी लगाकर स्वयं के सौभाग्य की कामना की। वहीं अविवाहित कन्याओं ने सुयोग्य वर की कामना की तत्पश्चात सभी महिलाएं भवानी मंदिर सोमवारा पहुंची। यहां पर भवानी मंदिर समिति व अध्यक्ष आशीष सैनी ने सभी का स्वागत किया। दुल्हन स्वरूपा माता पार्वती को मेहंदी एवं हल्दी की रस्म के बाद श्रृंगार कर महाआरती की गई। इस अवसर पर प्रसादी के साथ सौभाग्य सामग्री का भी वितरण हुआ। दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड महाशिवरात्रि का पावन पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

## हड़ताल की पूर्व संध्या में निकाली मशाल रैली

# श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ होगी आज राष्ट्रव्यापी हड़ताल



प्रदर्शन करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ देशभर के 10 केंद्रीय श्रमिक संगठनों एवं सौ से अधिक स्वतंत्र ट्रेड यूनियंस के आह्वान पर देशभर के 25 करोड़ से ज्यादा कामगार, कर्मचारी, अधिकारी 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की घोषणा की है। इस हड़ताल में बैंक, बीमा, केंद्र, बीएसएनएल, पोस्टल, आयकर, आंगनबाड़ी, आशा कर्मी, मध्याह्न भोजन कर्मी, खेतिहर मजदूर, किसान संघ, पेंशनर्स, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, हम्माल मजदूर सभा आदि से संबंधित यूनियंस के साथ-साथ इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, सेवा समेत दस केंद्रीय श्रमिक संगठनों एवं अन्य संस्थानों में कार्यरत ट्रेड यूनियंस के सदस्य भाग लेंगे। कई संगठनों / संस्थानों की यूनियंस ने हड़ताल को नैतिक समर्थन प्रदान किया है।

राजधानी में हड़ताल की पूर्व संध्या पर बुधवार को इंदिरा प्रेस कांप्लेक्स स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के सामने हड़ताली संगठनों से जुड़े सैकड़ों मजदूर, कामगार, कर्मचारी और अधिकारी अपने-अपने संगठनों के झंडा, बैनर, प्ले कार्ड्स के साथ एकत्रित हुए। जन एवं श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर प्रभावी मशाल प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात सभा का आयोजन किया जैसे विभिन्न श्रमिक संगठनों के नेताओं वीके शर्मा, शिव शंकर मौर्या, प्रमोद प्रधान, पूषण भट्टाचार्य, विनोद लोगरिया, संजय मिश्रा, दीपक रत्न शर्मा, एससी जैन, ओपी डोंगरीवाल आदि ने संबोधित किया।

### भारतीय मजदूर संघ, एनएफआईटीयू नहीं लेंगे भाग

भारतीय मजदूर संघ एवं उससे संबद्ध सभी संगठन, विद्युत क्षेत्र के सभी प्रांतीय संघों/महासंघों 12 फरवरी को प्रस्तावित हड़ताल में भाग नहीं लेंगे। इस आशय की सूचना महामंत्री अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ डी राजा मुरुगन एवं जोनल आर्गेनाइजिंग सेकेट्री सुनील सिंह के हवाले से सभी पदाधिकारियों को जारी की गई है कि वे उक्त हड़ताल से पूर्णतः दूर रहें तथा अपने नियमित दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। वहीं नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (एनएफआईटीयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि 12 फरवरी 2026 को कुछ राजनीतिक श्रमिक संगठनों द्वारा प्रस्तावित आम हड़ताल में एनएफआईटीयू तथा उसके संबद्ध श्रमिक संगठन जैसे ऐबू एवं अन्य शामिल नहीं होंगे।

## 45 दिवसीय का उपवास 18 फरवरी को राख बुधवार से शुरू होगा

**भोपाल।** प्रभु यीशु के बलिदान की याद में 45 दिवसीय का उपवास 18 फरवरी को राख बुधवार से शुरू होगा। शहर के चर्च में विशेष प्रार्थना सभाएं होंगी। इसके लिए चर्च समितियों की बैठकें शुरू हो गई हैं। मसीही लोग बुधवार को माथे पर राख से क्रुस का चिन्ह बनाकर उपवास रखेंगे। 45 दिन दुख का भोग के दिन होंगे। प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक दोनों समुदाय सेवा कार्य करेंगे। परिवारों में मनोरजंन के कार्यक्रम नहीं होंगे।

गोविंदपुरा के सेंट जॉन्स ईएलसी चर्च के युवा सचिव अमन मार्टिन चर्च कमेटी और अन्य श्रद्धालुओं द्वारा सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस दौरान विश्व शांति के लिए भी प्रार्थना करेंगे और एक दिन चर्च में परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम होगा। राख बुधवार पर मसीही समाज के लोग खजूर की डालियों की राख से माथे पर क्रुस का चिन्ह बनाएंगे।

## हाउसिंग सोसायटी ने बिना अनुमति का लगाया आरोप

# निजामुद्दीन कॉलोनी में बोर्ड परीक्षा के बीच विवादित जमीन पर मेला, प्रतिबंध की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


निजामुद्दीन कॉलोनी में लगा मेला।

प्रदेश में बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं और प्रशासन द्वारा परीक्षाओं के मद्देनजर सख्त गाइडलाइन जारी की गई हैं। इसके बावजूद राजधानी की निजामुद्दीन कॉलोनी में रहवासी क्षेत्र के बीचों-बीच मेले के आयोजन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड ने मेले पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए प्रशासन को शिकायत सौंपी है। जानकारी के अनुसार, टीम क्लीन एंड ग्रीन हजरत निजामुद्दीन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिला उद्यमी मेला 2026 का आयोजन 12 से 15 फरवरी तक किया जा रहा है। सोसायटी का आरोप है कि यह आयोजन बिना वैधानिक अनुमति के किया जा रहा है और इससे बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को गंभीर असुविधा हो सकती है। सोसायटी का यह भी दावा है कि जिस जमीन पर मेला लगाया जा रहा है, वह विवादित है और मामला न्यायालय में लंबित है।

## प्रदेशाध्यक्ष पांडे को बालाघाट समिति ने पहनाई पगड़ी

# कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष का कर्मचारी मंच ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे का कर्मचारियों एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के साथ ही श्रमिकों की सेवा के लिए बुधवार को बालाघाट कर्मचारी समिति ने अध्यक्ष गोपाल देशराज के नेतृत्व में सतपुड़ा भवन में पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। सम्मान करने वालों में गोपाल देशराज , अध्यक्ष दाताराम तुलसीराम विश्वकर्मा मलाजखंड, सुनील पाठक, महेंद्र सारस, प्रमोद बर्डे, आदि शामिल रहे। मप्र कर्मचारी मंच ने बताया है कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने वर्ष 1988 में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमितकरण के लिए एक वर्ष तक आंदोलन किया। वर्ष 1989 में तत्कालीन मुख्यमंत्री पंडित श्यामा चरण शुक्ला ने मांग मंजूर करते हुए 1988 के पूर्व के 55000 दैनिक वेतन भोगियों को नियमित करने का मध्य प्रदेश शासन से आदेश जारी कराया।

## शहर के कई स्थानों से हटाए अतिक्रमण

# प्रधान मंडपम से ओम नगर तिराहे तक बनी बाउंड्री तोड़ी


अतिक्रमण हटाता अमला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने बुधवार को होशंगाबाद रोड स्थित प्रधान मंडपम से ओम नगर तिराहे तक रोड पर बनी चादर की बाउंड्री तोड़ी और लोहे की चादर जप्त की। इसके साथ ही प्रगति नगर में सड़क पर अवैध रूप से बनी दीवार को तोड़ा। निगम अमले ने शहर के एक दर्जन से ज्यादा स्थानों से अतिकमण हटाए। निगम के अतिक्रमण दस्ते ने 1100 क्वाट्र्स क्षेत्र में बड़ी संख्या में अतिक्रमण हटाया और तीन ट्रक सामान जप्त किया। शहर के अन्य स्थानों पर अवैध रूप से बनी झुग्गियां, चबूतरे, फर्शियां, दुकानें एवं दुकानों के बाहर रखा सामान, आवागमन में बाधक वाहन आदि हटाए गए। निगम अमले ने कोटरा सुल्तानाबाद, रातीबड, लिंक रोड नंबर 1, 2 व 3, चक्की चौराहा, शारदा नगर, बिट्टन मार्केट, शाहपुरा, माता मंदिर, अम्बेड़कर नगर, रविशंकर नगर, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, मीनाल रेसीडेंसी गेट नंबर 4, अयोध्या बायपास, बाग मुगालिया रोड, बाग फरहत अफ्जा, काला दरवाजा, इतवारा, गांधी नगर, झूलेलाल मार्केट आदि क्षेत्रों में कार्रवाई की। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के सामने अवैध रूप से बनाई 7 झुग्गियों को हटाने के अलावा शारदा नगर में रास्ते में रखा एक गेट, अम्बेड़कर नगर में दुकानों के सामने अवैध रूप से रखी फर्शियां, गांधी नगर झूलेलाल मार्केट में पांच घरों के सामने अवैध रूप से बने चबूतरे हटाने की कार्रवाई की।

## वैज्ञानिकों ने बताई बारिकियां, एक जिला एक उत्पाद में शामिल

# अमरूद के किसानों को समझाई तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक जिला एक उत्पाद में शामिल अमरूद की पैदावार बढ़ाने के लिए बुधवार को जिला स्तरीय अमरूद उत्पादक कृषक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को अमरूद उत्पादन करने की सीख दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने अमरूद फलोद्यान लगाने वाले कृषकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कृषकों को अधिक अमरूद लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। अमरूद उत्पादक किसानों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। कार्यकम में वैज्ञानिक एमपी सिंह, वैज्ञानिक प्रवीण वर्डे ने अमरूद उत्पादक कृषकों को अमरूद फलोद्यान लगाने की आधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी दी गई।

## अतिक्रमण पार्किंग को लेकर की चर्चा

# होलसेल-होजरी व्यापारियों के बीच पदाधिकारियों के साथ पहुंचे चेंबर अध्यक्ष गोविंद गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


व्यापारियों के साथ चैंबर अध्यक्ष।

राजधानी के व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और पदाधिकारी व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और व्यापारियों से निरंतर संवादरत हैं। चेंबर के सभी पदाधिकारी बुधवार को पुराने शहर की होलसेल एवं होजरी व्यापारी संघ के मध्य पहुंचकर यहां व्याप्त व्यापारिक समस्याओं से रूबरू हुए। यहां के व्यापारियों ने अतिक्रमण, पार्किंग को व्यवस्थित करने की ओर चेंबर टीम का ध्यान आकर्षित किया। इस मौके पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गोविंद गोयल ने कहा कि व्यापारी मेरा परिवार है। व्यापारियों के लिए कुछ भी करना पड़े करेंगे। मैं सदैव साथ हूं। उन्होंने कहा कि राजधानी के जन प्रतिनिधि भी व्यापारियों के हित के लिए पूरी तरह साथ हैं।

## एमबीबीएस छात्रा रोशनी की शोक सभा में जीएमसी डीन डॉ. कविता ने की घोषणा

# जीएमसी में छात्रों का तनाव दूर करने खुलेगा 'लेट्स शेयर एंड केयर सेंटर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गांधी मेडीकल कॉलेज (जीएएमसी) के सभागार में मृतक छात्रा रोशानी कलेश की मौत के बाद शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें अधिष्ठाता डॉ. कविता एन सिंह ने कहा कि संपूर्ण जीएमसी प्रबंधन एवं सभी शिक्षकगण तनाव से उबरने में छात्र छात्राओं को सहायता देने हेतु तत्पर हैं।

यह दुखद घटना मेडिकल विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ होना चाहिए। छात्र छात्राएं अपने साथियों का ध्यान रखें, एवं उनमें यदि कोई गंभीर चिंता अथवा अवसाद के लक्षण दिखाई दें तो बिना देर किए अधिष्ठाता, अपने शिक्षकों एवं वार्डन को सूचना दे। ऐसा करने पर उक्त विद्यार्थी को समय पर मनोवैज्ञानिक सहायता एवं काउंसलिंग उपलब्ध करवाई जा सकती है।

इसके साथ ही डॉ. कविता ने कॉलेज परिसर में 'लेट्स शेयर एंड केयर सेंटर' की शुरुआत करने की घोषणा की। जहां पर मानसिक स्वास्थ पर, छात्र कल्याण पर, छात्रों की प्रगति एवं विकास पर चर्चा की जाएगी एवं संयुक्त निर्णय लिए जाएंगे। प्रत्येक माह की 10 तारीख को प्रत्येक विभाग में स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र छात्राओं हेतु एटकॉम से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि मंगलवार को एमबीबीएस 2025 बैच (प्रथम वर्ष) की छात्रा रोशनी कलेश ने खुदकुशी कर ली थी। मृतक छात्रा के अभिभावकों एवं परिजनों से अधिष्ठाता डॉ. कविता एन सिंह ने मिलकर बात की, शोक व्यक्त किया एवं उनको सांत्वना दी। वहीं कॉलेज परिषद की बैठक में मेडिकल की पढ़ाई से संबंधित तनाव के बारे में अधिष्ठाता द्वारा सभी परिषद के सदस्यों से चर्चा की गई, जिसमें शीत कालीन अवकाश की जगह विश्वविद्यालयिन परीक्षाओं के पश्चात छात्रों को अवकाश प्रदान करने का प्रस्ताव रखा गया। इस संबंध में संस्था की पाठ्यक्रम समिति को निर्देश दिए गए।



एमपी नगर के जोन-2 में जगह-जगह गड्ढे खोदे जाने और उनका रेस्टोरेशन नहीं करने से पूरा इलाका ऊबड़-खाबड़ हो गया है।

4 ईरानी डेरा पर पुलिस ने दी दबिश, 31 पुरुष, 8 ...



9 दो शादियों की उलझन में फंसा 'अमन', दर्शक...








### लाइनें बिछाने के बाद सड़कों का मिट्टी से भराव, अब चैंबर के लिए हो रहे गड्ढे

# अमृत 2.0 ने बढ़ाई मुश्किलें, एमपी नगर में दो दिन से रास्ता बंद, हरे पेड़ व तारों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*एमपी नगर जैसे व्यापारिक क्षेत्र में सड़कें खुदी होने से आवाजाही मुश्किल*

*नेटवर्किंग वायरिंग टूटी, इंटरनेट सेवा हुई ठप, व्यापारी परेशान*

शहर के व्यापारिक केंद्र एमपी नगर में करीब 40 करोड़ रुपए से बनीं सीसी सड़कें सीवेज लाइन और चैंबर बनाने के लिए खोदी जा रही हैं, लेकिन इससे लोगों की आवाजाही मुश्किल भरी हो गई हैं। एमपी नगर जोन-2 में तो दो दिन से एक रोड से आवाजाही बंद है। यहां लाइनें बिछाने और उसे चैंबर से कनेक्ट करने का काम चल रहा है। लोगों का कहना है कि लाइनें बिछाने के बाद सड़कों पर तत्काल रेस्टोरेशन करवाया जाए, ताकि पहले जैसी बनी मजबूत सड़क खराब न हो।

एमपी नगर जोन-2 के व्यवसायी अरविंद नेमा का कहना है कि पूरे क्षेत्र में सीसी सड़कें अच्छी बनी थीं, लेकिन सीवेज लाइनें बिछाने के बाद उनका रेस्टोरेशन समय पर और ठीक तरीके से होना चाहिए। वरना सड़कें जहां से खोदी गई हैं वहीं से उखड़ जाएंगी। इतना ही नहीं, इस काम के कारण बिजली और कई नेटवर्किंग कंपनियों के वायरिंग टूटने से कई जगह इंटरनेट कनेक्शन गड़बड़ हो गए हैं, जिससे व्यापारी परेशान हैं।

**इस योजना के तहत शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में बनेंगे 10 हजार से ज्यादा चैंबर**


एमपी नगर के जोन-4 में कांक्रीट सड़क को बीच में से ही खोद दिया गया है, जिससे व्यापारी परेशान हैं।

*इस योजना के तहत शहर में सीवेज, पानी सहित अन्य बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होगा। करीब 155 करोड़ के इस प्रोजेक्ट के तहत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, ओवरहैड टैंक जैसे काम होना हैं। 2028 तक इस योजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस नेटवर्क के तहत वार्ड-4, 5, 6 और कोलार के वार्ड-80, 81, 82, 83, 84 और 85 को जोड़ा जाएगा। लाउखेड़ी में नया एसटीपी गुफा मंदिर, भैरवपुर, दीपड़ी, छाप और बर्रई में पंपिंग स्टेशन सहित 5284 मैनहोल चैंबर और 10,568 चैंबर बनाए जाएंगे। नए नेटवर्क से करीब 20 हजार घरों को सीवेज कनेक्शन मिलेगा।*

**काम पूरा होते ही शुरू होगा रेस्टोरेशन**

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ला का कहना है कि शहर के बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने की योजना पर काम चल रहा है। जैसे-जैसे काम पूरा होगा सड़कों का रेस्टोरेशन होगा। यह टेंडर की शर्तों में शामिल है। जोन स्तर पर इंजीनियर भी निर्माण कार्य पर नजर रखे हुए हैं।

### सुसाइड नोट में लिखा, परेशान हूं, अब जीना नहीं चाहता

# रातीबड़ में बीमारी से परेशान निजी कॉलेज के प्रोफेसर ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित गोल्डन सिटी कॉलोनी में रहने वाले निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजन ने उनकी लाश फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें बीमारी से परेशान होकर जान देने की बात लिखी है। सुसाइड नोट जब्त कर जांच के लिए भेज दिया गया है। पोस्मार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन शव लेकर पैतृक गांव गोपालपुर आष्टा के लिए रवाना हो गए थे।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से गोपालपुर आष्टा जिला सीहोर निवासी शैलेन्द्र सिंह ठाकुर (32) रातीबड़ स्थित निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रोफेसर थे और यहां गोल्डन सिटी कॉलोनी में बीते छह माह से किराए के फ्लैट में रह रहे थे।


मर्चुरी के बाहर खड़े गमगीन परिजन।

मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात किसी समय उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही एफएसएल पार्टी के साथ पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। घटनास्थल का मौका-मुआयना करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है। उसमें लिखा है कि बीमारी से परेशान हूं। इसलिए जीना नहीं चाहता। माफी चाहता हूं, सभी से प्यार करता हूं। अपना ध्यान रखें और स्वस्थ्य रहें। मुझे माफ कर देना। तस्दीक के लिए सुसाइड नोट हैंड राइटिंग एक्सपर्ट के पास जांच के लिए भेज दिया गया है।

**बार-बार मौसमी बीमारियों का हो जाते थे शिकार**

प्रोफेसर शैलेन्द्र सिंह को लगने लगा था कि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो गई है। जल्द ही वह सर्दी-जुकाम व बुखार से पीड़ित हो जाते हैं। बार-बार उन्हें दवा खाना पड़ती है। वह परेशान हो चुके थे। दूसरी ओर उनकी पत्नी भी कैंसर रोग से पीड़ित हैं। करीब एक साल से उनका इलाज चल रहा है। पत्नी की बीमारी को लेकर भी प्रोफेसर परेशान रहने लगे थे।

### चोरी के संदेह में बिना रोजनामचे में जिक्र किए पांच दिन रखा था बंदी

# संदेही फरार, शाहपुरा थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह ठाकुर निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह ठाकुर को निलंबित कर दिया गया है। दरअसल, बीते दिनों शाहपुरा पुलिस ने चोरी के संदेह में एक व्यक्ति को 5 दिन हिरासत में रखा था, जिसकी थाने में कोई प्रविष्टि नहीं थी। संदेही पुलिस को चकमा देकर थाने के छत से कूद कर फरार हो गया। संदेही के फरार होने की जानकारी अखबार में प्रकाशित होने के बाद वरिष्ठ अधिकारी हरकत में आ गए। मामले की जांच कराई गई। इस दौरान पता चला 5 दिन तक संदेही को हिरासत में रखा गया। थाने के रोजनामचे में इसका कोई जिक्र नहीं था। काम में गंभीर लापरवाही होने के कारण पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह ठाकुर के खिलाफ निलंबन की कारवाई की है।

### नोटिस के बाद भी नहीं पहुंचे 9887 मतदाता

# नो मैपिंग वाले 6399 वोटर्स नहीं दे पाए दस्तावेज, कटेंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चार नवंबर से शुरु हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम 14 फरवरी को पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही 21 फरवरी को वोटर लिस्ट का फाइनल प्रकाशन कर दिया जाएगा। जिसके लेकर नो मैपिंग, आपत्तियां और लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं की सुनवाई का काम जारी है।

23 दिसंबर से चल रही सुनवाई में अब तक 6 हजार 399 मतदाता ऐसे मिले हैं, जो अपने नाम को बचाने के लिए जन्म का प्रमाण नहीं दे सके हैं, जिससे इन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए जाएंगे। इसके साथ करीब 12 हजार मतदाता नोटिस के बाद भी सुनवाई में अनुपस्थि रहे। इन मतदाताओं के नाम भी काटे जा सकते हैं। इसमें सुनवाई रीशैड्यूल वाले मतदाता भी शामिल किए गए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय ने 23 फरवरी को वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट रोल जारी किया था। जिसमें 16 लाख 87 हजार 33 मतदाताओं के नाम शामिल थे। इन मतदाताओं में नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं को भी शामिल किया गया था। जिसके बाद इन मतदाताओं की सुनवाई की गई।


टीटी नगर मॉडल स्कूल में एसआईआर के तहत सुनवाई करते चुनाव अधिकारी।

सुनवाई के दौरान अपात्र, अनुपस्थित और रीशैड्यूल वाले 19 हजार 217 मतदाता रहे। इन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए जाएंगे। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि जिले में 99 फीसदी से अधिक काम पूरा कर लिया गया है। अगले दो दिनों में काम पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद फाइनल लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा।

**तीन दिन में करना पड़ेगी 16 हजार मतदाताओं की सुनवाई**

जिले की बैरसिया, नरेला, उत्तर, दक्षिण पश्चिम, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में अगले तीन दिन में 16 हजार 707 मतदाताओं की सुनवाई करना पड़ेगी। इन मतदाताओं द्वारा दस्तावेज पेश करने के बाद ही एसआईआर की फाइनल लिस्ट में नाम बचाया जा सकेगा।

**86 हजार में से 52 हजार नए नाम जोड़े**


जिले में 4 लाख 38 हजार से अधिक मृत, एबसेंट, शिफ्टेड और रिपीट मतदाताओं के नाम काटे गए थे। जिसके बाद 86 हजार 663 मतदाताओं ने फार्म-6 भरकर नाम जोड़ने का आवेदन पेश किया है। इन मतदाताओं से वर्ष-2003 में स्वयं या अपने माता-पिता, दादा-दादी का रिकार्ड मांगा गया है। जिन मतदाताओं का लिंक पिछले एसआईआर में नहीं मिला है, उन्हें जन्म के दस्तावेज पेश करना पड़ रहे हैं।

### भोपाल में लगातार दूसरे दिन पारा 30 डिग्री पार

# 17 फरवरी तक मार्च जैसी गर्मी फिर पूरे प्रदेश में बदलेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में बुधवार को मामूली बदलाव के साथ औसत दिन का पारा 30 डिग्री के पार रहा। आमतौर पर मार्च के महीने में शुरूआत में ऐसी हल्की गर्मी महसूस की जाती है, जो अभी 17 फरवरी में ही बनी रहने की उम्मीद है। 13 से 16 फरवरी के बीच दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे, जो प्रदेश के मौसम में फिर से बदलाव करेंगे। इससे तापमान में फिर गिरावट होगी। कुछ जगह बारिश भी होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी नमी बढ़ी है। तेज धूप के बीच हल्के बादलों का असर रहा है। 16 से 17 फरवरी तक मौसम ऐसा ही रहेगा। 22 फरवरी तक बदलाव की संभावना है। इससे पहले पारे में एक से डेढ़ डिग्री तक उतार-चढ़ाव रहेगा। बुधवार को भोपाल में दिन का पारा दशमलव दो डिग्री गिरकर 30.2 डिग्री रहा। यह सीजन में दूसरा सबसे अधिक दिन का तापमान है। रात का पारा 13.6 डिग्री रहा। प्रदेश में अधिकतम तापमान 30 डिग्री, जबकि सबसे अधिक दिन का पारा खरगौन में 32.8 डिग्री रहा है। सबसे कम न्यूनतम तापमान शहडोल में 4.3 डिग्री रहा है।


करोंद मंडी ब्रिज पर शाम का नजारा।

### इन विभागों को दूसरी जगह करना पड़ेगा शिफ्ट, नया भवन बनने के बाद होगी वापसी

# पहले चरण में पंद्रह दिन में हटेंगे कलेक्टोरेट कमिश्नर के बीच में बने एक दर्जन दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐतिहासिक कलेक्टोरेट और संभाग कमिश्नर दफ्तर को तोड़कर नई जी-फाइव इमारत बनाई जाएगी। जिसके लिए काम तेज कर दिया गया है। पहले चरण में सबसे पहले कलेक्टोरेट और संभाग कमिश्नर दफ्तर के बीच में बने एक दर्जन विभागों के दफ्तरों को हटाया जाएगा। जिसके बाद यहां से निर्माण का काम शुरु होगा।

इन भवनों में रिकार्ड रूम, आत्मा कृषि, उप संचालक कृषि, पोस्ट ऑफिस, राजस्व मंडल, पिछड़ा वर्ग, महिला बाल विकास, एसपी मुख्यालय, आईजी दफ्तर, साइबर जिला, फंदा जनपद और स्टेट बैंक के दफ्तर को हटाया जाना है। बुधवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने समीक्षा बैठक में अफसरों को हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कलेक्टोरेट के सामने स्थित इन दफ्तरों को विभाग की सहमति से दूसरी जगहों पर शिफ्ट किया जाए, हालांकि कलेक्टोरेट भवन बनने के बाद इन्हें वापस यहीं जगह दी जाएगी। यहां चार जी-फाइव इमारत बनाई जानी हैं। आयुक्त ने कहा, किसी भी नए कार्यालय को शामिल नहीं किया जाएगा और न ही कोई वर्तमान कार्यालय योजना से बाहर रहेगा। कलेक्टर कार्यालय से प्रभावित विभागों की लिस्ट तैयार कर आगे की प्लानिंग पेश की जाएगी।



अधिकारियों को बैठक में निर्देश देते संभागायुक्त संजीव सिंह।

**बनाई जाएंगी हाईटेक चार 5-जी इमारतें**

कलेक्टोरेट के नए भवन में चार हाईटेक फाइव जी इमारतें बनाई जाएंगी। इन इमारतों को पूरी तरह से पब्लिक कनेक्ट रखा जाएगा। इनमें बाबुओं के बैठने की व्यवस्था, कांफ्रेंस कक्ष, रिकार्ड रूम, लोकसेवा गारंटी केंद्र, एसएलआर, अधिवक्ता कक्ष व अन्य कार्यालय जो बाहर की इमारतों में चल रहे हैं, वे सभी इन्हीं इमारतों में आ जाएंगे।

**इन दफ्तरों को मिलेगी जगह**

नए भवन में जिला कलेक्टर कार्यालय, संभाग कमिश्नर कार्यालय, पुलिस विभाग सहित खाद्य आपूर्ति, खाद्य सुरक्षा, आबकारी, तहसील, महिला एवं बाल विकास समेत अन्य विभागों के कार्यालय एक ही परिसर में बनाए जाएंगे। जिससे आम लोगों को एक ही जगह पर सभी विभाग मिल सकेंगे। हाउसिंग बोर्ड के अफसरों ने फिलहाल प्रोफेसर कॉलोनी में बनाई जा रही इमारत की डिजाइन पेश की है।

### शेष अतिक्रमणकारियों को हाईकोर्ट के आदेश के बाद भेजा अपॉर्च्युनिटी हियरिंग का नोटिस

# बीएमसी और जिला प्रशासन ने एनजीटी को बताया- भदभदा से बड़े तालाब के बीच 35 में से 9 कब्जे हटाए, 3 सप्ताह का मिला समय

### अतिक्रमण मामले पर बीएमसी और जिला प्रशासन ने बैंच के सामने पेश की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की सेंट्रल जोनल बेंच में बुधवार को भदभदा से बड़े तालाब तक किए गए अतिक्रमण मामले पर सुनवाई हुई। इस मामले में याचिकाकर्ता आर्या श्रीवास्तव के अधिवक्ता धरमवीर शर्मा ने बताया कि सुनवाई के दौरान नगर निगम भोपाल और जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने को लेकर अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट पेश की गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि नगर निगम और जिला प्रशासन ने कुल 35 अतिक्रमण में से 9 को हटा दिया है, जबकि शेष अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया गया है। दरअसल, इस मामले में हाईकोर्ट का निर्देश हैं कि अतिक्रमण हटाने से पहले संबंधितों को अपार्च्युनिटी हियरिंग का नोटिस दिया जाए, इसलिए शेष सभी अतिक्रमणकारियों को अपार्च्युनिटी हियरिंग का नोटिस जारी किया गया है। इसके लिए 3 हफ्ते का समय दिया गया है। अगली सुनवाई में पूरे मामले की रिपोर्ट पेश होगी।

**वेटलेंड नियमों के उल्लंघन के साथ पर्यावरण को भी नुकसान**



फाइल फोटो

**क्या है पूरा मामला**

याचिकाकर्ता ने बेंच में पिटीशन लगाई है, जिसमें बताया गया है कि भदभदा से बड़े तालाब के बीच बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया गया है। जिससे वेटलेंड नियमों का उल्लंघन होने के साथ ही बड़े तालाब के पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। इस मामले में 260 से अधिक अतिक्रमण हटाए जाने थे, जिनमें से कुछ अतिक्रमणों को लेकर मामला हाईकोर्ट में गया था। इनमें एक धार्मिक स्थल भी शामिल है। हाईकोर्ट ने इस मामले में इन अतिक्रमण को हटाने के पहले अपार्च्युनिटी हियरिंग का नोटिस जारी करने के आदेश दिए थे। नगर निगम और जिला प्रशासन ने पिछले दिनों कार्रवाई करते हुए कुल 9 अतिक्रमण हटाए थे, जबकि अभी 26 अतिक्रमणों को लेकर 3 हफ्ते का समय दिया गया है।

# आनंद नगर में टर्निंग पर मुड़ रही बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर, टेंट हाउस कर्मचारी की मौत

◆ **टेंट हाउस का सामान गोदाम में रखने जा रहा था कर्मचारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर में मंगलवार देर रात ट्रक ने टर्निंग पाइंट पर मुड़ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में टेंट हाउस कर्मचारी गंभीर घायल हो गया, जबकि उसके साथी को मामूली चोटें आई थी। गंभीर हालत में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया था। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर ट्रक जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से कसाई मोहल्ला रायसेन रोड सुल्तानपुर निवासी प्रवेश जाटव (25) यहां आनंद नगर में राजकुमार साहू के टेंट हाउस में ड्राइवरी करता था। मंगलवार रात करीब साढ़े 11 बजे साइट पर काम खत्म होने पर वह टेंट हाउस का छोटा-मोटा सामान आनंद नगर स्थित गोदाम में रखने बाइक से जा रहा था। टेंट हाउस का एक अन्य कर्मचारी राममोहन कपोडिया (18) सामान पकड़कर बाइक पर पीछे बैठा था। आनंद नगर तिराहा स्थित सुलभ कांप्लेक्स के सामने टर्निंग पाइंट पर मुड़ते समय पीछे से आ रहे तेज रफ्तार आयशर ट्रक के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। राममोहन ने कॉल कर घटना की सूचना टेंट हाउस मालिक को दी। सिर में आई चोट के कारण गंभीर घायल प्रवेश जाटव को अस्पताल में भर्ती करा दिया, जहां मंगलवार-बुधवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई।

## एक्टिवा फिसलने से युवक की मौत

इधर, गांधी नगर पुलिस के मुताबिक रतन कॉलोनी करोंद निवासी सोनू अहिरवार (26) प्राइवेट काम करता था। विगत 20 जनवरी को वह अपने साथी के साथ एक्टिवा से गांधी नगर होता हुआ करोंद की ओर आ रहा था। इस बीच नयापुरा गांव के सामने एक्टिवा स्लिप होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में सोनू और उसका साथी घायल हो गए थे। दोनों को भानपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सोनू के साथी को छुट्टी दे दी गई। करीब 22 दिन चले इलाज के बाद सोनू की देर रात मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## शेयर ट्रेडिंग में लाभ का प्रलोभन देकर कारोबारी से डेढ़ लाख ठगे

पिपलानी पुलिस ने एक कारोबारी की शिकायत पर अज्ञात साइबर जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने और अधिक लाभ का प्रलोभन देकर कारोबारी को एक लाख 59 हजार रुपए का चूना लगाया गया। कारोबारी ने साइबर सेल में शिकायत की थी। साइबर सेल ने जांच के बाद प्रकरण दर्ज कर डायरी पिपलानी थाने भेजी है।

**साइबर सेल ने जांच कर प्रकरण दर्ज किया, डायरी पिपलानी थाने भेजी**

पुलिस के अनुसार कर्मवीर नगर जेके रोड पिपलानी निवासी जगजीत सिंह (50) ऑक्सीजन सिलेंडर सप्लाई करने का काम करते हैं। विगत 13 जनवरी को उनके व्हाट्स एप नंबर पर एक लिंक आई। लिंक खोलते ही उन्हें एक ग्रुप में जोड़ लिया गया। उस ग्रुप में बहुत से लोग जुड़े थे और शेयर बाजार में ट्रेडिंग का ऑनलाइन काम कर रहे थे। उन्हें मुनाफा भी हो रहा था।

**दो-तीन बार तो मुनाफा दिखाया**

फरियादी से भी ट्रेडिंग में निवेश करने की बात कही गई। कुछ दिन बाद जगजीत सिंह ने भी ट्रेडिंग में निवेश के लिए हामी भी दी। उन्हें तुरंत एक टेलिग्राम ग्रुप में जोड़ लिया गया। शुरुआत में उन्होंने दो हजार रुपए का निवेश किया तो उन्हें फायदा हुआ। उसके बाद भी उन्होंने दो-तीन बार छोटी रकम निवेश की। एडमिन के बनाए खाते में उनका मुनाफा दिखाई देने लगा। लालच में आकर फरियादी ने कुल एक लाख 59 हजार 400 रुपए निवेश कर दिए। इसके बाद जब उन्होंने निवेश और मुनाफे की रकम खाते से अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करने का प्रयास किया तो रकम ट्रांसफर नहीं हुई, बल्कि जालसाजों ने उसे कहा कि उक्त रकम निकालने के लिए आपको जीएसटी समेत अन्य टैक्स के साथ और भी पैसे जमा करने पड़ेंगे। तब जाकर रकम मिल सकेगी। जगजीत को लगा कि उनके साथ ठगी हुई है। लिहाजा उन्होंने साइबर सेल में शिकायत कर दी।


## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर निकलेगी भव्य शिव बारात

**संतनगर।** महाकाल सेना समिति मिनी मार्केट, संत हिरदाराम नगर, बैरागढ़ द्वारा प्रतिवर्ष महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर रात्रि में भव्य जागरण आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव पर भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। रात्रि 8 से 12 बजे तक भव्य जागरण एवं भस्म, भक्ती और भूत भस्माधारीगणों का नृत्य आयोजित किया जाएगा। उक्त आयोजन में जेम्स इवेन्ट, से गौरव श्रीवास्तव एवं पूजा दीक्षित एंव भस्मभक्ती और भस्माधारियों का नृत्य प्रस्तुत करेंगे। उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिये अपील करने वालों में प्रमुख रूप से दीपक शिवनानी, जुगल वाधवानी, भरत पारदासानी, अंशुल ताम्रकर, मानस डेटानी, सन्नी पारदासानी एवं समिति के पदाधिकारीगण शामिल है।

### व्यापार महासंघ के मेघानी का मनाया जन्मदिन

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के महामंत्री रतन मेघानी का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया।



जगदीश चंदानी, कैलाश डब्बू नागर, देवेंद्र सिंह राजू, विवेक मित्तल, प्रदीप अरोरा, आशीष दीक्षित, राजू भाई पटेल, सिद्धार्थ मित्तल, दिनेश सेन, पंकज कोठारी, बल्लू अरोरा, रमेश वासवानी, मनोज मेघानी, अमित राय, नीरज वासवानी आदि ने जन्मदिन पर

### बैंकर्स क्लब की कार्यकारिणी घोषित सुंदर बने अध्यक्ष



**संतनगर।** उपनगर की प्रतिष्ठित संस्था 'बैंकर्स क्लब' की बैठक संपन्न हुई, जिसमें वर्ष 2026 के लिए नवीन कार्यकारिणी सर्वसमिति से घोषित की गई। कार्यकारिणी में सुंदर किशनानी अध्यक्ष, गुलाब जेठानी महासचिव एवं खुशाल टेकवानी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में श्यामसुंदर गोपालानी, गोविंद सिंह अहिरवार, संतोष सोनी, निर्मलजीत सिंह तलवार एवं केएल भारतीय को सलाहकार चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर केएन शर्मा, अशोक वासवानी, श्याम असवानी एवं रिया ज्ञानचंदानी को चुना गया। बैंकर्स क्लब के अन्य महत्वपूर्ण पदों में कविता एवं कमलेश चांदवानी को स्पोर्ट्स सेक्रेट्री नियुक्त किया गया। एजुकेशन सेक्रेटरी (स्पोर्ट्स) के लिए विजय, मनीषा मंघरानी, राहुल वासवानी के अलावा ऑर्गेनाइजेशन सेक्रेटरी सोनिया खुशलानी, कल्चरल सेक्रेटरी विशाल आवतरामानी व दिनेश किशनानी को ऑडिटर नियुक्त किया गया। क्लब द्वारा इस वर्ष से एक जनरेशन नेकस्ट विंग भी बनाई गई जिसमें हमारे वर्तमान और पूर्व के सदस्यों के बैंकर बच्चे जैसे बेटी, बेटा, बहू, दामाद, पोता-पोती, नाती-नातिन आदि को सदस्यता देकर बैंकर्स क्लब कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा। चुनाव अधिकारी एसबीआई के पूर्व सहायक महाप्रबंधक विकास शर्मा रहे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9405 | | |
| दिन: | 788 | 36 | 457 |
| रात: | 135 | 95 | 780 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 345 | 26 | 277 |
| रात: | 115 | 74 | 770 |

**कॉम्बिंग गश्त में 283 स्थाई वारंटी, 125 गिरफ्तारी वारंटी, 121 जमानती वारंट तामील**

# ईरानी डेरा पर पुलिस ने दी दबिश, 31 पुरुष, 8 महिलाएं गिरफ्तार, 1.700 किलो गांजा जब्त

**2 एडिशनल डीसीपी, 8 एसीपी, 16 टीआई और 400 पुलिसकर्मियों ने मिलकर की कार्रवाई**



घर में दबिश देती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी पुलिस ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात कांबिंग गश्त की। कांबिंग गश्त में 283 स्थाई वारंट, 125 गिरफ्तारी वारंट और 121 जमानतीय वारंट की तामिली की गई। सिर्फ ईरानी डेरा में गश्त के दौरान 8 एसीपी, 16 टीआई और 400 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। ईरानी डेरे से पुलिस ने 17 दो पहिया वाहन, 644.56 ग्राम गोल्ड, 240 ग्राम चांदी और 29 मोबाइल सहित 1 लाख 34 हजार की नगदी और 1 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया। कार्रवाई के दौरान हल्का विरोध तो इरानियों द्वारा किया गया। कांबिंग गश्त में इरानी डेयरे से ही आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 31 पुरुष और 8 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बताया कि अगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों की धरपकड़ के लिए कांबिंग गश्त का आयोजन किया गया। शुरुआती तौर पर कांबिंग गश्त की जानकारी जोन के डीसीपी और एडिसीपी तक रखी गई। ताकि कार्रवाई प्रभावी हो सके।

**पुलिस ने चोरी के 17 दो पहिया वाहन, 644.56 ग्राम गोल्ड, 240 ग्राम चांदी और 29 मोबाइल सहित 1 लाख 34 हजार की नगदी जब्त की**

### 71 और 60 साल के आरोपी भी गिरफ्तार

केवल ईरानी डेरा से ही पुलिस ने 5 स्थाई वारंट की तामिली की, जिनके खिलाफ 7 स्थाई वारंट जारी हुए थे। बदमाशों से चोरी के संदेह में 17 दो पहिया वाहन, 39 मोबाइल, 640 ग्राम सोने एवं 240 ग्राम चांदी के जेवरात मिले हैं। नजमा पति हबीब अली अमन कॉलोनी, आवास विकास कॉलोनी के सामने, करोंद, भोपाल कुल 1 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में 71 और 60 साल के दो आरोपी भी शामिल है।



अपराधियों की धरपकड़ के लिए तलाश करती पुलिस, इनसेट में आरोपी को ले जाती हुई पुलिस।

### ईरानी डेरा से यह सब हुआ जब्त

पुलिस ने इरानी डेरा से 17 दो पहिया वाहन जब्त किए हैं। इसमें होंडा कंपनी की 9 और टीवीएस कंपनी की 3, हीरो कंपनी की 3, बजाज पल्सर 1, और एक स्कूटी जब्त की गई। इसके अलावा 644.56 सोना, 240 ग्राम चांदी के जेवर जब्त किए गए हैं। जब्त जेवर की कीमत 1 करोड़ रुपए के आसपास है। इसके अलावा लूट और चोरी के 39 मोबाइल जब्त किए गए। इनकी कीमत 8 लाख के आसपास बताई जा रही है। साथ ही 1 लाख 35 हजार रुपए की नगदी और 1 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया गया।

### अन्य जोन में भी प्रभावी कांबिंग गश्त

ईरानी डेरा के अलावा शहर के अन्य थाना क्षेत्रों में भी कांबिंग गश्त में फरार आरोपी, पूर्व वाहन चोर, नकबजन, जिला बदर सहित 21 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस 9वीं कांबिंग गश्त में 8 अपराधी जो कि लंबित गंभीर अपराधों में लिप्त थे, उन्हे गिरफ्तार किया गया। थाना ऐशबाग पुलिस द्वारा गोवंश मामले में फरार 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी मोहम्मद अमन (25) कम्मू का बाग ऐशबाग को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार अशोका गार्डन पुलिस ने 2 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया।

### जोन-4 के ईरानी डेरे को बनाया टारगेट

पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बताया कि निशातपुरा में पिछले कुछ महीने से दूसरे राज्यों की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां आरोपियों की तलाश में आ रही थी। दरअसल, प्रदेश के बाहर भी निशातपुरा के ईरानी डेरा में सक्रिय आपराधिक प्रवृत्तियों में लिप्त लोगों की गैंग चोरी, लूट, डकैती, धोखाधड़ी, नकबजनी जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम दे चुकी है। अपराधों को अंजाम देने के बाद गिरोह के लोग ईरानी डेरा में अपने घर और रिश्तेदारों के घर आकर फरारी काटते थे। पुलिस की टीम जब आरोपियों की तलाश में अमन कॉलोनी पहुंचती तो कालोनी के लोग एकजुट होकर पुलिस का विरोध कर आरोपियों की गिरफ्तारी में विरोध करते थे। लिहाजा पुलिस ने ईरानी डेरा को टागरेट किया। योजनाबद्ध तरीके से पुलिस अमन कॉलोनी ईरानी डेरा पहुंची। यहां रहने वाले बदमाशों की धरपकड़ की गई। हालांकि कुख्यात बदमाश काला ईरानी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान विरोध करने वाले 31 आरोपियों पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का प्रकरण दर्ज किया है।



## बारह नंबर मल्टी में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बारह नंबर मल्टी में मंगलवार सुबह एक महिला ने फांसी लगा ली। बाथरूम में फांसी के फंदे पर लटका देख पति उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। साथ ही परिजन के भी बयान नहीं हो सके है।

एएसआई शेषराम सहारे ने बताया कि आरती नीलकंठ पति राजू नीलकंठ (30) बारह नंबर मल्टी में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति राजू प्राइवेट काम करता है। आरती और राजू के दो बच्चे है। बड़ा बेटा आठ साल का है, जबकि पांच साल की छोटी बेटी है। मंगलवार सुबह बेटा स्कूल गया था। घर में राजू उसकी पत्नी और बच्ची थे। सुबह करीब साढ़े 11 बजे आरती ने बाथरूम में फांसी लगा ली। फंदे पर लटका देख पति उसे तत्काल फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गया, वहां पता चला कि उसकी मौत हो गई है। पुलिस प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

## भाजपा ने मनाई पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि, किया माल्यार्पण

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में भाजपा द्वारा बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। वार्ड 1 में विनायक होटल में पंडित दीनदयाल की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

वहीं नगर पालिका में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्या अर्पण गया, जिसमें भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविंद जैन, जीवन सिंह पाल, प्रेम शंकर साहू, मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मंडल महामंत्री अमित जैन ने बताया कि आज देश में गरीबों के उत्थान के लिए अंत्योदय योजनाएं चल रही हैं।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

**भाजपा एक मजबूत संगठन बन कर उभर रहा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडित दीनदयाल के विचारों पर खरे उतरे हैं। उनके द्वारा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ने कहा कि पंडित दीनदयाल के आदर्शों पर चल कर भाजपा एक मजबूत संगठन बन कर उभर रहा है। इस अवसर पर मंडल के महामंत्री राजेश भवरे, नपा पार्षद विनोद चौकसे, शुभम राजपूत, सुरेन्द्र जैन, मंडल उपाध्यक्ष गोकुल सूर्यवंशी, विकेश सिंह, मंत्री जयसिंह मीना, अमित राजपूत, युवा मोर्चा के शुभम खटीक, दीपक शर्मा आदि उपस्थित थे।



## पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**औबेदुल्लागंज।** प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, 'अंत्योदय' और 'एकात्म मानववाद' के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुधवार को औबेदुल्लागंज मंडल के बूथ क्रमांक 136 में उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री प्रार्थना चौहान ने कार्यकर्ताओं से उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर ने कहा कि 'एकात्म मानवदर्शन' के माध्यम से श्रद्धेय दीनदयाल ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का जो 'अंत्योदय' मंत्र दिया, वह आज भी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आधार है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री माधव यादव, मंडल उपाध्यक्ष माखन परमार, गजेंद्र नागर, माया राय, हरगोविंद वर्मा, मंडल मंत्री मनोज चौरसिया, राधा विनोद मालवीय, दया राम चौहान, कैलाश पटेल आदि पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पटवा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि



भारतीय चिंतन परंपरा के मनीषी, एकात्म मानववाद के प्रणेता और पथ-प्रदर्शक, श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय को कोटि-कोटि नमन। पं. दीनदयाल का संपूर्ण जीवन राष्ट्र के पुनर्निर्माण और अंत्योदय के महान संकल्प के लिए समर्पित रहा। एकात्म मानववाद का उनका दर्शन भारतीय चिंतन की समग्र अभिव्यक्ति है। वे मानते थे कि प्रगति तभी सार्थक है, जब उसका लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच सके। सादगी, वैचारिक स्पष्टता और राजनीतिक शुचिता उनके जीवन के मूल आधार थे।



नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र के साथ।

## नागर धाकड़ समाज की कार्यकारिणी घोषित

**औबेदुल्लागंज।** नागर धाकड़ समाज समिति की कार्यकारिणी घोषित की गई। समिति में अध्यक्ष चन्द्र सिंह नागर इटायाकला, उपाध्यक्ष बिजय नागर पारखेड़ी, प्रेमचंद नागर, हरलाल सिंह पटेल टिगरिया, ब्रज मोहन नागर गेहूंखेड़ा, तेजसिंह नागर इटायाकला, राजेंद्र नागर ओशोधाम दाऊतपुर, डॉ. भूपेंद्र नागर महावीर कॉलोनी, कोषाध्यक्ष राजेश नागर पटेल प्रेम तालाब, सचिव कैलाश नागर डब्बू हीरानिया, महामंत्री राजू नागर अटोनिया दिवटिया, नरेन्द्र नागर शिक्षक प्रेम तालाब, सहसचिव राजू पटेल पारखेड़ी, सह कोषाध्यक्ष गजेंद्र पटेल इकलामा, संगठन मंत्री उपदेश नागर, भोपाल प्रचार मंत्री शंकर नागर दाहोद, सदस्य गौरीशंकर नागर दिवटिया, हुकुम सिंह पटेल, नांदनी, संजीव नागर तामोट, राजेश नागर सीए, मंडीदीप मीडिया प्रभारी विनोद नागर प्रेमतालाब को नियुक्त किया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई दी।

**विस अध्यक्ष तोमर, मंत्री उदयप्रताप और विधायक रामेश्वर आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल**

# बर्रई में 15 एकड़ क्षेत्र में बने पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान का लोकार्पण, प्रतिमा का भी किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर कटारा क्षेत्र के बर्रई में 15 एकड़ भूमि पर नवनिर्मित पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही पार्क में स्थित पंडित जी की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। यह लोकार्पण एवं अनावरण विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं विधायक रामेश्वर शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री के साथ विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। हुजूर विधानसभा स्थित सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्र समर्पण, विचार और संगठन की साधना का उदाहरण है। उनकी पुण्यतिथि पर इस उद्यान और प्रतिमा का लोकार्पण अत्यंत सार्थक है। यह उद्यान आने वाली पीढ़ियों को अंत्योदय के संकल्प की प्रेरणा देता रहेगा। वहीं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन केवल राजनीतिक दर्शन नहीं, बल्कि समाज के सर्वांगीण उत्थान का मार्ग है।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान का लोकार्पण करते विस अध्यक्ष तोमर व अन्य।

### सांदीपनि विद्यालय में बच्चों को तिलक कर प्रवेश कराया

बर्राई में नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष तोमर एवं कैबिनेट मंत्री सिंह ने विद्यार्थियों को तिलक कर प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ की। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने शिक्षा व्यवस्था और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान प्रतिमा का अनावरण करते हुए तोमर।

# परिवहन विभाग ने किया राज्य परिवहन प्राधिकरण का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवहन विभाग ने राज्य परिवहन प्राधिकरण का पुनर्गठन कर दिया है। परिवहन विभाग का अपर मुख्य




सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव अब इसका अध्यक्ष नहीं होगा। इसमें अब अध्यक्ष के रूप में मध्यप्रदेश शासन द्वारा नाम निर्दिष्ट अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्तर का अधिकारी होगा। राज्य परिवहन प्राधिकरण में सदस्य के रूप में परिवहन आयुक्त होंगे। वहीं प्राधिकरण का सचिव भी मध्यप्रदेश शासन परिवहन विभाग द्वारा नाम निर्दिष्ट उपसचिव या अपर सचिव होगा। परिवहन विभाग के भारसाधक सचिव एवं संयुक्त आयुक्त प्रशासन को प्राधिकरण में सहायता करने हेतु प्राधिकरण में सहायता करने प्राधिकरण विशेष आमंत्रितियों के रूप में आमंत्रित कर सकेगा। इसके पहले परिवहन विभाग ने 28 मार्च 2025 को जब मोटरयान कराधान अधिनियम के तहत राज्य परिवहन प्राधिकार का गठन किया था। तब इसमें अध्यक्ष के रूप में परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव को अध्यक्ष बनाया गया था। सदस्य के रूप में परिवहन आयुक्त इसमें शामिल किए गए थे। लेकिन अब पूरे राज्य परिवहन प्राधिकार का पुनर्गठन कर दिया है।

### अब ट्रांसपोर्ट विभाग से नहीं होगा अध्यक्ष, सदस्य के तौर पर बने रहेंगे आयुक्त

### मुख्यमंत्री सुगम परिवहन की जल्द होगी शुरुआत

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की शुरुआत अप्रैल- मई से होना है। इसके लिए राज्य स्तर पर परिवहन प्राधिकरण का गठन किया गया था। राज्य परिवहन प्राधिकरण बसों के परमिट भी जारी करता है। न्यायालय में यह दिक्कत आ रही थी कि जो परमिट जारी करने वाले अधिकारी के प्राधिकरण में अध्यक्ष रहने पर ट्रांसपोर्टर कोर्ट में आपत्ति लगाते थे।

### *कोर्ट में पेश होंगे परिवहन विभाग के अधिकारी*

*कोर्ट के मामलों में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसलिए परिवहन विभाग के एसीएस, पीएस और सचिव को प्राधिकरण से अध्यक्ष के पद से हटाया गया है। दूसरे विभाग के अधिकारी अब इसमें अध्यक्ष होंगे। कोर्ट में मामले तो परिवहन विभाग का अधिकारी ही पेश करेगा।*

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर प्रदेश भर में आयोजित हुए कार्यक्रम



लालघाटी स्थित प्रतिमा पर नमन करते सीएम व अन्य।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय ने समाज में प्रतिपादित किए समानता के नए सिद्धांतः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुधवार को प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को भोपाल, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश के बूथ स्तर पर विभिन्न सेवा कार्य आयोजित किए गए, जहां पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने गरीबों के उत्थान, समाज में समानता और स्वावलंबन को लेकर जो मार्गदर्शन दिया, वह आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं।



### अंत्योदय मंत्र आज भी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आधार:हेमंत

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने बैतूल विस क्षेत्र के गंज मंडल, टैगोर वार्ड, बूथ क्रमांक 112 में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। खंडेलवाल ने कहा कि एकात्म मानववाद के माध्यम से पं. दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का जो अंत्योदय मंत्र दिया, वह आज भी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आधार है। आजादी के बाद देश को एकजुट करने में पं. दीनदयाल उपाध्याय ने महती भूमिका निभाई है। वे भारत की सांस्कृतिक चेतना, वैचारिक राजनीति के आधार स्तंभ थे।

### क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, सुरेंद्र शर्मा, प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन



सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भवन विकास निगम की संवर्धन कार्यशाला आज सीएम होंगे मुख्य अतिथि

**भोपाल।** लोक निर्माण से लोक कल्याण के विजन को सशक्त आधार देने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग गुरुवार को भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में मप्र भवन विकास निगम के तत्वावधान में एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित करने जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। कार्यशाला में लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, मप्र सड़क विकास निगम तथा मप्र भवन विकास निगम के लगभग 2,000 अभियंता एवं तकनीकी अधिकारी भाग लेंगे। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला निर्माण क्षेत्र से जुड़े अभियंताओं एवं तकनीकी अधिकारियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण कैलेंडर एवं परियोजना प्रबंधन पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा तथा परियोजना प्रबंधन प्रणाली- 2.0 डिजिटल प्रबंधन प्रणाली का प्रदर्शन एवं औपचारिक शुभारंभ होगा। इसके साथ ही मप्र सड़क विकास निगम एवं मप्र भवन विकास निगम द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित संस्थाओं-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, भारतीय राजमार्ग अभियंता अकादमी, इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया,भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई तथा स्कूल ऑफ़ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे।

### लउनि संचित लाभ में से सीएम को करेगा लाभांश भेंट

**भोपाल।** मप्र लघु उद्योग निगम अपने संचित लाभ में से जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लाभांश के रूप में राशि भेंट करेगा। एमएसएमई मंत्री एवं निगम के अध्यक्ष चैतन्य कुमार काश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को निगम के मुख्यालय पंचानन भवन में हुई संचालक मंडल की 294वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख सचिव, एमएसएमई, राघवेंद्र कुमार सिंह और निगम के प्रबंध संचालक दिलीप कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पिछली बैठक के कार्रवाई विवरण और पालन प्रतिवेदन की पुष्टि की गई। इस दौरान आडिट रिपोर्ट की समीक्षा भी गई। बैठक में निर्णय लिया गया है कि निगम अपनी आय बढ़ाने के लिए आगामी वित्त वर्ष में बड़ी मात्रा में कार्य आदेश जारी करेगा। संचालक मंडल ने प्रबंध संचालक से कहा कि वे कर्मचारी चयन मंडल से समन्वय कर प्रबंधक आदि के रिक्त पदों पर भर्ती सुनिश्चित करवाएं। इस दौरान रैंप गतिविधियों की अद्यतन स्थिति से संचालक मंडल को अवगत करवाया गया। इस दौरान निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को मध्यप्रदेश शासन के समान देय यात्रा भत्ता की दरों को लागू किए जाने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान अनेक वर्षों के लेखों का अनुमोदन किया गया।

### जनगणना कार्य के सुचारू संपादन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**भोपाल।** राज्य शासन की ओर से राज्य स्तरीय जनगणना के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार उप सचिव सामान्य प्रशासन जयेंद्र कुमार विजयवत को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। विजयवत जनगणना 2027 के दोनों चरणों में शासन स्तर से संपादित किए जाने वाले विभिन्न कार्यों को समय पर सुचारू रूप से क्रियान्वयन एवं अनुवर्ती कार्रवाई का उत्तरदायित्व निभाएंगे।

## मुख्यमंत्री ने उज्जैन में किया हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का भूमि-पूजन

# सिंहस्थ के लिए उज्जैन के प्रबंधन से बढ़ेगा मप्र का गौरव, खुलेगा आयुर्वेद का धनवंतरी इंस्टीट्यूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन अब सिंहस्थ-2028 के लिए तैयार हो रहा है। सिंहस्थ की तैयारियों के लिए 1133.67 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित की जा रही हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का भूमि-पूजन हो रहा है। इस परियोजना से सिंहस्थ-2028 के दौरान श्रद्धालुओं और नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। साथ ही शहर के हर घर में लंबे समय तक जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। सिंहस्थ के लिए उज्जैन के प्रबंधन से प्रदेश का गौरव बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के ग्राम हरियाखेड़ी में जल आवर्धन परियोजना के भूमि-पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री लगभग 47.23 करोड़ लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके दिखाए अंत्योदय के मार्ग पर चलते हुए ही हमारी सरकार गरीब से गरीब के कल्याण में लगी हुई है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ही उज्जैन जिले में प्रोजेक्ट संवर्धन शुरू किया जा रहा है। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके सम्मान और सफाई कर्मचारियों को किट वितरण जैसी गतिविधियां प्रतीक स्वरूप आयोजित की गई हैं।

### मुख्यमंत्री ने कालिदास अकादमी उज्जैन में किया कार्यक्रम को संबोधित

### क्षिप्रा के घाटों पर सिंहस्थ में आए 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में सिंहस्थ कार्यों की समीक्षा की।

### उज्जैन भी मेट्रोपोलिटन सिटी का हिस्सा होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थः 2028 में पूरी दुनिया के श्रद्धालु उज्जैन आएंगे। राज्य सरकार इसके लिए सभी तैयारियों को समय रहते हुए पूरा कर रही है। उज्जैन बाबा महाकाल और सम्राट विक्रमादित्य की नगरी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी बुनियादी सुविधाओं के लिए विकास कार्य हो रहे हैं। क्षिप्रा के घाटों पर सिंहस्थ में आए 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। रामघाट के पास एक छोटा और एक बड़ा पुल बनाया जा रहा है। अगले महीने मार्च में उज्जैन में भव्य गीता भवन का लोकार्पण होगा। शीघ्र ही उज्जैन-इंदौर फोर लेन रोड का भूमि-पूजन भी किया जाएगा।

**उज्जैन के निकट बसे लगभग 20 ग्राम योजना में शामिल-**

हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना के अंतर्गत सिलारखेड़ी, गंभीर, उंडासा एवं साहिबखेड़ी को मुख्य जल स्रोत के रूप में उपयोग किया जाएगा। सिंहस्थ-2028 के दौरान उज्जैन शहर की प्रभावी जनसंख्या लगभग 9.65 लाख तथा मेला क्षेत्र की अस्थायी जनसंख्या लगभग 21.83 लाख अनुमानित है। दिव्य राजसी स्नान के दिनों में एक ही दिन में लगभग 2 करोड़ 28 लाख श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है।

### जनजातीय समुदाय की समृद्धि का आधार बन रहे वन मेले : डॉ यादव

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि वन मेले प्रदेश की समृद्ध जैविक और वानस्पतिक विविधताओं को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम हैं। इनके जरिए हमारे जनजातीय भाई-बहनों को वनोत्पाद और काष्ठ शिल्प विक्रय करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि 'श्री महाकाल वन मेले' की आज से शुरूआत हो गई है। मेले में प्रदर्शित जड़ी-बूटियां तथा विभिन्न प्रकार के शुद्ध एवं सुरक्षित अकाष्ठीय लघु वनोत्पाद आयुर्वेदिक और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों से रोगोपचार में बेहद उपयोगी होते हैं। वनौषधियां हर रोग के इलाज में कारगर साबित हो रही हैं। इनसे असंभव रोग का इलाज भी संभव हो रहा है। डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय बजट-2026 में एम्स की तर्ज पर देश में तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान खोलने की घोषणा की गई है।



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

## पुलिस भर्ती में अब तीन बार होगी अभ्यर्थियों की ई-केवाईसी

# 23 फरवरी से 13 मार्च तक ग्वालियर सहित प्रदेश भर में होंगी भर्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी में 23 फरवरी से 13 मार्च 2026 के बीच होने वाली 7500 आरक्षक के पदों पर भर्ती में फर्जीवाड़ा रोकने सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा के साथ साथ अब अभ्यर्थियों की ई-केवाईसी तीन बार होगी, जिससे भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी हो सके। पिछली बार आधार कार्ड में फर्जीवाड़ा कर और लिखित परीक्षा में साल्वर बैठाकर पुलिस में भर्ती हो गए थे। इस बार ऐसी गड़बड़ी न हो इसके लिए चयनित अभ्यर्थियों का आधार ई-केवाइसी हर चरण के बाद करीब तीन बार किया जाएगा। इससे पहले 30 अक्टूबर से 15 दिसंबर 2025 तक प्रदेशभर में आरक्षक भर्ती के लिए आनलाइन लिखित परीक्षा हुई थी, 25 जनवरी को परिणाम जारी हुआ, जिसमें करीब 53 हजार अभ्यर्थी सफल हुए हैं। इन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र जारी कर दिए गए हैं। शारीरिक परीक्षा गर्मी शुरू होने से पहले ही संपन्न हो सके। सबसे ज्यादा फर्जी अभ्यर्थी ग्वालियर और चंबल के थे आधार कार्ड में हेरफेर कर भर्ती हुए पुलिसकर्मियों में सर्वाधिक लोग ग्वालियर और चंबल के थे। फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद प्रदेशभर में ग्वालियर में चार और शिवपुरी में तीन एफआइआर दर्ज हैं, लेकिन पुलिस गैंग की जड़ तक नहीं पहुंच पाई।



### *ऐसे किया था फर्जीवाड़ा*

*पिछली बार आधार कार्ड लिखित परीक्षा से ठीक पहले अपडेट कराया गया, जिसमें अभ्यर्थियों ने अपने फोटो, फिंगरप्रिंट की जगह साल्वर के फोटो, फिंगरप्रिंट अपडेट करा दिए. लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद शारीरिक परीक्षा में दूसरे अभ्यर्थी बैठे, जिसके लिए फिर आधार कार्ड अपडेट कराया गया. ताकि फर्जीवाड़ा पकड़ में नहीं आ जाए. अब जब तक शत प्रतिशत फिंगरप्रिंट, रेटिना, फोटो मैच नहीं होगा, ई-केवाइसी संपूर्ण नहीं होगा. पहले ऐसी व्यवस्था नहीं थी. इसके लिए बायोमैट्रिक से लेकर अलग-अलग टूल्स परीक्षास्थल पर उपलब्ध रहेंगे।*

### हर चरण के नंबर अलग, अब पहले जैसी व्यवस्था नहीं

अब 800 मीटर दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद तीनों चरणों की मार्किंग होगी। पूर्व में क्वालिफाइ - डिस्क्वालिफाइ होता था। इससे कई अभ्यर्थी एक चरण में भी निर्धारित मानकों को पूरा न करने पर भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो जाते थे। अब तीनों चरणों में प्रदर्शन के आधार पर मार्किंग होगी। इसके बाद कुल नंबरों के आधार पर मेरिट लिस्ट जारी होगी।

# पीआरटीआई जाने के बाद भी कम नहीं होंगी राजेश मिश्रा की मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जयपुर में फैशन डिजाइनर के साथ 30 से 35 लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस



अधिकारी राजेश मिश्रा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पिछले दिनों उन्हें पुलिस ट्रेनिंग अकादमी पीटीआरआई भेज दिया था। इस दौरान पुलिस मुख्यालय ने जांच भी पूरी कर ली है। फैशन डिजाइनर के लगाए गए पूरे आरोप सही पाए गए हैं, जिस घटना के आधार पर सीआईडी से एक ही दिन में ट्रांसफर करते हुए राजेश मिश्रा को हटा दिया था। उसके पीछे की वजह थी कि स्पेशल डीजी पंकज श्रीवास्तव ने चार्ज दिया था और दागदार अफसर को अपने ऑफिस में बैठे नहीं देना चाहते थे। आरोप गंभीर थे, जिसके बाद आनंद फाइनल में उन्हें ट्रांसफर के साथ रिलीव कर दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही रिपोर्ट के आधार पर विभागीय जांच शुरू होगी। इसके बाद मामला कोर्ट में भी जाएगा साथ ही वसूली भी की जाएगी लेकिन इस प्रक्रिया में समय लगेगा। फिलहाल आईपीएस बनने का सपना का राजेश मिश्रा का अधूरा रहेगा। माना जा रहा था कि कुछ सालों में वह राज्य पुलिस सेवा से अखिल भारतीय पुलिस सेवा के कैडर में शामिल हो सकते हैं, लेकिन इस करतूत ने उनके सपने को चकनाचूर कर दिया।

### *होटल की बुकिंग, ज्वेलरी और कई अन्य खर्चों का दिया हिसाब*

जयपुर की फैशन डिजाइनर ने डीजीपी को पत्र लिखते हुए सारे खर्चे के बारे में जानकारी दी थी। उसने बताया कि आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में पदस्थ राजेश मिश्रा जयपुर आए हुए थे और वहां पर शॉपिंग की थी। इसके साथ-साथ पत्नी और बेटी ने सोने चांदी के जेवर लिए थे। हालांकि राजेश मिश्रा ने यह भरोसा दिलाया कि भोपाल जाने के बाद वह भुगतान कर देंगे, लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी मिश्रा ने फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद खर्च कराई गई रकम को भी नहीं लौटाया। पीड़िता ने राजेश मिश्रा के पूरे कारनामे और लेनदेन का चिट्ठा डीजीपी को भेज

### *ऐसे सबूत के आधार पर तय हुआ आरोप*

फैशन डिजाइनर ने बताया कि राजेश मिश्रा की पहचान उनसे साल 2025 में हुई थी। इस दौरान उन्होंने कई यात्राएं की और दोनों के बीच में शारीरिक संबंध भी बनाने की कोशिश हुई। साथ में जिन होटल में रुके उसका पूरा खर्चा महिला ने उठाया। इन तमाम बातों का जिक्र करते हुए शिकायत में आधार और तथ्य बातें लिखी थी। जिसके आधार पर पुलिस को विवेचना करने में मुश्किल नहीं हुई और पीड़िता के लगाए गए सभी आरोप सही साबित हुए।

# प्रॉपर्टी टैक्स की शत-प्रतिशत वसूली और एआई से जन-समस्याओं का त्वरित समाधान अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास संकेत भोंडवे ने कहा कि नगरीय प्रशासन में पारदर्शिता और कार्य क्षमता ही प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली में किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने 25 फरवरी और 15 मार्च को प्रदेश के सभी नगर निगमों में विशेष वसूली शिविर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही, नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर बल दिया, ताकि समस्याओं का समाधान 2 से 3 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जा सके। आयुक्त भोंडवे भौरी के सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान में बुधवार को विभागीय समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, ई-ऑफिस प्रणाली और डिजिटल लॉकर के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों को पूर्णतः डिजिटल बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने को कहा गया। उन्होंने संसाधन प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नवाचारी दृष्टिकोण अपनाते हुए उज्जैन, इंदौर और देवास को मिलाकर एक संयुक्त वॉटर सप्लाई बोर्ड के गठन के संकेत दिए। उन्होंने अनावश्यक बिजली व्यय रोकने के लिए सुचारू जलापूर्ति वाले क्षेत्रों में ट्यूबवेल बंद करने और शत-प्रतिशत स्मार्ट मीटर लगाने के निर्देश दिए।

## आयुष मंत्री ने मप्र राज्य औषधीय पादप बोर्ड को राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड एक्सीलेंस अवॉर्ड मिलने पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने, मप्र राज्य औषधीय पादप बोर्ड को राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड एक्सीलेंस अवॉर्ड सम्मान प्राप्त करने पर आयुष विभाग एवं मप्र राज्य औषधीय पादप बोर्ड को बधाई दी हैं। आयुष मंत्री परमार ने कहा कि यह गोल्ड एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदेश की उस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मप्र राज्य औषधीय पादप बोर्ड को राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड की ओर से आयोजित चिंतन शिविर औषधीय पौधे के अवसर पर एक्सीलेंस अवॉर्ड बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड (गोल्ड श्रेणी) से सम्मानित किया गया।

## मप्र विधानसभा को डिजिटल बनाने की दिशा में एक और कदम

# इस बजट सत्र से सभी एमएलए की टेबल पर टैबलेट, प्रमुख सचिव व सचिव को राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन के माध्यम से लागू होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा के कामकाज को डिजिटल



बनाने की दिशा में नया कदम उठाया जा रहा है। आगामी बजट सत्र से विधायकों की मेज पर टैबलेट रखे जाएंगे।

यह व्यवस्था राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (एनईवीए) के तहत लागू की जा रही है। शुरूआत में विधायकों को टैबलेट के जरिए बजट से जुड़े दस्तावेज देखने की सुविधा मिलेगी। हालांकि, टैबलेट का पूरा उपयोग बाद के सत्रों में किया जाएगा, क्योंकि अधिकांश विधायकों को इसके इस्तेमाल के लिए प्रशिक्षण दिया जाना है। अधिकारियों ने बताया कि विधायकों की मेज पर टैबलेट लगाने के लिए बिजली कनेक्शन का काम पूरा हो चुका है और बजट सत्र से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। बता दें, कि देश के कई राज्यों में पहले ही यह व्यवस्था लागू हो चुकी है। इससे कागज की खपत कम होगी और विधानसभा का कामकाज तेज, आसान और पर्यावरण के अनुकूल बनेगा।

### टैबलेट में अधिकतर सामग्री हिंदी भाषा में होगी

हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद की सुविधा मिलेगी. सवालों और कार्यसूची को खोजने का विकल्प होगा। साथ ही माइक्रोफोन की मदद से बोलकर सर्च किया जा सकेगा. पासवर्ड से कहीं से भी सॉफ्टवेयर एक्सेस किया जा सकेगा। विधानसभा अधिकारियों के अनुसार, चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसके बजट सत्र के बाद विधायकों को टैबलेट बाद विधानसभा के कामकाज में टैबलेट का व्यापक उपयोग किया जाएगा। ऐसा होगा ई-विधान सदन में प्रत्येक सदस्य की सीट पर लगी डिजिटल स्क्रीन से विधायकों को जिस विषय पर जानकारी चाहिए, वह सिंगल क्लिक पर मिलेगी। प्रश्नकाल में प्रश्न और उनके उत्तर स्क्रीन पर उपलब्ध होंगे।

## विषय वस्तु का पुस्तकों में समावेश विषय पर कार्यशाला

# एनईपी-2020 भारत केंद्रित, बाल-केंद्रित और भविष्य केंद्रित शिक्षा दृष्टिः मंत्री सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राजधानी के एक निजी होटल में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ किया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विषय वस्तु का पुस्तकों में समावेश विषय आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 न केवल पाठ्यक्रम परिवर्तन का दस्तावेज है, बल्कि यह भारत केन्द्रित, बाल-केन्द्रित और भविष्य केन्द्रित शिक्षा दृष्टि है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अनेक शिक्षाविदों और विशेषज्ञों के अथक परिश्रम का परिणाम है। ऐसी पाठ्य पुस्तकें तैयार हों जो विद्यार्थी में जिज्ञासा, तर्कशक्ति, सृजनशीलता और भारतीयता तथा पर्यावरण के प्रति संरक्षण की दृष्टि के बोध को विकसित करें।

**पेज एक का शेष....**

## राहुल के खिलाफ...

के समर्थन में आवश्यक प्रमाण और प्रामाणिक दस्तावेज प्रस्तुत करें। उन्होंने संकेत दिया कि सरकार संसदीय नियमों के तहत आगे की कार्रवाई करेगी।

## स्पीकर को पहला...

रिजिजू ने बताया कि स्पीकर को पहला नोटिस सौंपा जाएगा। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ने अपने बयानों को प्रमाणित करने का आश्वासन दिया है, लेकिन उनके अनुसार यह संभव नहीं होगा क्योंकि जो बातें सदन में कही गईं, वे तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। रिजिजू ने आरोप लगाया कि सदन के भीतर गलत जानकारी दी गई।

## 20-25 कांग्रेस...

सख्त कार्रवाई की जाती। प्रियंका गांधी वाड्रा और केसी वेणुगोपाल समेत वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी अंदर मौजूद थे और वे उन्हें लड़ाई के लिए उकसा रहे थे।

## क्या हमारे फैसले ....

के बीच राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने अमेरिका को ये सब कैसे करने दिया। राहुल ने कहा कि आप खुद कहते हैं कि एनर्जी और फाइनेंस वेपनाइज़ेशन है, और आपने अमेरिकियों को हमारे फाइनेंस और हमारी एनर्जी को हमारे खिलाफ हथियार बनाने की इजाज़त दी है। इसका क्या मतलब है जब अमेरिका कहता है कि आप इसे नहीं खरीद सकते। किसी खास देश से तेल नहीं खरीद सकते तो इसका मतलब है कि हमारी एनर्जी वेपनाइज़्ड है। इसका क्या मतलब है जब वे कहते हैं, आपके टैरिफ कम हो जाएंगे। हमारे टैरिफ कम हो जाएंगे और आपके बढ़ जाएंगे।

## 3 से 4 बार ही ....

थोड़ा अवगत रहने को कहा और कहा- थोड़ा सा पढ़ लिख लो। राहुल गांधी का दावा है कि उनके पास पूरे पुख्ता सबूत हैं।

## देवास के भाजपा....

प्रसन्न बहरावत ने शिकायत दर्ज कराई थी कि गाड़ी निकालने को लेकर भाजपा नेता पंकज धारू और उनके साथियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इस शिकायत के आधार पर पंकज धारू, भीम धारू और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद बुधवार दोपहर को जिला प्रशासन ने भी सख्त कार्रवाई की। प्रशासनिक टीम ने बाईपास क्षेत्र में शासकीय भूमि पर बने आरोपी के पोल्ट्री फार्म और घर के पास बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जे को हटाया। तहसीलदार सपना शर्मा ने बताया कि संबंधित व्यक्ति ने कांकड़ की सरकारी जमीन पर पोल्ट्री फार्म सहित अन्य अवैध निर्माण किए थे। कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया था, जिसके कारण यह कार्रवाई की गई। पुलिस और प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध निर्माणों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। नाहर दरवाजा थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि जय श्रीनगर में गाड़ी निकालने की बात पर आरोपी पंकज धारू और भीम धारू सहित एक अन्य ने विवाद किया था। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है बाकी की तलाश जारी है।

## बुजुर्ग दंपती समेत ...

अस्पताल रेफर किया गया है। घटना रात करीब 1:30 बजे की है। जानकारी के मुताबिक पहले बोलेरो और बाइक की टक्कर हुई। इसी बीच सामने से आ रही टवेरा में अनियंत्रित बोलेरो से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारें आगे से क्षतिग्रस्त हो गईं। थाना प्रभारी विजय सनस ने बताया कि दो कार और बाइक की टक्कर में बाइक सवार पति-पत्नी और एक कार में सवार व्यक्ति की मौत हुई है। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान बाइक सवार हरगोविंद दुबे (60) और उनकी पत्नी गायत्री दुबे (50) निवासी पौड़ी के रूप में हुई है। वे सायखेड़ा से एक विवाह समारोह से लौट रहे थे। वहीं, तीसरा मृतक शिवांस पटेल (17) निवासी निभौरा है, जो बोलेरो में सवार था। बोलेरो सवार लोग भी गाडरवाड़ा से शादी समारोह से वापस आ रहे थे।

## महाकाल स्मृति उपहार....

डॉ. यादव ने विंध्य हर्बल के प्राकृतिक रंग-गुलाल, महाकाल स्मृति उपहार किट एवं 'महाकाल वन प्रसादम' का शुभारंभ किया। वन विभाग ने प्राकृतिक रूप से महाकाल वन प्रसादम तैयार किया है। जो आकर्षण का केंद्र है। इसमें काष्ठ से बने गमले में एक पौधा लगाया गया है। यह गमला महाकाल को भेंट स्वरूप दिया जाएगा। वापस मिलने पर इसे किसी भी जगह पर सीधे रोपित कर दिया जाएगा। काष्ठ गलकर खाद बन जाएगा और पौधा बिना किसी बाधा के बढ़ता रहेगा।

## शिवपुरी में छत ....

के हार, 4 सोने की चेन, पुरानी सोने की मोहरें और करीब दो किलो चांदी के जेवरात ले गए। बताया गया है कि करीब 50-60 तोला सोना नया था, जबकि लगभग 50 तोला सोना पुश्तैनी था, जिसे एक ही स्थान पर रखा गया था। आशीष रघुवंशी ने बताया कि उन्होंने हाल ही में मक्का बेचकर 15 लाख रुपए घर में रखे थे। इसके अलावा करीब 5 लाख रुपए पहले से घर में मौजूद थे। इस तरह चोर कुल 20 लाख रुपए नकद भी अपने साथ ले गए। चंद्रप्रकाश रघुवंशी के तीन बेटे हैं- देवेंद्र, महेंद्र और विशाल। तीनों ही विवाहित हैं और उनके बच्चे हैं। देवेंद्र गुना में पटवारी हैं। इसी कारण तीनों भाइयों की पत्नियां और बच्चे पढ़ाई के लिए गुना में रहते हैं। वहीं महेंद्र और विशाल गांव में अपने पिता चंद्रप्रकाश रघुवंशी, माता तथा दादा-दादी के साथ रहते हैं। परिवार के पास कुल 130 बीघा उपजाऊ कृषि भूमि है।

## अब आएगा नया...

में से करीब 45,000 किलोमीटर पर टोल वसूला जाता है। देशभर में 1,000 से अधिक टोल प्लाजा हैं, जहां अक्सर लंबी कतारें लग जाती हैं। खासकर तब जब वाहन में फास्टैग न हो या उसका खाता निष्क्रिय या ब्लॉक हो, तो यात्रियों को अधिक इंतजार करना पड़ता है। मंत्रालय के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नई कैमरा-आधारित प्रणाली लागू होने के बाद भी फास्टैग की आवश्यकता बनी रहेगी।

## फास्टैग सक्रिय और...

वसूली को अधिक तेज और बाधारहित बनाने के लिए जोड़ी जा रही है। नई व्यवस्था से टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत कम होगी, लंबी कतारों में कमी आएगी और यात्रा समय घटेगा। हालांकि फास्टैग फिलहाल अनिवार्य बना रहेगा, इसलिए वाहन चालकों को अपना फास्टैग सक्रिय और रिचार्ज रखना जरूरी होगा।

# न्यू लाइफ डायग्नोस्टिक सेंटर की पीसीपीएनडीटी मान्यता निरस्त

### खाली फॉर्म पर साइन करने पर डॉ. ईशांत जाटव को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीसीपीएनडीटी एक्ट जिला सलाहकार समिति बैठक बुधवार को सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 43 अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटर्स के आवेदनों पर चर्चा कर कार्रवाई गई। डॉ. शर्मा ने एयरपोर्ट रोड के न्यू लाइफ डायग्नोस्टिक सेंटर की पीसीपीएनडीटी मान्यता निरस्त की है। निरीक्षण दल को इस केंद्र में रिक्त एफ फॉर्म में डॉ. ईशांत जाटव के सील साइन मिले थे। साथ ही एएनसी फॉर्म और एफ फॉर्म भी अपूर्ण भरे मिले, जो कि एक्ट का स्पष्ट उल्लंघन है। इस मामले में डॉ ईशांत जाटव को भी नोटिस जारी किया गया है। साथ ही आगामी आदेश तक उनके द्वारा सोनोग्राफी करना प्रतिबंधित किया गया है।

**CHANGE OF NAME**

It is for general information that I **Shuddhatma Jain S/O Devendra jain**, R/O Ward 15, Mahatma gandhi marg, Shujalpur Mandi, Shajapur, Madhya Pradesh, 465333, declare that name of mine has been wrongly written as **Jain Shuddhatma DeepakKumar** in my 10th Class educational documents and name of my father has been wrongly written as **Deepak Kumar Jain** in 12th class and all educational documents. The actual name of mine and my father are **SHUDDHATMA JAIN and DEVENDRA JAIN**, respectively which may be amended accordingly.

# जरूरतमंदों को कपड़े, कंबल, हेलमेट वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सार्थक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा झील नगर, सेवा बस्ती, अयोध्या बायपास में जरूरतमंद परिवारों के लिए कपड़े, बिस्किट, टॉफी एवं चॉकलेट तथा माताओं को गर्म कंबलों का वितरण किया गया। वहीं उन माताओं को, जो स्वयं वाहन चलाती हैं, सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेलमेट भी भेंट किए गए।इस अवसर पर सोसाइटी अध्यक्ष दीपाली तिवारी, उपाध्यक्ष श्रद्धा दुबे, प्रेरणा शर्मा, वंदना मेघानी



श्वेता छेनिया, मीरा तिवारी एवं संरक्षक दीपक दुबे उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाना और सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देना है।

**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**

State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, marketing@mpsedc.com, Ph. : 0755-2518300

**NOTICE INVITING TENDER'S (NIT)**

MPSEDC invites online proposals for following bids on GeM Portal:

| S.No. | Bid No./Tender No. | NIT |
|---|---|---|
| 1 | GEM/2026/ B/7128694 | Cyber Security Audit - Security and Compliance Audit |
| 2 | GEM/2026/ B/7075967 | Hiring of Agency for IT Projects- Milestone basis |

For detail scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on GeM Portal.
M.P. Madhyam/124431/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**

# कट्टा अड़ाकर इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी से 7 लाख की लूट

### दमोह में 3 बदमाशों ने बाइक को टक्कर मारकर पैसे से भरा बैग छीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दमोह सागर रोड पर देहात थाना क्षेत्र के परसौरिया गांव के पास मंगलवार रात एक इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी से 7 लाख रुपए की लूट हो गई। तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने कट्टा अड़ाकर इस वारदात को अंजाम दिया। घायल व्यापारी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमोह में किसान भवन के सामने दुकान चलाने वाले व्यापारी राजा सिंधी उर्फ राजकुमार नागदेव गढ़ाकोटा में वसूली के लिए गए थे। सागर नाका चौकी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। गौरतलब है कि व्यापारी पर पहले भी हमला हो चुका है।

**आरोपियों ने कट्टा अड़ाकर बैग छीना:** गढ़ाकोटा से कुछ ही दूरी पर परसौरिया गांव के समीप एक बाइक पर आए तीन बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से व्यापारी नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद, आरोपियों ने कट्टा अड़ाकर उनसे 7 लाख रुपए से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

विदिशा शाखा
विदिशा

**अनुच्छेद - IV { नियम-8 (1) } कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)**

यथतः इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी की हैसियत से सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 की धारा 13 (12) के नियम 3 के साथ प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग करते हुए खातों के सम्मुख अंकित दिनांक को देनदारों तथा जमानतदारों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसमें उन्हें नोटिस में अंकित राशि एवं उस पर ब्याज की राशि को नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने हेतु निर्देशित किया गया है।
उधारकर्ता/जमानतदार/संपत्ति मालिक ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/ संपत्ति मालिकों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्न वर्णित दिनांक को ले लिया है। उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/संपत्ति मालिकों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **इंडियन बैंक, विदिशा शाखा, विदिशा** के अधीन होगा।
ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी /जमानतदार/ का नाम | चल / अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|
| **1. मेसर्स वंशिका एचडीपीई स्प्रिंकलर पाइप एण्ड मिनी स्प्रिंकलर** (ऋणी) एस नंबर-28/1/1, पी एच नंबर-77, गांव- रुसल्ला, मेन गेट के अंदर, जिला - विदिशा म.प्र.-464001 **2. श्रीमती चंचल राजपूत पत्नि गणेश प्रताप राजपूत (प्रोपराइटर/बंधककर्ता)**, मकान नंबर-133, गिरधर कॉलोनी, विदिशा म.प्र.-464001 **3. श्री गणेश प्रताप राजपूत पुत्र श्री रवीन्द्र सिंह राजपूत (जमानतदार)**, मकान नंबर-133, गिरधर कॉलोनी, विदिशा म.प्र.-464001 | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित कमर्शियल भूमि एवं भवन संपत्ति स्थित प.ह.नं. 77, सर्वे खसरा नं. 28/1/1 (पुराना सर्वे खसरा नं. 28) क्षेत्रफल- 6000 वर्गफिट / 557.62 वर्गमीटर, ग्राम रुसल्ला, मेन रोड के अन्दर, तहसील विदिशा नगर, जिला- विदिशा (म.प्र.) पिन- 464114, संपत्ति मालिक- श्रीमती चंचल राजपूत पत्नि श्री गणेश प्रताप राजपूत चर्तुसीमाएं: (वास्तविक के अनुसार): पूर्व- खसरा संख्या 29/4/2/2 की भूमि (सृष्टि और शिव सिंह राजपूत), पश्चिम- सड़क, उत्तर- सुनील कुमार का प्लाट, दक्षिण- खसरा नं. 31/3 की भूमि। (राहुल सिंह) | 21-11-2025 / 09.02.2026 / बकाया राशि ₹ 56,69,253/- + ब्याज एवं अन्य खर्च |

स्थान : विदिशा, दिनांक : 09/02/2026 प्राधिकृत अधिकारी, (इंडियन बैंक)

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

Ratnawala
SAMAY SE PAHLE KISMAT SE JYADA
रत्नवाला
141- Malviya Nagar, City Trade Center
Bhopal. 89 89 678-678

हरिभूमि भोपाल बाजार विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

WE PROVIDE THE BEST SOLAR ENERGY
HERRY UP! Na 2 Lakh Mein.. Na 1.5 Lakh Mein..
BEST OFFER
BRANDS we deal with! TATA POWER SOLAROOF, WAAREE, adani Solar, ECE INDIA
Sirf ₹72,000 Mein! 3.3 kW Solar Lagaye Bachat ka Naya Tareeka!
Contact us 99932-41867, 73549-99281
Aura Mall, Bhopal, 462010
228, Dwarkadhish Colony Indore (M.P.) 452005

**नाम परिवर्तन**

मै. रामू चौरे पिता हरिराम चौरे जाति किराड़ निवासी राजीव गांधी वार्ड मुलताई तहसील मुलताई जिला बैतूल म.प्र. यह कि मैं भारतीय थल सेना में सिपाही के पद पर पदस्थ होकर आर्मी नम्बर 14684853N है। यह कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री गौरी चौरे का नाम त्रुटीवश GOWRI दर्ज है जबकि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड तथा शालेय दस्तावेजो में उसका नाम GAURI CHOURE दर्ज है। इस कारण मैं मेरे सर्विस रिकार्ड मे दर्ज मेरी पुत्री का नाम GOWRI के स्थान पर GAURI CHOURE करवाना चाहता हूँ जिस हेतु यह प्रकाशित कर रहा हूँ।


हरिभूमि आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330
R- 22/01/25 to13/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026

## शब्द पहेली - 6136



**बाएँ से दाए**

1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव (उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 6135 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6146

★★★✩✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6145 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

# पतंजलि शहद पर किया गया शोध, अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल में प्रकाशित

## पतंजलि जो कहता है, वही करता है और यह एक शाश्वत सत्य है : बालकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि अपने प्रत्येक उत्पाद में गुणवत्ता, शुद्धता और उपभोक्ता सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस प्रतिबद्धता को एक और सशक्त वैज्ञानिक मान्यता उस समय मिली, जब पतंजलि शहद पर किया गया विस्तृत शोध विश्वप्रसिद्ध एल्सेवियर प्रकाशन के प्रतिष्ठित रिसर्च जर्नल अप्लाई फ़ूड रिसर्च में प्रकाशित हुआ। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि जो कहता है, वही करता है और यह एक शाश्वत सत्य है।

पतंजलि का उद्देश्य है इस देश को मिलावट के जहर से बचाना और पतंजलि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सदा ही समर्पित है। उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य उत्पादों को लेकर लंबे समय से वैश्विक मंच पर संदेह की दृष्टि से देखा जाता रहा है, किंतु अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित इस शोध द्वारा यह सिद्ध हुआ है कि भारत में भी विश्वस्तरीय अनुसंधान संभव है। यह उपलब्धि न केवल पतंजलि के लिए, बल्कि समूचे भारतीय एफएमसीजी उद्योग के लिए गर्व का विषय है।



पतंजलि के प्रत्येक उत्पाद गुणवत्ता, शुद्धतायुक्त

### पतंजलि शहद के 25 विभिन्न बैचों का व्यापक परीक्षण : डॉ. अनुराग

इस अवसर पर पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि इस शोध में, पतंजलि शहद के 25 विभिन्न बैचों का उन्नत वैज्ञानिक तकनीकों, एचपीएलसी एचपीएलटीसी और युएचपीएलसी के माध्यम से व्यापक परीक्षण किया गया। शोध के निष्कर्षों के अनुसार सभी बैच एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित खाद्य सुरक्षा एवं मानकों पर पूर्णतः खरे उतरे तथा बैच-टू-बैच गुणवत्ता में उल्लेखनीय एकरूपता पाई गई। डॉ. वार्ष्णेय ने कहा कि उपभोक्ता को सुरक्षित और शुद्ध उत्पाद उपलब्ध कराना पतंजलि का सर्वोच्च लक्ष्य है, और इसी उद्देश्य कि पूर्ति के लिए संस्थान वैश्विक परीक्षण मानकों को अपनाता है।

### *प्रमाणित हुआ कि पतंजलि शहद में कोई भी अवांछित रासायनिक अवशेष नहीं*

*उन्होंने बताया कि अध्ययन के दौरान यह भी प्रमाणित हुआ कि पतंजलि शहद में किसी प्रकार की बाहरी शर्करा, सिंथेटिक सिरप या अवांछित रासायनिक अवशेष नहीं पाए गए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि पतंजलि की आपूर्ति श्रृंखला, कच्चे माल की सोर्सिंग से लेकर अंतिम पैकेजिंग तक, कठोर गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं से गुजरती है। यह शोध इस बात का प्रमाण है कि पतंजलि शहद गुणवत्ता, शुद्धता और वैज्ञानिक प्रमाणिकता के वैश्विक मानकों पर पूरी तरह खरा उतरता है।*

---

## विश्वविद्यालय ने करीब 92.5 फीसदी का ओवर ऑल प्लेसमेंट दर्ज किया

# कीट डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का 2025 बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट में वर्चस्व कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर

वैश्विक स्तर पर चुनौतीपूर्ण जॉब मार्केट के बावजूद, कीट डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने 2025 बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट में एक बार फिर अपनी शान और वर्चस्व बरकरार रखी है। विश्वविद्यालय ने करीब 92.5 प्रतिशत का ओवरऑल प्लेसमेंट दर्ज किया है, जो इसे देश के शीर्ष प्लेसमेंट देने वाले संस्थानों में शामिल करता है। 2025 के प्लेसमेंट सीजन के दौरान 757 से अधिक कंपनियां कीट कैंपस पहुंचीं।

करीब 5,000 योग्य छात्रों में से लगभग 4,621 छात्र / छात्रा को जॉब ऑफर्स विभिन्न स्कूलों और विषयों में प्रस्तुत किये गए। कीट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी रहा सबसे आगे- प्लेसमेंट ड्राइव में कीट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने सबसे शानदार प्रदर्शन किया। यहां के 451 छात्रों को मिला 3,800 शीर्ष कंपनीज से जॉब ऑफर्स मिले। औसत पैकेज 8.5 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा, जबकि 739 छात्रों को कई अन्य ऑफर्स मिले। इस दौरान 1,500 से अधिक 'ड्रीम ऑफर्स' (उच्च पैकेज वाले) दिए गए और 59 कंपनियों ने 10 एलपीए या उससे अधिक का पैकेज ऑफर किया।

### *5,000 योग्य छात्रों में से करीब 4,621 छात्र-छात्राओं को जॉब ऑफर्स*


यूनिवर्सिटी परिसर

### सबसे अधिक 51 एलपीए का पैकेज माइक्रोसॉफ्ट ने दिया

सबसे अधिक 51 एलपीए का पैकेज माइक्रोसॉफ्ट ने दिया। वहीं मास रिक्रूटर्स में टीसीएस (530 ऑफर्स) और विप्रो (342 ऑफर्स) ने बड़ी संख्या में शामिल है। इसके अलावा, 1,209 पेड इंटर्नशिप्स भी ऑफर की गईं, जिससे छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही इंडस्ट्री में मौजूद दिग्गजों के साथ काम करने और सिखने का अवसर मिलेगा। एनवीडिया टॉप हाई-पेइंग रिक्रूटर्स में शामिल- कीट में 2025 प्लेसमेंट का एक बड़ा आकर्षण एनवीडिया भी रहा। जिसने 36.28 एलपीए का पैकेज ऑफर किया है। एनवीडिया की भागीदारी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटिंग और एडवांस्ड इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में कीट की बढ़ती साख को बल मिला है। ह्यूमन रेसोसिए और पेपल जैसी कंपनियों ने भी 30 एलपीए से अधिक के पैकेज ऑफर किए।

### 161 कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिससे एमबीए स्टूडेंट्स को 401 जॉब ऑफर मिले

कीट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में 161 कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिससे एमबीए स्टूडेंट्स को 401 जॉब ऑफर मिले। सबसे ज़्यादा पैकेज 20 लाख रुपये सालाना (एलपीए) था, और एवरेज पैकेज 7.25 लाख रुपये सालाना था। कीट स्कूल ऑफ रूरल मैनेजमेंट ने एक बार फिर 100 परसेंट प्लेसमेंट हासिल किया, और अपना लगातार रिकॉर्ड बनाए रखा। कुल मिलाकर, 51 कंपनियों ने स्टूडेंट्स को नौकरी दी, जिसमें सबसे ज्यादा पैकेज 20.71 लाख रुपये सालाना और एवरेज 5.75 लाख रुपये सालाना था।

### हम छात्रों को सिर्फ पहली नौकरी नहीं, कॅरियर के लिए तैयार करते हैं : डॉ. सामंत

कीट और कीस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने कहा कि लगातार बेहतर प्लेसमेंट प्रदर्शन विश्वविद्यालय की गुणवत्ता आधारित शिक्षा और इंडस्ट्री-फोकस्ड अप्रोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कीट में हमारा लक्ष्य छात्रों को केवल पहले नौकरी के लिए नहीं, बल्कि टिकाऊ करियर के लिए तैयार करना है। वैश्विक कंपनियों का लगातार हम पे भरोसा यह साबित करता है कि हमारे छात्र इंडस्ट्री-रेडी हैं।

---

## ओटीपी डिटेक्ट होते ही तुरंत 'फ्रॉड अलर्ट' के जरिए ग्राहक को देता है चेतावनी

# 'ओटीपी लीक से होने वाले फ्रॉड' रोकने एयरटेल ने लांच किया नया एआई-आधारित सुरक्षा फीचर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयरटेल ने स्पैम की समस्या से निपटने के अपने लगातार प्रयासों के तहत आज अपना नया एआई-पावर्ड फ्रॉड अलर्ट सिस्टम लांच किया है। यह फीचर ग्राहकों को ओटीपी (वन-टाइम पासवर्ड) से जुड़े बैंकिंग फ्रॉड से रियल-टाइम में सुरक्षित रखने में मदद करेगा। एयरटेल का नया एआई-पावर्ड सिस्टम ऐसी संदिग्ध परिस्थितियों की पहचान कर ग्राहकों को समय रहते सचेत करता है।

जब किसी संभावित जोखिम भरी इनकमिंग कॉल के दौरान बैंक द्वारा भेजा गया ओटीपी डिटेक्ट होता है, तो एयरटेल तुरंत 'फ्रॉड अलर्ट' के जरिए ग्राहक को चेतावनी देता है कि कॉल पर रहते हुए बैंकिंग ट्रांजैक्शन का ओटीपी साझा करना जोखिम भरा हो सकता है। एआई की इंटेलिजेंस और मानवीय सूझबूझ का यह प्रभावी संयोजन ग्राहकों को सोचने, परखने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक समय देता है, जिससे स्कैमर्स द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सुरक्षा अंतर को प्रभावी रूप से बंद किया जा सके। एयरटेल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शाश्वत शर्मा ने कहा कि हम एयरटेल को एक सुरक्षित नेटवर्क बनाने के मिशन पर काम कर रहे हैं। इस दौरान हमने महसूस किया है कि डिजिटल लेन-देन को सुरक्षित रखने में ओटीपी की अहम भूमिका होने के बावजूद, अपराधी अलग-अलग तरीकों से इसकी उपयोगिता को कमजोर कर रहे हैं। इसी को देखते हुए हमें एयरटेल के नेटवर्क स्तर पर एक महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जिसे बैंकिंग फ्रॉड से सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए तैयार किया गया है।

### नया एआई-पावर्ड और स्वतः संचालित होने के नेटवर्क स्तर पर करता है सक्रिय रूप से काम

नया एआई-पावर्ड और स्वतः संचालित समाधान नेटवर्क स्तर पर पहले से सक्रिय रूप से काम करता है और रियल-टाइम में धोखाधड़ी की पहचान कर उसे रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है। व्यापक परीक्षणों में इस समाधान ने ऐसे स्कैम्स को रोकने में उच्च स्तर की सटीकता और प्रभावशीलता दिखाई है। पिछले दो वर्षों में एयरटेल ने एआई-आधारित कई सुरक्षा उपाय शुरू किए हैं, जैसे स्पैम कॉल अलर्ट और खतरनाक लिंक को ब्लॉक करना, ताकि फ्रॉड को शुरुआत में ही रोका जा सके।

---

## खबर संक्षेप

### ओप्पो ने भारत में के14एक्स 5जी लांच किया

**नई दिल्ली।** ओप्पो इंडिया ने भारत में ओप्पो के 14एक्स 5जी के लांच के साथ अपनी के-सीरीज की मजबूत विरासत को आगे बढ़ाया। यह स्मार्टफोन पॉवर, परफॉर्मेंस और स्मूथनेस के लिए डिज़ाईन किया गया है। यह ओप्पो के पूरा दिन बेफिक्र उपयोग के वादे के साथ आता है। ओप्पो के14एक्स 5जी के 4जीबी,128जीबी वैरिएंट का मूल्य 14,999 रुपरुपए और 6जीबी और 128जीबी वैरिएंट का मूल्य 16,999 रुपए है। यह 16 फरवरी 2026, दोपहर 12 बजे से ओप्पो ई-स्टोर और फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होगा।




### दिलीप बिल्डकॉन का मुनाफा बढ़ा

**नई दिल्ली।** दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त हुई तिमाही और नौ महीनों के लिए वित्तीय परिणाम की घोषणा की। वित्त वर्ष '26 की तीसरी तिमाही में कंपनी की आय 2,138 करोड़ रुपए, एबिट्डा 382 करोड़ रुपए रहा। जबकि कर पश्चात मुनाफा 789 करोड़ दर्ज हुआ। यह मुख्य रूप से इस तिमाही में 585 करोड़ रुपए के एक बार के फायदे की वजह से हुआ। 31 दिसंबर 2025 को खत्म हुए नौ महीनों के लिए कंपनी ने परिचालन से 6,684 करोड़ रुपए की समेकित आय दर्ज की, एबिट्डा 1,373 करोड़, शुद्ध लाभ 1,275 करोड़ रुपए रहा।

### अमेजन ने बचत के साथ दी तेज डिलीवरी

**बेंगलुरु।** अमेजन ने घोषणा की कि 2025 प्राइम सदस्यों के लिए अब तक का सबसे तेज डिलीवरी वाला साल रहा। इस दौरान 55 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स की डिलीवरी उसी दिन या अगले दिन की गई, जो साल-दर-साल आधार पर 40 फीसदी की बढ़ोतरी है। भारत में प्राइम सदस्यों ने 2025 में औसतन अपनी सालाना प्राइम मेंबरशिप की कीमत से दो गुना से अधिक की बचत की। प्राइम देशभर के ग्राहकों को कितना ज्यादा फायदा देता है। प्राइम के टॉप 10फीसदी सदस्यों ने अपनी मेंबरशिप फीस से आठ गुना से ज्यादा की बचत की।

---

## बिजनेस न्यूज

### सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने उत्साह के साथ मनाया अपना 59वां फाउंडेशन-डे

**भोपाल।** सैम ग्रुप ने सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में अपना 59वां फाउंडेशन डे पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया। यह सैम ग्रुप के स्वर्गीय फाउंडर चेयरमैन श्री आई.एस. सलूजा की 86वीं जयंती पर मनाया गया। फाउंडेशन डे के तौर पर मनाया गया सैम-अर्थ 2026 - टेक-फेस्ट, स्पोर्ट्स और कल्चरल इवेंट्स का मेल में सैम ग्रुप के सभी 3 कैंपस के सभी इंस्टीट्यूशन्स से 3000 से ज्यादा पार्टिसिपेंट्स ने हिस्सा लिया। इस 10 दिन के इवेंट में टेक्निकल फेस्ट में मॉडल प्रेजेंटेशन, पोस्टर मेकिंग, टेक्निकल रंगोली, रोबो-रेस आदि शामिल थे। सैम खेलोत्सव में टीमों के बीच कड़ा मुकाबला था, जिसमें टर्फ क्रिकेट, टग-ऑफ-वॉर, खो-खो, हेप्टाथलॉन और डिस्कस थ्रो, जेवलिन और शॉट-पुट जैसे इंडिविजुअल ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स शामिल थे। सैम गॉट टैलेंट, सैमियंस के बीच एक वार्षिक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता थी, जिसमें सोलो और ग्रुप डांस, बीट बॉक्सिंग, गायन, स्टैंड-अप कॉमेडी और अन्य श्रेणियों में भी प्रतिभागियों ने भाग लिया था। विजेताओं को समारोह के मुख्य अतिथि, आलोक शर्मा,सांसद, लोकसभा और विशिष्ट अतिथि, डॉ.केके शुक्ला, निदेशक, मैनिट द्वारा सम्मानित किया गया। सांसद ने सैम ग्रुप के अध्यक्ष डॉ.हरप्रीत सिंह सलूजा के प्रयासों की प्रशंसा की और कहाकि कड़ी मेहनत करके इन्होंने सैम को एक छोटे स्कूल से सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी के रूप में एक ग्लोबल यूनिवर्सिटी में बदल दिया।




### कॅरियर कॉलेज में मना बीबीए और बी.कॉम के विद्यार्थियों के लिए प्रबंधन दिवस

**भोपाल।** कॅरियर कॉलेज (स्वायत्त) के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा बीबीए और बी.कॉम के विद्यार्थियों के लिए प्रबंधन दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इसका उद्देश्य प्रबंधकीय कौशल, रचनात्मकता और उद्यमशील सोच को विकसित करना था। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को विभिन्न रोचक और नवाचारपूर्ण गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच प्रदान किया। पूरे परिसर में ऊर्जा और उत्साह का वातावरण था, जहां विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता और रणनीतिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में रोडीज शामिल था, जिसमें शारीरिक सहनशक्ति और समस्या-समाधान क्षमता की परीक्षा ली गई, तथा फ्लोरल ब्रांड रंगोली, जिसमें विद्यार्थियों ने फूलों के माध्यम से ब्रांड थीम को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। आर3 प्रतियोगिता ने अपशिष्ट सामग्री को उपयोगी उत्पादों में बदलकर सतत विकास को प्रोत्साहित किया। शार्क टैंक गतिविधि में प्रतिभागियों ने निर्णायकों के समक्ष अपने व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए, जिससे उद्यमशील कौशल का विकास हुआ, वहीं मिस्ट्री बॉक्स चुनौती ने रचनात्मकता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ावा दिया। इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों के प्रबंधन संबंधी व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास, नवाचार क्षमता और टीम भावना को भी बढ़ाया, जिससे यह सभी के लिए एक यादगार और ज्ञानवर्धक अनुभव बना। इस कार्यक्रम में लगभग 335 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



### अजीम प्रेमजी विवि में स्नातकोत्तर प्रोग्राम्स के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**भोपाल** । अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय अगले शैक्षणिक सत्र के लिए अपने स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। ये कार्यक्रम बेंगलूरु, भोपाल और रांची के कैंपसेस में होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 22 फरवरी 2026 तक अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय डेवलपमेंट, एजुकेशन, अर्ली चाइल्डहुड केअर एंड एजुकेशन, इकॉनॉमिक्स, अप्लाइड अप्लाइड इकोनॉमिक्स, पब्लिक हेल्थ के साथ-साथ क्लाइमेट चेंज एण्ड सस्टेनेब्लिटी में पोस्ट-ग्रेजुएशन यानी स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहा है। आवेदन की अंतिम तिथि 22 फरवरी 2026 है। इन कार्यक्रमों के लिए कई विषयों से स्नातक पास करने वाले विद्यार्थियों आवेदन कर सकते हैं। ये कार्यक्रम ख़ास तौर पर शिक्षा, विकास कार्य, अर्थशास्त्र, सार्वजनिक स्वास्थ्य, जलवायु से जुड़े कामों जैसे क्षेत्रों में कॅरियर बनाने की चाहत रखने वाले विद्यार्थियों के लिए बेहद फ़ायदेमंद हैं।




### होंडा ने 5.74 लाख यूनिट बिक्री के साथ दर्ज की मजबूत वृद्धि

**गुरुग्राम** । होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने जनवरी 2026 में कुल 5,74,411 यूनिट की बिक्री दर्ज की। इसमें 5,19,579 यूनिट की घरेलू बिक्री और 54,832 यूनिट का निर्यात शामिल है। जनवरी 2025 की तुलना में एचएमएसआई ने 29 फीसदी की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की है। यह प्रदर्शन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में एचएमएसआई के उत्पाद पोर्टफोलियो की मजबूत मांग को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2026 अवधि के दौरान, एचएमएसआई की कुल बिक्री 52,53,205 यूनिट रही। इसमें 47,23,979 यूनिट की घरेलू बिक्री और 5,29,226 यूनिट का निर्यात शामिल है। सभी के लिए सुरक्षा के अपने विज़न के अनुरूप, एचएमएसआई ने जनवरी 2026 के दौरान देशभर में अहमदनगर, अलीबाग, बल्लभगढ़, भुवनेश्वर, दौसा, गुवाहाटी, ग्वालियर, होसपेटे, काकीनाडा, कासरगोड, कुरुक्षेत्र, रायपुर और सूरत सहित कई स्थानों पर सड़क सुरक्षा अभियान आयोजित किए। इन अभियानों का उद्देश्य जिम्मेदार राइडिंग को बढ़ावा देना और सामुदायिक जागरूकता के माध्यम से सभी के लिए सुरक्षित सड़कें सुनिश्चित करना था।

---

### 3000 से अधिक स्कूलों में एआई के लिए स्मार्टेल एआई और भारत क्लाउड ने की पार्टनरशिप

**नई दिल्ली।** भारत क्लाउड ने एजुकेशन में सुरक्षित, स्केलेबल और डेटा-सॉवरेन एआई को अपनाने में तेजी लाने के लिए, एशिया की पहली एआई -पावर्ड ग्रेडिंग कंपनी, स्मार्टेल एआई के साथ पार्टनरशिप की घोषणा की। इस सहयोग का मकसद 2026 तक भारत के 3000 से अधिक स्कूलों और यूनिवर्सिटी में एआई -लेड ट्रांसफॉर्मेशन को सपोर्ट करना है, जिसमें इंस्टीट्यूशनल तैयारी और एकेडमिक फ्रेमवर्क के हिसाब से फेज में रोलआउट किए जाएंगे। साथ मिलकर, कंपनियां एजुकेशन इंस्टीट्यूशन को डेटा सिक्योरिटी, कम्प्लायंस या पेडागॉजिकल इंटीग्रिटी से समझौता किए बिना, ज़िम्मेदारी से एआई डिप्लॉय करने में मदद कर रही हैं। भारत क्लाउड के सॉल्यूशंस का इस्तेमाल करके स्मार्टेल ने प्लेटफॉर्म परफॉर्मेंस और एफिशिएंसी को बेहतर बनाया है, अब यह हर महीने लगभग 97 फीसदी एक्यूरेसी के साथ 3 मिलियन से ज्यादा मार्क्स की ग्रेडिंग करता है। क्वेश्चन पेपर जेनरेशन में 17 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, सीबीएसई, आईसीएसई, आईजीसीएसई, आईबी, कैम्ब्रिज और स्टेट बोर्ड के करिकुलम में हर महीने 500 से अधिक पेपर बनाए जाते हैं। सुरक्षित, अपग्रेडेड नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर सुरक्षित डेटा स्टोरेज और रिट्रीवल पक्का करता है, जिसे कॉम्पिटिटिव प्राइसिंग देने वाले कॉस्ट-ऑप्टिमाइज़्ड क्लाउड आर्किटेक्चर से सपोर्ट मिलता है।

## वेदांता ग्रुप चेयरमैन अनिल अग्रवाल बोले

# भारत को तेल और गैस में करीब 2 हजार एक्सप्लोरेशन लाइसेंस की आवश्यकता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तेजी से बदलते और अस्थिर होते भू-राजनीतिक परिदृश्य में, ऊर्जा आत्मनिर्भरता भारत के लिए एक रणनीतिक आवश्यकता बन गई है। वेदांता ग्रुप चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने अपने हालिया ट्वीट में कहा कि भारत इसलिए असुरक्षित है क्योंकि हम अपने तेल और गैस की 90 फीसदी जरूरत आयात करते हैं, जबकि देश तीन ओर से समुद्र से घिरा हुआ है, जिसे "विरोधी परिस्थितियों में अवरुद्ध किया जा सकता है। ऐसे समय में, जब भारत अगले कम से कम दो दशकों तक दुनिया का सबसे तेज़ी से बढ़ता तेल और गैस बाजार बना रहेगा, घरेलू उत्पादन अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है।

भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी जमीन के नीचे है। देश के पास 300 बिलियन बैरल समतुल्य हाइड्रोकार्बन संसाधन हैं, जो गुयाना की संभावनाओं से 30 गुना से भी अधिक हैं। इसके साथ ही भारत की वैश्विक प्रतिभा भी उल्लेखनीय है दुनिया भर में इस उद्योग के 10 फीसदी विशेषज्ञ भारतीय हैं। हालांकि सबसे बड़ी कमी बड़े पैमाने पर एक्सप्लोरेशन की है। अग्रवाल जोर देते हैं,एक्सप्लोरेशन इस व्यवसाय का मूल है और अमेरिका का उदाहरण देते हैं, जहां उद्यमियों के लिए एक्सप्लोरेशन खोलने से देश आयात-निर्भरता से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा।


अनिल अग्रवाल

परिशिष्ट B - संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
आरसीएस बी/35 /2024
बैंक ऑफ महाराष्ट्र बनाम राजू कुशवाहा
NEXT DATE: 17-03-2026
प्रेषिती-
(1) **कौशल किशोर श्रीवास्तव शिव कुमार श्रीवास्तव,** पता - 5/42 सर्वजन कल्याण समिति, अकबरपुर कोलार रोड भोपाल म0प्र0
(2) **उषा श्रीवास्तव कौशल किशोर श्रीवास्तव** पता - 5/42 सर्वजन कल्याण समिति, अकबरपुर कोलार रोड भोपाल म0प्र0
(3) **मेसर्स जे.के. इन्फ्राकॉन, बिल्डर्स एण्ड डेवेलपर्स द्वारा पार्टनर रमेश कुशवाहा,** पता- ई.एम. 373, हाउसिंग बोर्ड कालोनी नेहरू नगर, भोपाल म.प्र.
यह कि प्रार्थी बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आपके विरुद्ध आरसीएस बी/35/2024 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 20-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा — न्यायाधीश
श्रीमती मेघा अग्रवाल
पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड

### स्टेलैंटिस और टाटा की साझेदारी के 20 साल पूरे

**पुणे।** स्टेलैंटिस और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने अपने 50:50 संयुक्त उद्यम, फिएट इंडिया ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से सफल साझेदारी के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस अवसर पर दोनों कंपनियों ने एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य भारत और विदेशों में मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग और सप्लाई चेन के क्षेत्रों में आगे सहयोग के अवसर तलाशने है। इस सफल साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए और स्टेलैंटिस की वैश्विक विशेषज्ञता तथा टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की गहन स्थानीय क्षमताओं का लाभ उठाते हुए, एफआईएपीएल ने मैन्युफैक्चरिंग, पावरट्रेन और सप्लाई चेन में मजबूत क्षमताएं विकसित की हैं, जिससे भविष्य में सहयोग बढ़ाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार हुआ है।

पश्चिम मध्य रेल
उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट) शाखा - भोपाल
**शुद्धिपत्र-01**
**निविदा क्रमांक: BPL-ELP-PSI-T-2026-01**
**प्रकाशन दिनांक 24.01.2026**
निविदा क्रमांक: BPL-ELP-PSI-T-2026-01 प्रकाशन दिनांक 24.01.2026 हेतु **IREPS Portal** पर **शुद्धिपत्र-01**, दिनांक 09.02.2026 को प्रकाशित किया गया है। पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। कृपया उक्त वेबसाइट को आगे की सुचना के लिए विजिट करे।
**उप मुख्य विद्युत अभियंता(प्रोजेक्ट)/भोपाल**
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

pnb Housing Finance Limited — Ghar Ki Baat
**परिशिष्ट—IV-A अचल संपत्ति/यों हेतु ई—नीलामी सार्वजनिक बिक्री सूचना**
वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के सहपठित नियम 8(6) के प्रावधान के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय ई—नीलामी सूचना
पंजीकृत कार्यालय : 9वां तल, अन्तरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली—110001, फोन नं. 011—23357171, 23357172, 23705414,, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
शाखा कार्यालय भोपाल : दूसरा तल, 131/8, मैन रोड, झोन—2, एम.पी. नगर, झूमरवाला के पास, भोपाल—462011 मध्य प्रदेश

एतद्द्वारा आम तौर पर जनता को और विशेष रूप से कॉलम नंबर—ए में इंगित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित अचल संपत्ति(यों) जो कॉलम नंबर—डी में वर्णित है प्रत्याभूत ऋणदाता को बंधक/प्रभारित हैं, जिसमें से रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम नंबर—सी में वर्णित है) को **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** /प्रत्याभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जो जहां है, जो है जैसा है, और वहां जो कुछ भी है आधार''** पर निम्न उल्लेखित विवरण के अनुसार बेचा जाएगा। एतद्द्वारा संबंधित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, (चाहे ज्ञात हो या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं), संपत्तिभागि(यों) को सूचना दी जाती है चूंकि इस मामले को आज की दिनांक में संशोधित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियमों के नियम—8(6) और 9 के तहत कॉलम संख्या—ए में दर्शाया जा सकता है।बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड / प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.pnbhousing.com** में दिए गए लिंक का संदर्भ लें।


| ऋण सं./उधारकर्ता /सह—उधारकर्ता/ गारंटर(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी का नाम (A) | मांग राशि और दिनांक (B) | कब्जे का प्रकार (C) | बंधक संपत्तियों का विवरण (D) | आरक्षित मूल्य (आरपी) (E) | ईएमडी (आरपी का 10%) (F) | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक (G) | बोली वृद्धि मूल्य (H) | निरीक्षण की दिनांक और समय (I) | नीलामी की दिनांक और समय (J) | ज्ञात ऋण भार/ न्यायालय मुकदमा अगर कोई है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NHL/BHO/0518/533344 और NHL/BHO/0723/1133007 पुनित माथुर/अलका माथुर/ मेघा सक्सेना, शाखा : भोपाल | रुपये 56,74,858.4/— 14.12.2023 | भौतिक कब्जा | वार्ड सं. 09, नया वार्ड 24, कागदीपुरा, बटेश्वर महादेव मंदिर के पीछे, जिला विदिशा, म.प्र. कागदीपुरा, विदिशा, मध्य प्रदेश — 464001, विदिशा, भारत | रु. 26,19,000 | रु. 2,61,900 | 26/02/2026 | रु. 10,000 | 24.02.2026 दोपहर 12:00 बजे से अपर्राह्न 04:00 बजे | 27.02.2026 अपर्राह्न 02:00 बजे से अपर्राह्न 03:00 बजे | *कोई नहीं/ ज्ञात नहीं |
| HOU/BHO/0623/128481 विशाल जोशी/बृजेश जोशी, शाखा : भोपाल | रुपये 16,25,422/— 16.12.2024 | भौतिक कब्जा | एफएफ 07 प्रथम तल, गैलेक्सी सिटी, फैज—2, खसरा सं. 72, 76, 268/269/270/1 से 81, ग्राम अमरावद खुर्द पीएत सं. 19/32, तहसील हुजूर, भोपाल, मध्य प्रदेश— 462022, भारत | रु. 11,34,000 | रु. 1,13,400 | 26/02/2026 | रु. 10,000 | 18.02.2026 दोपहर 12:00 बजे से अपर्राह्न 04:00 बजे | 27.02.2026 अपर्राह्न 02:00 बजे से अपर्राह्न 03:00 बजे | *कोई नहीं/ ज्ञात नहीं |

***आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान की दिनांक तक खर्च किए और/या वसूली के रूप में एक साथ लागू @18% वार्षिक भविष्य के ब्याज के साथ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और सूचना में ऊपर वर्णित अचल/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों के संबंध में कोई अन्य भार/दावा नहीं है, केवल कॉलम नंबर—के में उद्घाटित को छोड़कर। इसके अलावा सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपने द्वारा इस प्रकार की भार ओं को पूरा/भुगतान किया जाना चाहिए। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे उल्लेखित भार की सत्यता का स्वतंत्र रूप से पता लगाएं।**
(1) आज की दिनांक में, पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उरोक्त अचल संपत्तियों/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को बेचने, विमुख करने और/या निपटाने से कोई आदेश निरोधक और/या न्यायालय निषेधाज्ञा नहीं है। (2) संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में सिफारिश का निरीक्षण कर सकते हैं। यदि कोई हो, कॉलम नं. के में वर्णित है। जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध दस्तावेजों के शीर्षक के शीर्षक तक सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव(ओं) बनाने से पहले सभी मामलों में खुद की संतुष्टि कर लें। बोली लगाने वाले को बोली फॉर्म के साथ—साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। (3) कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के संदर्भ में, बोलीदाता(ओं)/क्रेता कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% जमा करने के लिए बाध्य है, (बयाना पैसे शामिल है, यदि कोई हो, जमा) एक ही दिन या अगले कार्य दिवस से बाद में नहीं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार प्रत्याभूत ऋणदाता द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोलीदाता(ओं) के पक्ष में बिक्री कीपुष्टि की जा सकती है। बिक्री राशि का शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की दिनांक से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा जमा किया जाना है और इस जमा के चूक में, संपत्ति/प्रत्याभूत परिसंपत्ति कीफिर से बेचा जाएगा। **(4) मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई—नीलामी के माध्यम से बिक्री करने में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगा। जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट सं.68, तीसरा तल, सेक टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003, वेब साइट—www.bankeautions.com संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने या किसी अन्य जानकारी या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, आपको पीएनबीएचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी श्री विवेक लोधा से टोल फ्री नं. 1800 120 8800, के साथ समन्वय करना होगा या www.pnbhousing.com का संदर्भ लेना होगा।**
स्थान : भोपाल — दिनांक : 12.02.2026 — हस्ता./— प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

## चिंतन

# सच्चाई की सुरक्षा के लिए डीपफेक पर सख्ती जरूरी

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को मानव की सहायता के लिए विकसित किया गया था, ताकि कामकाज आसान हो, उत्पादकता बढ़े और जटिल समस्याओं का समाधान मिल सके। एजेंटिक एआई जैसी उभरती तकनीकें बड़े भाषा मॉडल, मशीन लर्निंग और एंटरप्राइज ऑटोमेशन को जोड़कर ऐसे स्वायत्त सिस्टम बना रही हैं, जो डेटा का विश्लेषण कर निर्णय ले सकते हैं और कम मानवीय हस्तक्षेप में कार्य कर सकते हैं। यह तकनीक उद्योगों, प्रशासन और सेवा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखती है, लेकिन हर तकनीक के साथ एक जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। एआई का दुरुपयोग आज गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। गूगल के सीईओ तक यह स्वीकार कर चुके हैं कि एआई का गलत इस्तेमाल नए खतरे पैदा कर रहा है। इन खतरों में सबसे बड़ा और चुनौतीपूर्ण रूप है डीपफेक। डीपफेक ऐसी तकनीक है, जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति की आवाज, तस्वीर या वीडियो को इस तरह बदला जा सकता है कि वह वास्तविक प्रतीत हो। इससे किसी की प्रतिष्ठा, निजता और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर आघात पहुंच सकता है। राजनीति, समाज और पारिवारिक जीवन हर क्षेत्र में इसका दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। हाल ही में एलन मस्क के एआई 'ग्रोक' के जरिए सोशल मीडिया पर अश्लील और भ्रामक तस्वीरों की बाढ़ इसका ताजा उदाहरण है। विवाद बढ़ने पर सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा और संबंधित मंचों को सामग्री हटाने के निर्देश देने पड़े। सरकार ने अब सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधन कर डीपफेक और एआई-जनित बनावटी सामग्री के प्रबंधन के लिए सख्त प्रावधान लागू किए हैं। 20 फरवरी से लागू होने वाले इन नियमों के तहत एक्स, इंस्टाग्राम जैसे मंचों को सक्षम प्राधिकारी या अदालत के आदेश पर ऐसी सामग्री तीन घंटे के भीतर हटानी होगी। इसके अलावा, एआई से तैयार सामग्री की अनिवार्य लेबलिंग भी जरूरी कर दी गई है, ताकि उपयोगकर्ता जान सकें कि वे जो देख रहे हैं वह वास्तविक है या कृत्रिम रूप से निर्मित। यह कदम स्वागत योग्य है, क्योंकि बनावटी सामग्री को अब औपचारिक रूप से 'सूचना' की श्रेणी में रखा गया है और गैरकानूनी गतिविधियों के निर्धारण में इसे अन्य सूचनाओं के समान माना जाएगा। साथ ही, यदि किसी सामग्री पर एआई लेबल लगाया गया है तो उसे हटाने या छिपाने की अनुमति नहीं होगी। जहां संभव हो, वहां स्थायी मेटाडेटा जोड़ना भी अनिवार्य किया गया है। सबसे बड़ी चिंता बच्चों को लेकर है। बच्चों का मन कोमल और संवेदनशील होता है। डीपफेक या भ्रामक सामग्री उनके मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर बुलिंग और फर्जी वीडियो के माध्यम से बच्चों को निशाना बनाना एक गंभीर सामाजिक समस्या बनती जा रही है। ऐसे में अभिभावकों, स्कूलों और डिजिटल मंचों को मिलकर बच्चों की डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। एजेंटिक एआई जहां संभाव्य और अनुकूलनशील तकनीक के रूप में नए अवसर खोल रहा है, वहीं नियतात्मक प्रणालियां जैसे आरपीए सुरक्षित और अनुपालन आधारित संचालन के लिए अभी भी महत्वपूर्ण है। भविष्य का डिजिटल ढांचा इन दोनों तकनीकों के संतुलित संयोजन पर आधारित होगा, परंतु तकनीकी प्रगति का अर्थ यह नहीं कि नैतिकता और निजता को दरकिनार कर दिया जाए। आज आवश्यकता है कि सोशल मीडिया कंपनियां अपनी जिम्मेदारी समझें। केवल मुनाफा कमाने की दौड़ में वे समाज को जोखिम में नहीं डाल सकतीं।



जयंती विशेष
अखिलेश आर्येन्दु

# दयानंद ने दिखाया था परमार्थ का रास्ता

> महर्षि दयानंद ने आर्य समाज, परोपकारिणी सभा, गौकृष्यादि रक्षणी सभा और धर्म सभा की स्थापना की। वे ऐसे समाज सुधारक, वेदों के उद्धारकर्ता और धर्म के रक्षक महामान थे, जिनका मानना था कि दूसरों की उन्नति, प्रगति और विकास को ही अपनी उन्नति और विकास मानना मानव का स्वभाव होना चाहिए। इससे जहां परहित होता है, वहीं पर स्वहित भी होता जाता है। जहां भी सामाजिक कार्य हों, वहां पर अपने निहित स्वार्थ को तज सामाजिक स्वार्थ को प्राथमिकता देनी चाहिए। सभी मतावलम्बियों के साथ विमर्श कर एक सर्वसम्मत सद्भाव का रास्ता पहली बार दयानंद संन्यासी ने तलाशा। यह बगैर किसी दुराग्रह, आग्रह और स्वार्थ के वशीभूत हो किया गया सर्वहितकारी राष्ट्रहितैषी कार्य था।

गुजरात के काठियावाड़ के टंकारा ग्राम में 200 वर्ष पूर्व जन्म लेने वाले आर्य समाज, परोपकारिणी सभा, गौकृष्यादि रक्षणी सभा और धर्म सभा की स्थापना करने वाले महर्षि दयानंद का जीवन और कार्यों को समझने के लिए किताब खोलने की जरूरत नहीं है, बल्कि उनके द्वारा स्थापित संस्थाएं और उनसे प्रेरणा लेने वाले लाला लाज पत राय, सरदार भगतसिंह, राम प्रसाद बिस्मिल, स्वामी श्रद्धानंद सरीखे अनगिनत मां भारती के वीर योद्धाओं के कार्यों से हम समझ सकते हैं। वे ऐसे समाज सुधारक, वेदों के उद्धारकर्ता और धर्म के रक्षक महामान थे, जिनका मानना था कि दूसरों की उन्नति, प्रगति और विकास को ही अपनी उन्नति और विकास मानना मानव का स्वभाव होना चाहिए। इससे जहां परहित होता है, वहीं पर स्वहित भी होता जाता है। जहां भी सामाजिक कार्य हों, वहां पर अपने निहित स्वार्थ को तज सामाजिक स्वार्थ को प्राथमिकता देनी चाहिए।

महर्षि दयानंद ने ऐसे सर्वहितकारी विचार तब दिए थे जब भारतीय समाज में अंधविश्वास, पाखंड, कुरीतियां और स्वार्थवादी प्रवृतियों का बोलबाला था। दयानंद ने निर्भीकता से कहा-सत्य, ज्ञान और विद्या मानव उन्नति और हित के आधार हैं। सत्य के बिना न तो ज्ञान की अहमियत है और न तो विद्या की ही। उन्होंने वेद को सत्य, ज्ञान और विद्या का आधार बताया। वह अपने उपदेशों, उद्बोधनों और प्रवचनों में वेद विद्या को प्रमुखता देते थे। उन्होंने कहा-मानव मन को चंगा करने और जीवन के परम लक्ष्य मोक्ष को हासिल करने के लिए वेद का रास्ता ही सबसे सहज, सरल और पवित्र है। वेद ऐसे ज्ञान, विद्या और विज्ञान के आधार स्तम्भ हैं, जहां से सभी तरह की विद्याओं और विज्ञानों का उद्गम होता है। उपनिषदों में अंधकार के पार देखने वाले और अंधकार के पार जाकर प्रकाश में विचरण करने वाले साधक को 'स्कंद' कहा गया है। जो मानव सभी तरह की बुराइयों, अंधकारों, अज्ञानता और संस्कारों से छूट जाता है, वह परम पावन ज्ञानमयी बन जाता है। दयानंद ऐसे ही परम पावन ज्ञानमयी साधक थे। उनकी साधना ऋद्धियों-सिद्धियों को प्राप्त करने के लिए नहीं थी बल्कि अंधकार, अविद्या, दुख, पाप, असत्य और पाखंड में फंसे व्यक्ति को बाहर निकालने के लिए थी। वह ऐसे युग निर्माता और समाज सुधारक थे, जिनके रगों में सर्वहित और सर्वदुख निवारण का रक्त प्रवाहित हो रहा था। महर्षि दयानंद ने कहा, वेद सभी ज्ञान-विज्ञानों और विचारों के अंतिम प्रमाण हैं। वेद ऐसे ज्ञान रश्मि के स्रोत हैं जहां मानव के आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक तापों और और विषयों को कसौटी प्रदान करते हैं। महर्षि ने समाज सुधार के अनगिनत कार्य तो किए ही, आजादी के लिए अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी तैयार किए। वह सब का भला चाहते थे, भले ही उन्हें उनके लिए दुख सहने पड़ते हों। असहायों, दुखियों, रोगियों, दलितों, गरीबों और अंधकार में भटक रहे अज्ञानी लोगों के लिए उन्होंने वह सब कुछ किया, जो वह कर सकते थे। सत्यार्थ प्रकाश, संस्कार विधि, ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका और वेदांजलि में महर्षि दयानंद ने मानव के जीवन के हर पक्ष को मजबूत बनाने और उन्नति करने के सभी तरह के सूत्र और विचार दिए हैं। वह मत-मतांतरों की आलोचना उनके सुधार के मद्देजनर करते हैं। वह जितना




हिंदुओं के सुधार की बात करते हैं, उनता ही मुसलमानों, ईसाइयों, बोद्धों, सिखों और जैनियों के भी। समाज, संस्कृति, धर्म, अध्यात्म, विज्ञान, ज्ञान, विद्या और राजनीति सहित अनेक विषयों पर महर्षि दयानंद ने अपने विचार सत्यार्थ प्रकाश में व्यक्त किए हैं। ईश्वर, जीव और प्रकृति जैसे सबसे विवादित विषयों को भी उन्होंने अपनी पुस्तकों में वेद और तर्क के आधार पर परिभाषित और व्याख्यायित किया है। दुनिया में सबसे अधिक विवाद और झगड़े ईश्वर, धर्म और मत-पंथ पर रहे हैं। महर्षि ने इन पर खुलकर अपने विचार सत्यार्थ प्रकाश में व्यक्त किए हैं। वह कहते हैं कि पहले ईश्वर, जीव और मत-पंथों को जानों, समझों और फिर मानो। उन्होंने कबीर की तरह गुरु को खूब ठोक-बजाकर ही मानने पर जोर दिया है। इसी तरह, प्रत्येक कार्य, विचार और विषय को भी मानने के पहले उन्हें खूब समझ लेने पर जोर दिया। यूं तो ब्रह्मांड की काल गणना में दो शताब्दी बहुत लम्बा समय नहीं होता, लेकिन किसी व्यक्ति, संगठन या संस्था के जन्म, कार्य, उद्देश्य और जनहित के कार्य की गणना में महत्व जरूर रखता है। वैरागी जीवन अपनाने के साथ ही, सत्य की खोज का संकल्प और संन्यास लेने के बाद समाज, संस्कृति, वैदिक धर्म, हिंदी, गुरुकुलीय शिक्षा के विकास, दलितों, पिछड़ों के साथ मजलूमों की बेहतरी के लिए समर्पित हो गया था। संन्यास लेने और गुरु विरजानंद से शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने दयानंद सरस्वती के रूप में समाज में ख्याति हासिल किया, जो कई धाराओं में आगे बढ़ता हुआ रोशन होता गया। उन धाराओं में वेदों का पुर्नोदय के लिए शास्त्रार्थ व वेदों का हिंदी में भाष्य, भारतीयता को गौरव दिलवाने, समाज सुधार, गुरुकुलीय शिक्षा के उन्नयन, राष्ट्राभिमान और स्वदेशी की महत्ता से राष्ट्रनिर्माण का सूत्र देने जैसी अनेक धाराएं वे एक साथ लेकर आगे बढ़ रहे थे।

समाज के शोषित, दलित, असहाय और अशिक्षित वर्ग की हालत विदेशी राज सत्ता की नाइंसाफी की वजह से दिनोंदिन बदतर होती जा रही थी। इसका असर भारतीय समाज के हर क्षेत्र में साफ-साफ दिखाई दे रहा था। स्वामी दयानंद ने इसे समझा और महसूस किया और यहीं से उन्होंने सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक, राष्ट्रीय, शैक्षिक सुधार और परंपरागत विचारों में बदलाव करने की ठानी। उस बदलाव का परिणाम यह हुआ कि समाज के हर वर्ग की मान्यताओं, धारणाओं, परंपराओं और विचारों में खुला चिंतन और तर्कवादी विमर्श पैदा हुआ। इससे जहां देश में आजादी की हवा बहने लगी, वहीं गुलामी की जंजीरों की जकड़ धीरे-घीरे ढीली होने लगीं। आर्यसमाज की स्थापना के 150 वर्ष 2026 में पूरे होंगे। पिछले डेढ़ सौ वर्षों में स्वामी दयानंद द्वारा स्थापित इस संस्था ने समाज सुधार, नव निर्माण, वेदों के प्रचार-प्रसार, समाज के शोषित, दलित, असहाय, अशिक्षित और अंधविश्वास-पाखंड में जकड़े वर्ग को जाग्रत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वामी दयानंद के, उद्देश्यों, कार्यों, सुधारों और निर्माण को आर्य समाज के कार्यों के साथ जोड़े बगैर उनका पूरा मूल्यांकन नहीं किया जा सकता है। वहीं पर आर्यसमाज के आंदोलन स्वरूप से गांधी इतने प्रभावित हुए कि उन्हें कहना पड़ा-जहां-जहां मैं गुजरता हूं वहां आर्य समाज पहले ही गुजर चुका होता है। यह था आर्यसमाज का स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान का असर। लाला लाजपत राय, सरदार भगत सिंह, राम प्रसाद बिस्मिल, ऊधम सिंह जैसे तमाम देशभक्तों की बलिदान की कहानी दयानंद और आर्यसमाज के रास्ते से गुजरती है। इसी तरह सभी मतावलम्बियों के साथ विमर्श कर एक सर्वसम्मत सद्भाव का रास्ता पहली बार दयानंद संन्यासी ने तलाशा। यह बगैर किसी दुराग्रह, आग्रह और स्वार्थ के वशीभूत हो किया गया सर्वहितकारी राष्ट्रहितैषी कार्य था।

(लेखक साहित्यकार और चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



कोयम्बटूर के धार्मिक स्थलों में से एक, 11वीं शताब्दी का पेरुर पाटेश्वर निर्मित मंदिर राजा करिकाल चोल द्वारा बनाया गया था। शिव को स्वयंभू लिंगम के रूप में, पीठासीन देवता, पट्टेश्वर के रूप में पूजा जाता है।

## स्वीकारोक्तिः गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित
दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

## गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा



संकलित
प्रेरणा

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

विचार
डॉ. राजेश के पिलानिया



# खुशहाल जीवन के लिए आत्मग्लानि से मुक्ति

आत्मग्लानि एक बहुत मजबूत भावना है। इसका लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। आत्मग्लानि की भावना का एक सकारात्मक प्रभाव भी होता है, लेकिन इसका जीवन के कई पहलुओं पर, खासकर मानसिक स्वास्थ्य और खुशी पर, गहरा नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। आत्मग्लानि का सकारात्मक प्रभाव यह है कि यह हमें कुछ नकारात्मक काम करने से रोकती है और हमारे जीवन में किए गए कार्यों पर सोचने में मदद करती है। आत्मग्लानि को एक सकारात्मक शक्ति के रूप में इस्तेमाल करना और जीवन में सही रास्ते पर बने रहना उपयोगी हो सकता है। हालांकि, कई लोगों के लिए आत्मग्लानि तब नकारात्मक प्रभाव डालती है, जब इसे सही तरीके से संभाला नहीं जाता। हमने कई ऐसे लोगों को देखा है जो आत्मग्लानि का भारी बोझ उठाए हुए हैं और एक दुखी व असंतुष्ट जीवन जी रहे हैं। उदाहरण के लिए- मैंने जो किया उसके आधार पर मैं अच्छा इंसान नहीं हूं और यह बात मुझे हर समय परेशान करती रहती है; मैं अपने माता-पिता की अपेक्षाओं पर खरा न उतर पाने के विचार से बाहर नहीं निकल पा रहा हूं; अपने पिछले रिश्ते को तोड़ने की आत्मग्लानि के कारण मैं अपने वर्तमान रिश्ते की सफलता को लेकर हमेशा चिंतित रहता हूँ; अपने जीवन की एक गलती के कारण मुझे खुद पर शर्म महसूस होती है; या मैंने जो किया उसकी शर्म की वजह से मैं लोगों से घुल-मिल नहीं पाता और अपने जीवन में अकेलापन महसूस करता हूं, और ऐसे कई अन्य उदाहरण। आत्मग्लानि शर्म, अलगाव, अकेलापन और मानसिक आघात जैसे कई हानिकारक प्रभाव पैदा कर सकती है। लोग उन बातों के लिए भी आत्मग्लानि महसूस करते रहते हैं जो कई दशक पहले हुई थीं। शोध से पता चलता है कि यह लंबे समय तक बनी रहने वाली आत्मग्लानि जीवन के कई पहलुओं को प्रभावित करती है, जिनमें आत्मविश्वास, रिश्ते, काम, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, समग्र भलाई और खुशी शामिल हैं। यह आत्मग्लानि से निपटने का सही तरीका नहीं है। हमें इसे संभालने का एक बेहतर तरीका खोजने की जरूरत है। हालांकि यह कठिन है, लेकिन सही दिशा में छोटे और सरल कदम उठाकर इसे किया जा सकता है। पहला कदम है आत्मग्लानि की भावना को पहचानना और उसे स्वीकार करना। दूसरा कदम यह देखना है कि क्या यह भावना वास्तव में सही है—क्या व्यक्ति वास्तव में जो हुआ उसके लिए जिम्मेदार है, या वह गलत धारणाओं के आधार पर खुद को दोषी मान रहा है। तीसरा कदम है आत्मग्लानि की जड़ को पहचानना और उसे निष्पक्ष रूप से देखना। चौथा कदम है उससे सीख लेना और अपनी पिछली गलतियों के लिए खुद को माफ करना, क्योंकि हम इंसान हैं और हमसे गलतियां होती हैं। पांचवां कदम यह है कि खुद को माफ करके, अपनी गलतियों से सीख लेकर और उन्हें दोहराने से बचने का संकल्प लेकर व्यक्ति आत्मग्लानि की भावना से बाहर आ सकता है। यदि किसी को अपने दम पर आत्मग्लानि से बाहर निकलना कठिन लगे, तो वह दूसरों से मदद ले सकता है, जिसमें पेशेवर मदद भी शामिल है। आत्मग्लानि को समझकर और उससे सीख लेकर व्यक्ति एक नई शुरुआत कर सकता है। इस नई शुरुआत के साथ वह उदासी की छाया से बाहर आ सकता है और अतीत के बोझ से मुक्त महसूस कर सकता है। इसके बाद व्यक्ति रोज़मर्रा के जीवन में खुशी के छोटे-छोटे कदम उठाना शुरू कर सकता है, अधिक खुश रह सकता है और एक अधिक संतोषपूर्ण जीवन जी सकता है।

(लेखक एमडीआई गुरुग्राम में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बंद हों

आज के अत्याधुनिक दौर में सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर मानसिक संकट का कारण बनता जा रहा है। इस तकनीकी उछाल ने इनसान को धीरे-धीरे मानसिक रूप से निर्बल बनाया है, साथ ही वह स्वाभाविक जीवन जीने की क्षमता भी खोता जा रहा है। सोशल मीडिया का सबसे अधिक विषैला प्रभाव बच्चों की कोमल मानसिकता पर पड़ रहा है। दुनिया के कई विकसित और प्रगतिशील देश बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कड़े कानून बना चुके हैं और कठोरता से लागू भी कर रहे हैं। वहीं भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है। भारत में भी 16 साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट तुरंत बंद होने चाहिए।

*– मनोज जोशी, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### अंत्योदय के प्रणेता



सर्वस्व समर्पण उस चेतना की अभिव्यक्ति है, जिसमें राष्ट्र और मानवता सर्वोपरि होती है। अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भी इसी भावना से देश के जन-जन को सशक्त बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### भारतीय टेक्सटाइल



टेक्सटाइल की रेस में भारत 18% टैरिफ की बेड़ियों में दौड़ेगा और बांग्लादेश 0% टैरिफ के खुले मैदान में। पीएम का ट्रम्प की शर्तों के सामने समर्पण का ऐलान, भारतीय टेक्सटाइल के लिए मौत का फरमान है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### सम्मानजनक स्टाइपेंड



1 साल में हेल्थ सेक्टर की 27 साल पुरानी लीगेसी प्रॉब्लम्स का हमने समाधान निकालना शुरू कर दिया है। नर्सिंग इंटर्न्स, जिन्हें स्टाइपेंड के नाम पर केवल 500 रुपये मिलते थे, आज उन्हें 13,000+ का सम्मानजनक स्टाइपेंड मिल रहा है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### उप्र बजट लोक लुभावना



उत्तर प्रदेश विस में पेश किया गया बजट लोक लुभावना ज्यादा तथा जनता के वास्तविक उत्थान एवं सर्वसमाज व सभी क्षेत्र के विकास का कम प्रतीत होता है। फिर भी जो घोषणायें व आश्वासन आदि जनता को देने का प्रयास किया गया है उसका सही से समयबद्ध तरीके से अमल जरूर हो।

- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

## करंट अफेयर

# बाल देखभाल केंद्रों में तेजी से बढ़ रही गंभीर घटनाएं


ऑस्ट्रेलिया में प्रारंभिक बाल शिक्षा केंद्रों तथा बाल देखभाल केंद्रों में गंभीर घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। उत्पादकता आयोग की अद्यतन रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 में प्रति 100 सेवा केंद्रों पर ऐसी 160 गंभीर घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि यह आंकड़ा 2023-24 में 148 और 2022-23 में 139 था। गंभीर घटना से आशय ऐसी स्थिति से है जो किसी बच्चे के स्वास्थ्य, सुरक्षा या कल्याण को गंभीर रूप से प्रभावित करे। इसमें गंभीर चोट या बीमारी जिसके लिए चिकित्सकीय उपचार की आवश्यकता हो, आपात सेवाओं की मौजूदगी वाली घटनाएं, बच्चे का लापता हो जाना आदि शामिल हैं। इसके अलावा दुर्व्यवहार या बच्चे की मृत्यु भी इस श्रेणी में आती है। दिसंबर 2025 में जारी राष्ट्रीय बाल देखभाल सुरक्षा एवं गुणवत्ता एजेंसी (एसीईसीक्यूए) की रिपोर्ट के अनुसार चोट, बीमारी या आघात के मामले कुल गंभीर मामलों के 77 .7 प्रतिशत थे। ये आंकड़े देशभर में प्रारंभिक बाल शिक्षा केंद्रों तथा बाल देखभाल केंद्रों की सुरक्षा को लेकर जारी चिंताओं के बीच सामने आए हैं। पिछले सप्ताह नियामकों ने सिडनी में एक पारिवारिक बाल देखभाल केंद्र को बंद किए जाने की जानकारी दी, जहां चाकू और ज़हर जिस स्थान पर रखे गए थे, बच्चे वहां तक आसानी से पहुंच सकते थे।



## ऑफ बीट

# क्या गर्म पानी पीने से वजन घटता व साफ होती है त्वचा

सोशल मीडिया पर इन दिनों एक नया चलन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि रोजाना एक कप सादा गर्म पानी (बिना किसी मिश्रण के) पीने से वजन घटाने, त्वचा साफ होने, गले की खराश और मासिक धर्म के दर्द में राहत जैसे फायदे मिलते हैं। इसे सरल और प्राकृतिक उपाय के रूप में पेश किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार गुनगुना (उबलता नहीं) पानी पीना सामान्यतः सुरक्षित है और कई लोगों को इससे आराम महसूस होता है, लेकिन इसके विशेष स्वास्थ्य लाभों के पक्ष में ठोस वैज्ञानिक प्रमाण सीमित हैं। लाभ संभवतः अधिक पानी पीने, नियमित स्वास्थ्य आदत अपनाने या गर्माहट से मिलने वाले सुकून के कारण हो सकते हैं, न कि पानी के तापमान के कारण। पानी, चाहे ठंडा हो या गर्म, शरीर के लिए आवश्यक है। पर्याप्त पानी पीना पाचन, रक्त संचार, गुर्दा क्रिया, रक्तचाप नियंत्रण और समग्र स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। 2025 के एक अध्ययन में संकेत मिला कि पर्याप्त पानी न पीने से रोजमर्रा के तनाव से निपटना कठिन हो सकता है। हालांकि अब तक ऐसा कोई मजबूत प्रमाण नहीं है कि गर्म पानी, सामान्य या ठंडे पानी की तुलना में अतिरिक्त स्वास्थ्य लाभ देता है।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# दो शादियों की उलझन में फंसा 'अमन', दर्शक हुए ठहाकों से लोटपोट


नाटक का मंचन करते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कारवां आर्ट्स ग्रुप द्वारा रंग श्री लिटिल बेले ट्रूप में हास्य नाटक 'घर का न घाट का' का मंचन बुधवार शाम किया गया। हास्य से परिपूर्ण नाटक में लेखन जयवर्धन का रहा, जबकि ने निर्देशन उबैद उल्ला खान का। नाटक की कहानी क्लास दो अधिकारी पत्नी और कलाकार पति के इर्द गिर्द घूमती है। नाटक में हास्य व मनोरंजन के साथ-साथ एक सामाजिक संदेश भी दिया कि बिना सोचे-समझे लिए गए निर्णय किस प्रकार जीवन को कठिन बना सकते हैं।


**रंग श्री लिटिल बेले ट्रूप में हास्य नाटक 'घर का न घाट का' का किया मंचन**

बिना सोचे-समझे लिए निर्णय कैसे बनाते हैं जीवन को कठिन


रंग श्री लिटिल बेले ट्रूप में नाटक 'घर का न घाट का' का मंचन करते कलाकार।

### रमा करवाती हैं अपने पति की दूसरी शादी

नाटक में दिखाया कि पत्नी रमा एक सरकारी कार्यालय में क्लास-2 अधिकारी है और कला में उसकी कोई विशेष रुचि नहीं है, जबकि पति अमन कला समीक्षक है। विवाह के कई वर्षों बाद भी संतान न होने पर रमा स्वयं अमन की दूसरी शादी कराने का निर्णय लेती है। इस उम्मीद में कि शायद दूसरी पत्नी से संतान प्राप्त हो सके, लेकिन अमन की दूसरी शादी के बाद स्थितियां ऐसी बनती हैं कि वह दो पत्नियों के बीच उलझकर रह जाता है। इसी उलझन से उत्पन्न परिस्थितियां दर्शकों के लिए हास्य का सृजन करती हैं।


नाटक में अपने पति से चर्चा करती महिला।

## आईएचएम में पर्यटन शिक्षा एक्सपो एवं देखो अपना देश ब्रोशर प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह

# जायकेदार कुजिन के रूप में सजा नजर आया आईएचएम का परिसर, मॉकटेल ड्रिंक ने दोपहर की गर्मी में दी ठंडक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पाइनऐप्पल स्मूदी, स्पैनिश हम्मस (या हमस), बाबा गनूश (गनूज), डिमसम, मोमोज, सिड्डु, के रूप में चाइनीज, इटेलियन, थाई और मेक्सिकन फूड की डिफरेंट वैरायटी का लुत्फ उठाते स्टूडेंट्स और फेकल्टी तो वहीं सन राइज और सन सेट के रूप में मॉकटेल ड्रिंक ने दोपहर की गर्मी में ठंडक का अहसास दिया।ठंडक के साथ जायकेदार कुजिन के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट का परिसर सजा नजर आया।

मौका था इंडिया टूरिज्म, मुंबई के सहयोग से पर्यटन शिक्षा एक्सपो एवं 'देखो अपना देश' ब्रोशर प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का, जिसमें जहां एक ओर ब्रोशर प्रतियोगिता में रतलाम जिले का पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ने 10,000 का प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। तो वहीं परिसर में लगे स्टॉल पर आईएचएम के फर्स्ट इयर, सेकेंड इयर व फाइनल इयर स्टूडेंट्स ने डिफरेंट कुजिंस के स्टॉल लगाकर मेहमानों का वेलकम किया।


ब्रोशर प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में लोगों को संबोधित करते पर्यटन एमडी डॉ. इलैया राजा टी।

### युवा पीढ़ी में सोचने, समझने और नवाचार करने की अद्भुत क्षमता: डॉ. इलैया

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के सचिव पर्यटन और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी में सोचने, समझने और नवाचार करने की अद्भुत क्षमता है। 'देखो अपना देश' ब्रोशर प्रतियोगिता के माध्यम से सभी ने अपनी कल्पनाशीलता, रचनात्मकता और अथक परिश्रम के माध्यम से न केवल अपने जिले और राज्य की पहचान को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया है, बल्कि देश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत को भी प्रभावशाली ढंग से उजागर किया है।

## कोकोलेस, क्रेनबेरी वर्जिन मोहितो, सनराइज सनसेट मॉकटेल

लाइव फूड प्रदर्शनी में फाइनल ईयर स्टूडेंट मनीष नाथ की टीम ने खास मॉकटेल स्टॉल लगाया। उन्होंने बताया कि मॉकटेल नॉन-अल्कोहोलिक होने के कारण एक हेल्दी और रिफ्रेशिंग विकल्प है। इसमें ताजे फलों का जूस, पुदीना, नींबू, नारियल पानी और सोडा जैसे तत्व शामिल होते हैं, जो विटामिन ई, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। टीम ने कोकोलेस, क्रेनबेरी वर्जिन मोहितो, सनराइज सनसेट मॉकटेल और बिना मिल्क का पीना कोलाडा तैयार किया। कोकोलेस में नारियल बेस और हल्के साइट्रस फ्लेवर का संतुलन रखा गया। क्रेनबेरी मोहितो में पुदीना और नींबू को मडल कर सोडा मिलाया गया। सनराइज-सनसेट को लेयर्स में तैयार किया गया, जिससे ग्लास में खूबसूरत ग्रेडिएंट दिखा और स्वाद फ्रूटी व हल्का मीठा रहा।



## डिमसम, सिड्डु के साथ इटेलियन, मैक्सिकेन, चाइनीस फूड को किया डिस्पले



सबसे खास इंटरनेशनल क्यूजीन स्टॉल पर मैक्सिकन, चाइनीस, इटालियन फार्म के डिफरेंट आइटम्स को शेफ पंकज चौधरी के गाइडेंस में सात बच्चों ने डिस्प्ले किया। इस स्टॉल पर साउथ एशियन डिशेज के साथ यूरोपियन क्यूजींस को भी बेहद उम्दा ढंग से रिप्रजेंट किया, जिसमें जहां एक ओर हिमाचल का डिमसम, सिड्डु का जायका लोगों ने उठाया, तो वहीं मोमोज की डिफरेंट वैरायटी, मिनि आमलेट, पंपकिन सूप, ब्रोकली सिजलर को भी बेहद मनभावन ढंग से फूड लवर्स के सामने प्रस्तुत किया।



## सेकंड ईयर के स्टूडेंट ने मिनि इडली, मिनि उत्तपम के साथ 50 से अधिक मसालों को किया डिस्पले

सेकंड ईयर के स्टूडेंट करण सिंह नरूका ने साउथ इंडियन डिशेज को एक नए और क्रिएटिव अंदाज में मिनिएचर फॉर्म में प्रस्तुत किया। उनका कहना है कि कम मात्रा में परोसने से खाने की बबार्दी भी कम होती है और लोग एक ही प्लेट में कई स्वादों का आनंद ले सकते हैं। इसी सोच के साथ उन्होंने मिनी इडली, मिनी डोसा, मिनी अप्पम के साथ वेज शामी कबाब और असॉर्टेड टिक्का का आकर्षक और टेस्टफुल वर्जन तैयार किया। करण बताते हैं कि साउथ इंडियन खाने की असली जान उसके मसाले और तड़के में होती है। नारियल, करी पत्ता, राई, उड़द दाल, चना दाल, सूखी लाल मिर्च और इमली जैसे तत्व इसका खास स्वाद बनाते हैं। इसलिए मैंने अपने स्टॉल पर साउथ इंडियन कूजिन के साथ करीब 50 से अधिक मसालों को भी डिस्पले किया।

## सेव अर्थ का संदेश देता तीन किलो का डोडो प्रदर्शित किया




वहीं स्टूडेंट्स प्रिया सिंह ने 40 प्रकार के बेकरी आइटम्स का लाइव काउंटर लगाया, जिसमें सबसे खास रूप में उन्होंने डोडो को डिस्प्ले किया, करीब तीन किलो का यह डोडो कुकीज फार्म में है, जिसमें विशेष रूप से प्रकृति को दर्शाया गया है। जहां फूल, पत्ती के रूप में प्रकृति को दर्शाया। प्रिया कहती हैं कि इसे बनाने में फ्लोर, कॉर्न फ्लोर, शुगर जैसे आइटम का प्रयोग हुआ है और साथ ही तीन से आठ महीने तक इसकी प्रिजर्वेटिव लाइफ है। जो एडिबल होने के साथ साथ क्रंची भी है। प्रिया के स्टॉल पर कपकेक, बिस्किट, क्रॉइसैन, पेस्ट्री, ब्रेड, केक, पेस्ट्री या अन्य डेजर्ट को डिस्पले किया।


# प्राकृतिक रंगों एवं बांस की कलम से सूती वस्त्र पर हस्तनिर्मित 'नटराजः नृत्य के देव' कलमकारी



## मानव संग्रहालय में माह के प्रादर्श के तहत तिरुपति जिले की पारंपरिक कलमकारी चित्रकला का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'नटराजः द लॉर्ड ऑफ डांस' के रूप में अद्वितीय कलमकारी कृति आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले स्थित पवित्र नगर श्रीकालहस्ती की पारंपरिक कला शैली पर आधारित है, लगभग 3000 वर्ष पुरानी सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ी इस कलाकृति को बनाने में प्राकृतिक रंगों एवं बांस की कलम से सूती वस्त्र पर हस्तनिर्मित किया गया है, जिसमें भगवान शिव के नटराज स्वरूप की दिव्य एवं ब्रह्मांडीय नृत्य-लीला का अत्यंत सजीव और प्रभावशाली चित्रण दर्शकों का दिल छू गया। नटराज के रूप में सजी इस कलमकारी का प्रदर्शन किया गया मानव संग्रहालय में। माह के प्रादर्श के रूप में प्रदर्शित इस कलमकारी का उद्घाटन करते हुए संग्रहालय के निदेशक प्रो अमिताभ पांडे ने कहा कि मानव संग्रहालय देश की विविध पारंपरिक कलाओं, लोक शिल्पों और सांस्कृतिक विरासत को जनसामान्य के समक्ष प्रस्तुत करने के अपने उद्देश्य को निरंतर आगे बढ़ा रहा है।



### भारतीय दार्शनिक परंपरा की गहनता प्रदर्शित करती कलमकारी

प्रदर्शनी के संयोजक सहायक क्यूरेटर डॉ. पी शंकर राव ने बताया कि कालहस्ती की कलमकारी शैली भारतीय लोक एवं वस्त्र कला की एक अमूल्य धरोहर है। 'नटराज' शब्द संस्कृत के 'नट' (नृत्य) और 'राजा' (राजा) से मिलकर बना है, प्रस्तुत कलाकृति में तांडव की वही दिव्यता, ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त होती है, जो भारतीय दार्शनिक परंपरा की गहनता को दर्शाती है।

### पौराणिक कथात्मक को प्रस्तुत करती शैली

उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक रूप से श्रीकालहस्ती कलमकारी शैली में रामायण, महाभारत और विभिन्न पुराणों की कथाओं को निरंतर कथात्मक रूप में चित्रित किया जाता रहा है। प्रत्येक दृश्य को आयताकार फ्रेम में संयोजित किया जाता है तथा कई बार संबंधित श्लोक या व्याख्यात्मक पाठ भी अंकित किए जाते हैं। यह शैली कलाकार की सृजनात्मक कल्पनाशक्ति एवं उच्च तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें लगभग 23 चरण सम्मिलित होते हैं-जैसे सूती कपड़े की विशेष धुलाई, ब्लीचिंग, मायरोबलन (हरड़) से उपचार, हाथ से रूपरेखा निर्माण, प्राकृतिक रंगों से चित्रांकन, तथा प्रत्येक चरण के बाद पुनः धुलाई। रंगों की तैयारी वनस्पति एवं खनिज स्रोतों से की जाती है।

# जरा पास बैठो हे बांके बिहारी, पलक में पिरो लूं छवि तुम्हारी

## दुष्यंत संग्रहालय में श्री राधे राधे श्री कृष्ण भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जरा पास बैठो हे बांके बिहारी...पलक में पिरो लूं छवि तुम्हारी, ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन..., किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए...,जैसे कृष्ण भक्ति गीतों की प्रस्तुति जब दुष्यंत संग्रहालय में दी गई तो मानों चारों ओर भक्ति की लहरियां कृष्ण के रूप में प्रतिबिंबित होती नजर आई।

मौका था श्री राधे राधे श्री कृष्ण की भक्तिमय भजन प्रस्तुति का, जिसमें एक ओर मंच पर कलाकार अपनी सधी हुई आवाज में भजन प्रस्तुति दे रहे थे, तो वहीं दर्शक दीर्घा में बैठे जनमानस भी कृष्ण भक्ति की धुन पर थिरकते नजर आए, जिसमें पायो जी मैंने राम रतन धन पायो... कृष्ण भक्ति से सजी इस भजन संध्या की शुरुआत युवा गायक हर्षित तिवारी और उनके संगत कलाकारों ने मां सरस्वती की वंदना वीणा वादनी वर दे... से की।



इसके बाद गायिका निशा धुम्मेरिया ने जरा पास बैठो हे बांके बिहारी... भजन की सुन्दर प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों से खूब सरहाना प्राप्त की। इसके बाद कलाकारों द्वारा और भी प्रसिद्ध भजनों को आवाज दी, जिसमें पायो जी मैंने राम रतन धन पायो..., किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए..., सत्यं शिवम् सुन्दरम्.., राधारानी हमें भी बता दे जरा तेरा दिवाना कैसे हुआ सांवरा..., तेरी मुरली की धुन सुनकर मैं बरसाने से आई हूं..., होरी गीत से कार्यक्रम का समापन किया गया।

### इनकी रही संगत

इन प्रस्तुतियों में कीबोर्ड पर ईशान साहू, तबले पर तनिष्क राय और ऑक्टोपैड पर उदय अस्थाना ने शानदार संगत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता साधना गंगराड़े ने की, मोहन तिवारी का मुख्य आतिथ्य रहा तथा राजेश श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## नदियों से प्रेम करें... प्रेम दिवस पर अनूठी प्रस्तुति 14 को

**भोपाल।** शारदा विद्या मंदिर के बच्चे पर्यावरण सरंक्षण पर निरंतर जागरूकता कार्यक्रम कर रहे हैं। इसी क्रम में बच्चे नदियों की कहानी-नदियों की जुबानी कार्यक्रम 14 फरवरी को स्कूल सभागार में प्रस्तुत करने जा रहे हैं। प्री-प्राइमरी के बच्चे वार्षिक सम्मान समारोह में प्रेम दिवस पर देश-प्रदेश की नदियों के बारे बताते हुए नदियों से प्रेम करने का संदेश देंगे। गीत नाटिका के माध्यम से बच्चे नदियों के नाम लिखे रंग-बिरंगे पोस्टर का भी प्रदर्शन करेंगे, जिसमें प्रमुख नदियों के नाम लेकर बताएंगे कि वह जीव जगत के लिए कितनी आवश्यक हैं।

# पालक, गेंदा, अपराजिता और चुकंदर से विद्यार्थियों को बताया हर्बल रंग बनाना

## पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2026

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन - इप्को के सहयोग से बुधवार को शा. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2026 का भव्य उद्घाटन किया गया।

महाविद्यालय के ईको क्लब और वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ हर्बल रंगों पर एक विशेष कार्यशाला के साथ हुआ, जिसमें डॉ. सरला पटेल ने विद्यार्थियों को पालक, चुकंदर, अपराजिता एवं गेंदा से विभिन्न प्रकार के हर्बल रंग बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शालिनी सक्सेना ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से इस दिशा में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। ईको क्लब प्रभारी डॉ. कीर्ति जैन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में ईको क्लब के सदस्यों के प्रयासों की सराहना की।



वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजेश श्रीवास्तव ने कृत्रिम रंगों के हानिकारक प्रभावों से विद्यार्थियों को अवगत कराया एवं प्राकृतिक रंगों के महत्व पर प्रकाश डाला एवं साथ ही विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## स्थानीय खेल समाचार

# अल हम्द और सेंट माइकल सीनियर की शानदार जीत

## सैय्यद शकील मोहम्मद ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गए दो मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाबे आली क्रिकेट स्टेडियम पर बुधवार को सेंट माइकल क्रिकेट द्वारा आयोजित सैय्यद शकील मोहम्मद ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को दो मैच खेले गए। कॉरपोरेट ग्रुप में पहला मैच अल हम्द,कमिश्नर 11 के बीच खेला, जिसमें कमिश्नर 11 ने 179 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में अल हम्द ने यह मैच 9 विकेट से जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच प्रशांत सिंह रहे।



### सेंट माइकल ने सदय 11 को हराया

आज का दूसरा मुकाबला सेंट माइकल सीनियर और सदय 11 के बीच खेला गया, जिसमें सेंट माइकल ने 175 रनों का लक्ष्य रखा । जवाबी पारी खेलते हुए सदय इलेवन की टीम 137 रन बना पाई। सेंट माइकल ने यह मुकाबला 38 रनों से जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच ज़मरान जावेद रहे । दोनों ही मैन ऑफ द मैच के पुरस्कारों का वितरण यश पोंडा संचालक रेड रोज स्कूल एवं राहुल सिंह ठाकुर और सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी के सैयद अयान शकील द्वारा किया गया।

# भोपाल डिवीजन ने जबलपुर को पारी और 233 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर इंटर डिवीज़नल मल्टी डे क्रिकेट टूर्नामेंट
- प्रारब्ध मिश्रा और पृथ्वीराज तोमर रहे संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच

राजधानी के फेथ मैदान पर खेले गए एमपीसीएद्वारा आयोजित एम. वाय. मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर इंटर डिविजनल टूर्नामेंट में जबलपुर और भोपाल डिवीजन के मध्य खेले गए चार दिवसीय मैच के तीसरे दिन जबलपुर ने मंगलवार के स्कोर 1/78 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में 40.4 ओवर में 170 रन बनाए । भोपाल ने 441 रनों की बढ़त ली और जबलपुर को फॉलोआन खेलने पर मजबूर किया। जबलपुर ने दूसरी पारी में 48.5 ओवरों में 208 रन बनाए। भोपाल के प्रारब्ध मिश्रा ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट और तनिष्क यादव ने 3 विकेट लिए । इस तरह भोपाल डिवीजन ने जबलपुर डिविजन को पारी और 233 रनों से हराकर 7 अंक प्राप्त किए ।


मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार वितरित करते अतिथि।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य मिश्रा ने दी जानकारी

# केंद्रीय कर्मचारियों की होगी बल्ले-बल्ले, 9 लाख करोड़ तक मिलेगा एरियर्स

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य नीलकंठ मिश्रा ने चेतावनी दी कि नए वेतन व पेंशन संशोधन का कुल बोझ 4 लाख करोड़ से बढ़कर पांच तिमाहियों के एरियर समेत 9 लाख करोड़ तक जा सकता है। इससे केंद्र सरकार पर एक बड़ा वित्तीय भार झेलना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**आयोग 1 जनवरी 2028 से लागू होगा**

8वें वेतन आयोग को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। यह आयोग 1 जनवरी 2028 से लागू होगा और देश के इतिहास में सबसे बड़े वित्तीय असर वाला फैसला साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य नीलकंठ मिश्रा ने चेतावनी दी कि नए वेतन व पेंशन संशोधन का कुल बोझ 4 लाख करोड़ से बढ़कर पांच तिमाहियों के एरियर समेत 9 लाख करोड़ तक जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों दोनों को बहुत बड़ी चुनौती होगी।

यह देश के इतिहास में सबसे बड़े वित्तीय असर वाला फैसला होगा

### वेबसाइट पर कर्मचारियों से मांगा फीडबैक



नीलकंठ मिश्रा

8वें केंद्रीय वेतन आयोग ने पिछले हफ्ते अपनी आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च की है। ये सरकारी कर्मचारियों की सैलरी, पेंशन और अलाउंस में बदलाव की दिशा में एक अहम कदम है। आयोग ने पोर्टल पर एक स्ट्रक्चर्ड क्वेश्चनेयर के जरिए मंत्रालय, विभाग, केंद्रीय शासकीय कर्मचारियों और दूसरे स्टेकहोल्डर्स से फीडबैक भी मांगा है। सेंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारी अब एरियर के भुगतान और 8वें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की असली तारीख का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### यह 7वें आयोग से 7-8 गुना ज्यादा

सिर्फ सालाना वेतन और पेंशन बिल में ही 4–5 लाख करोड़ की अतिरिक्त लागत आएगी, जो एफवाई 28–29 से हर साल बढ़ती रहेगी। इसके अलावा जनवरी 2026 से मार्च 2028 तक के 5 क्वार्टर के एरियर लगभग 3.5–4 लाख करोड़ तक पहुंच सकते हैं, जो एक बार में दिया जाने वाला बड़ा भुगतान होगा। यानी पहले ही साल में कुल झटका 7.5–9 लाख करोड़ है।

### भुगतान, अलाउंस और पेंशन का लाभ

इस बीच सरकार ने साफ कर दिया है कि 8वें वेतन आयोग का दायरा भुगतान, अलाउंस और पेंशन आदि सभी को कवर करता है। राज्यसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पुष्टि की कि पेंशन संशोधन भी आयोग की जिम्मेदारी में शामिल है, जिससे लाखों पेंशनरों की चिंता खत्म हो गई है। हालांकि, फिलहाल डीए-डीआर मर्ज करने की कोई योजना नहीं है। सरकार ने कहा है कि ऐसा कोई कदम वेचनमान की रिपोर्ट आने के बाद ही सोचा जाएगा, जबकि डीए के 50फीसदी पार करने की उम्मीद 2026 के मध्य में है।



### 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनरों को राहत

50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनरों को राहत तो जरूर मिलेगी, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था के लिए यह एक मुश्किल संतुलन का समय होगा। 2027 में आयोग की रिपोर्ट और 2028 में क्रियान्वयन के साथ यह फैसला सरकार के वित्तीय प्रबंधन की असली परीक्षा बनकर सामने आने वाला है। जैसा कि नीलकंठ मिश्रा ने कहा यह भारत के लिए एक अहम फिस्कल मोड़ होगा।

## खबर संक्षेप


### पटना कोर्ट को फिर बम से उड़ाने की धमकी

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में बुधवार की सुबह एक बड़ी सनसनी फैल गई, जब पटना सिविल कोर्ट और दानापुर सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। अदालत की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही आए इस धमकी भरे ई-मेल ने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए। कोर्ट छावनी में तब्दील हो गया और चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



### भारत बंद आज, कई सेवाओं पर होगा असर

**नई दिल्ली।** देशभर में 12 फरवरी को बड़े पैमाने पर जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। कई केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों ने इस दिन राष्ट्रव्यापी हड़ताल (भारत बंद) का आह्वान किया है। इस आंदोलन में 30 करोड़ से अधिक श्रमिकों के शामिल होने की संभावना है, जिससे बैंकिंग, परिवहन और सरकारी सेवाओं पर असर होगा।



### शेट्टी के घर फायरिंग आरोपियों पर मकोका

**मुंबई।** रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित आवास के बाहर बीते दिनों हुई गोलीबारी की घटना ने इंडस्ट्री में हलचल मचा दी। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने और सख्ती दिखाते हुए फायरिंग में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट लगाया है। बुधवार को इसकी पुष्टि की।



### अकासा एयर के को-फाउंडर का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** देश के एविएशन सेक्टर में एक बड़े बदलाव की खबर है। अकासा एयर के शीर्ष प्रबंधन में एक बड़ा बदलाव हुआ है। कंपनी के को-फाउंडर (सह-संस्थापक) और चीफ कमर्शियल ऑफिसर प्रवीण अय्यर ने इस्तीफा दे दिया है। तीन साल पुरानी इस एयरलाइन के लिए यह दूसरा बड़ा झटका है। एक अन्य को-फाउंडर भी छोड़ चुके हैं।



### फरीदाबाद में उद्योगपति से 10 करोड़ की रंगदारी

**फरीदाबाद।** विदेश में बैठे एक गैंगस्टर ने फरीदाबाद के एक उद्योगपति से पहले पांच और फिर 10 करोड़ की फिरौती मांगी। जब उद्योगपति ने पैसे देने से मना कर दिया, तो गैंगस्टर ने उसे धमकाने के लिए अपने गुर्गों को भेजा। इनमें से 3 गुर्गों को क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में बठिंडा का मोनू, हनी और कपिल शामिल हैं।



## 'तेल खरीदी' पर केंद्र सरकार ने दिया जवाब, थरूर ने किया साफ

3 घंटे तक चली बैठक के बाद सरकार ने लिया फैसला

# जहां से भी सस्ता व अच्छा तेल मिलेगा भारत वहां से खरीदेगा 'कच्चा तेल'

### सरकार ने कहा- सस्ता होने के साथ-साथ बेहतर गुणवत्ता को भी परखेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने साफ किया है कि भारत उन देशों से कच्चा तेल आयात करता रहेगा, जहां यह सस्ता होने के साथ-साथ बेहतर गुणवत्ता का भी हो। भारतीय तेल कंपनियां जियो-पॉलिटिकल हालात और बिना प्रतिबंध वाले स्रोतों को ध्यान में रखकर ही खरीदारी करेंगी। यह जानकारी सरकार ने मंगलवार को एक संसदीय समिति को दी। विदेश और वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति को इस बारे में विस्तृत जानकारी दी।

थरूर ने बैठक के बाद बताया कि यह चर्चा 3 घंटे से ज्यादा चली और 30 में से 28 सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने सभी सवालों के जवाब विस्तार से दिए। बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी शामिल थे। इस दौरान थरूर ने कहा कि चर्चा का बड़ा हिस्सा भारत-अमेरिका ट्रेड डील और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर केंद्रित रहा। रूसी तेल, कृषि उत्पादों और वैश्विक व्यापार से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी बात हुई।




समिति के अध्यक्ष थरूर ने यह बात



समिति के अध्यक्ष सांसद शशि थरूर

### अंतरराष्ट्रीय व्यापार को अब 'हथियार' बनाया जा रहा

अमेरिका द्वारा लगाए जा रहे 18 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ पर थरूर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार को अब एक तरह से 'हथियार' बनाया जा रहा है। पहले भारतीय उत्पादों पर कुल 50 फीसदी तक टैरिफ लगता था, जिसे घटाकर 18 फीसदी किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत उन देशों में शामिल है, जिन्हें सबसे कम दर का फायदा मिला है। अधिकारियों ने समिति को बताया कि भारत-अमेरिका अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट को अगले महीने तक अंतिम रूप देने की कोशिश की जा रही है। इसके बाद ही इसके सभी पहलुओं पर स्पष्टता आएगी और संसद में भी इस पर चर्चा होगी।

### बाद में दिखेगा समझौते का असर

सरकार ने बताया कि भारतीय तेल कंपनियां अब अमेरिका के साथ-साथ वेनेजुएला जैसे देशों से भी तेल खरीद सकती हैं, जहां सरकार बदलने के बाद ऊर्जा क्षेत्र पर लगे प्रतिबंध हटाए गए हैं। बैठक में भारत-बांग्लादेश संबंधों पर भी चर्चा हुई। थरूर ने कहा कि बांग्लादेश में चुनाव नतीजे आने के बाद समिति इस मुद्दे पर अलग से बातचीत करेगी।

**सुधांशु त्रिवेदी ने कहा**

### राहुल का व्यवहार 'शाहीन बाग' जैसा रहा

भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लगता है कि वे जहरीले झूठ फैलाकर विदेश चले जाने में विश्वास रखते हैं। उनका व्यवहार सुस्त रहा है। सदन में कांग्रेस का व्यवहार सड़क किनारे होने वाले हंगामे से कमतर नहीं था। ऐसा आचरण अशोभनीय है। वे बैनर लेकर बढ़े, जिससे शाहीन बाग की यादें ताजा हो गईं।



**कल्याण की शिकायत**

### 'बाहर डार्लिंग और अंदर...'

बजट सत्र के दौरान लोकसभा में एक ऐसा पल आया जिसने हर किसी को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। वार-पलटवार के बीच टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी खड़े हुए। चेयर पर उस वक्त जगदंबिका पाल आसीन थे। कल्याण ने कहा कि आप बाहर तो हमें 'डार्लिंग' कहकर बुलाते हैं। यहां समय नहीं देते।



**प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा**

### अंतरिक्ष विजन के तहत भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाएंगे

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का उद्देश्य अंतरिक्ष विजन 2047 के अंतर्गत भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना करना है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अनुसंधान और जीवन विज्ञान एवं चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में वैज्ञानिक अध्ययन करने मंच प्रदान करेगा। संगठन ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के पांच मॉड्यूलों से युक्त समग्र संरचना तैयार कर ली है।



**राहुल के बयान पर बवाल**

### गोयल ने कहा- ट्रेड डील में किसानों के हितों की सुरक्षा की

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि ट्रेड डील में किसानों के हितों को कुचल दिया गया। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका समझौते में देश के किसानों के हितों को कुचल दिया गया। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वाणिज्य मंत्री के रूप में, मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि सभी निर्णय हमारे किसानों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए लिए गए हैं।



सीएम रेखा गुप्ता ने दी मंजूरी

## दिल्ली में बनेंगे 3 नए मेट्रो कॉरिडोर व 13 नए स्टेशन



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मेट्रो फेज-5(ए) को स्वीकृति दे दी गई है। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत कुल 16 किलोमीटर की लंबाई वाले तीन नए कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे, जिनमें 13 मेट्रो स्टेशन शामिल होंगे। इसकी अनुमानित लागत 12,014.91 करोड़ है, जिसमें दिल्ली सरकार का बजटीय हिस्सा 2,940.46 करोड़ निर्धारित किया गया है। परियोजना 2028 में पूरी होगी।

■ परिवहन व्यवस्था दुरुस्त होगी

### प्रधानमंत्री का '7-सी विजन' धरातल पर आएगा

गुप्ता ने कहा कि यह परियोजना परिवहन व्यवस्था से जुड़े प्रधानमंत्री के उस '7-सी विजन' को धरातल पर उतारने की दिशा में बड़ा कदम है, जिसका अर्थ है- साझा, सुलभ , सुविधाजनक, जाम-मुक्त, ऊर्जावान, स्वच्छ और अत्याधुनिक परिवहन। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करना अनिवार्य है और यह विस्तार इसी दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### 13 में से 10 स्टेशन होंगे अंडरग्राउंड

3 कॉरिडोर में आरके आश्रम से इंद्रप्रस्थ (सेंट्रल विस्टा के रास्ते), तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज और एरोसिटी से इंदिरा गांधी डोमेस्टिक टर्मिनल-1 (आईजीडी टी-1) शामिल हैं। बनाए जाने वाले कुल 13 स्टेशनों में 10 स्टेशन अंडरग्राउंड और 3स्टेशन एलिवेटेड होंगे। यह विस्तार मौजूदा मेट्रो नेटवर्क के साथ निर्बाध इंटरचेंज की सुविधा प्रदान करेगा।

### दिल्ली में एआई आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम होगा लागू

दिल्ली सरकार और ट्रैफिक पुलिस राजधानी में ट्रैफिक प्रबंधन को पूरी तरह तकनीक आधारित बनाने की तैयारी में हैं। प्रदूषण और जाम की समस्या से निपटने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस योजना के तहत 1,000 से अधिक ट्रैफिक सिग्नलों पर स्मार्ट तकनीक, ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे और स्वतः चालान प्रणाली लागू की जाएगी।

असम के सीएम हिमंता बोले

## शिकायत मिलने पर 'सर' से हटाए गए कई लोगों के नाम

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को एक और दावा किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्पेशल रिवीजन के दौरान लाखों 'डाउटफुल वोटर्स' यानी संदिग्ध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर हुई है। सरमा का यह बयान ऐसे समय आया है जब चुनाव आयोग ने मंगलवार को असम के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी की, जिसमें करीब 2.43 लाख नाम ड्राफ्ट सूची से हटा दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ एक शुरुआत है और आगे और नाम काटे जाएंगे। सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि धमकियों और दबाव के बावजूद भाजपा के कार्यकर्ताओं ने संदिग्ध मतदाताओं के खिलाफ बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज कराईं। इन्हीं शिकायतों की जांच के बाद स्पेशल रिवीजन के तहत इन मतदाताओं के नाम सूची से बाहर किए गए।



सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

## हम सोनम वांगचुक को रिहा नहीं कर सकते, वे पूरे फिट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वह लद्दाख के क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को रिहा नहीं कर सकती। वांगचुक को पिछले साल लेह में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के सिलसिले में नेशनल सिक्योरिटी एक्ट के तहत अधिकारियों ने हिरासत में लिया था। इस हिंसक प्रदर्शन में 4 लोग मारे गए थे और 150 से ज़्यादा लोग घायल हुए थे। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच के सामने यह बात कही। यह बात सुप्रीम कोर्ट के पहले के सवाल के जवाब में कही गई थी। अधिकारियों से वांगचुक की बिगड़ती सेहत को देखते हुए मेडिकल आधार पर उनकी रिहाई पर विचार करने को कहा गया था। मेहता ने कहा कि जेल मैनुअल के हिसाब से उनकी समय-समय पर करीब 24 बार जांच की गई है। वे पूरी तरह फिट हैं। दो समस्या थी, ठीक हो गई है।



देहरादून में हो रही साजिश, कांग्रेस पर किया हमला

## 20 एकड़ जमीन पर इस्लामिक यूनिवर्सिटी की मुख्यमंत्री धामी ने दिए जांच के आदेश

धौलास में जमीन करीब दो दशक पहले तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने की थी आवंटित

एजेंसी ▶▶ देहरादून

यहां आईएमए के नजदीक धौलास क्षेत्र में लगभग 20 एकड़ जमीन के कथित तौर पर इस्लामिक शिक्षा संस्थान के लिए हस्तांतरण का मामला अब विवाद का केंद्र बन गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं। धामी ने आरोप लगाया कि बार-बार डेमोग्राफिक बदलाव और इस्लामिक यूनिवर्सिटी की बात एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करती है। धौलास में यह जमीन दो दशक पहले तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने आवंटित की थी।



### कांग्रेस ने नियम के खिलाफ किया था इसका आवंटन

धामी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति को ही प्राथमिकता दी है। बार-बार डेमोग्राफिक बदलाव और मुस्लिम यूनिवर्सिटी की बातें सामने आना कहीं न कहीं एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करती हैं। धौलास में किया गया भूमि आवंटन इसका एक बड़ा उदाहरण है। इस पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। यदि भूमि का आवंटन नियमों के विरुद्ध किया गया है, तो उक्त भूमि को राज्य सरकार में निहित किया जाएगा।



राहुल के देश बेचने वाले आरोप पर सीतारमण का पलटवार

# डब्ल्यूटीओ में कांग्रेस ने किया था सरेंडर, हमने नहीं

### वित्तमंत्री ने बजट भाषण में विपक्ष को लिया आड़े हाथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पर भाषण पर नेता विपक्ष राहुल गांधी के आरोपों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने राहुल के पीएम मोदी पर लगाए आरोपों पर कहा कि वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ ) में आपने सरेंडर किया था, न कि हमने। इसके अलावा उन्होंने विपक्ष के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि देश में क्रेडिट की कोई कमी नहीं है। फर्टिलाइजर्स के लिए अलग से बजट अलॉट किया गया है, जिससे किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी। वित्त मंत्री ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर भी जमकर निशाना साधा।

### केंद्र कुछ नही देता तो कोलकाता में पेट्रोल 10 रु. में...

सीतारमण ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी और टीएमसी सांसद अभिषेक बेनर्जी के आरोपों का भी जवाब दिया, जिसमें कहा गया था कि बजट में बंगाल के लिए कुछ नहीं है। सीतारमण ने कहा कि ये गलत आरोप लगा रहे हैं। बंगाल की जनता के हित में ये कुछ नहीं कर सकते हैं और कहते हैं कि केंद्र ने बंगाल को कुछ नहीं दिया। सीतारमण ने कहा कि मछलीपालन और एनिमल हस्बेंड्री को बढ़ावा देने सरकार प्रतिबद्ध है। इससे किसानों और इसके लिए काम करने वालों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि पुराने बिजनेस को भी बढ़ावा देने के लिए सरकार का जोर है। सीतारमण ने कहा कि टीएमसी नेता शायद कट मनी लेते होंगे इसलिए ऐसी बात कर रहे हैं। अगर केंद्र कुछ नहीं देता तो दिल्ली से कोलकाता में पेट्रोल 10 रुपए में क्यों जाता है?



**अनुराग ठाकुर ने बजट को बताया**

### यह 'डेवलपमेंट एक्सप्रेस' 'ए से जी' तक सभी के लिए लाभकारी

लोकसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद ने इसे देश के विकास और समावेशन को लेकर नया संदेश बताया। अनुराग ठाकुर ने इसे 'डेवलपमेंट एक्सप्रेस' बताते हुए कहा कि यह सिर्फ आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और समाज के हर वर्ग के कल्याण की व्यापक दृष्टि है। उन्होंने केंद्रीय बजट को देश के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



जंतर-मंतर पर 13 फरवरी को देंगे

## डॉ. हरिसिंह गौर और मेजर ध्यानचंद को 'भारत रत्न'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बुंदेलखंड के विकास और लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर बुंदेलखंड सर्वदलीय मोर्चा 13 फरवरी को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन करेगा। मोर्चे के संरक्षक और वरिष्ठ सोशलिस्ट नेता रघु ठाकुर ने बताया कि अंचल की जनता सरकारों की उदासीनता से क्षुब्ध है। मोर्चा मुख्य रूप से डॉ. हरिसिंह गौर और मेजर ध्यानचंद को 'भारत रत्न' देने की मांग कर रहा है। आंदोलन के जरिए क्षेत्र की छह स्वीकृत रेल लाइनों, जिनमें ललितपुर-सागर-छिंदवाड़ा और भिण्ड-बांदा-महोबा शामिल हैं, पर तत्काल काम शुरू करने की मांग की जाएगी। इसके साथ ही राज्यरानी एक्सप्रेस का जरुआखेड़ा और पुरी एक्सप्रेस का बीना मालखेड़ी में स्टापेज, बुंदेलखंड पर्यटन बोर्ड का गठन, और मुरैना में शहीद रामप्रसाद बिस्मिल विश्वविद्यालय की स्थापना जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। कटनी और भिण्ड में पीपीपी मॉडल के बजाय सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले जाने चाहिए। धरने को रघु ठाकुर सहित राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, कांग्रेस नेता रामकुमार पचौरी, सुनील जैन और शम्भूदयाल बघेल जैसे कई बड़े नेता संबोधित करेंगे।

## भारत की पैनी नजर

# हिंसा और आगजनी के बीच आज बांग्लादेश में हो रहे चुनाव

**बोले विशेषज्ञ, अवामी लीग की भागीदारी के बिना निष्पक्ष-पारदर्शी नहीं ये चुनाव, लेकिन सत्तासीन होने वाली सरकार का भारत के प्रति सकारात्मक रुख रखना बेहद जरूरी है**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त महीने में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को उनके पद से हटाकर देश निकाला देने के बाद लंबे वक्त तक चली हिंसा (केंद्र में रहे हिंदु व अन्य अल्पसंख्यक समुदाय) और आगजनी के बीच गुरुवार (12 फरवरी) को होने जा रहे चुनावों पर भारत बेहद करीब से नजर बनाए हुए है। मामला देश के लिए महज निकट पड़ोस के इलाके में होने जा रही लोकतांत्रिक मतदान प्रक्रिया तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इसका हमारे आंतरिक से लेकर भू-राजनीतिक नजरिए से क्षेत्र के समूचे सुरक्षा संतुलन पर भी दूरगामी प्रभाव पड़ेगा।

पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की राजनीतिक पार्टी अवामी लीग की भागीदारी के बिना हालांकि बांग्लादेश में होने जा रहे इन चुनावों को शत-प्रतिशत रूप से समावेशी या निष्पक्ष तथा पारदर्शी नहीं कहा जा सकता है। लेकिन हम यही अपेक्षा करेंगे कि जिस भी दल या पक्ष की सरकार वहां पर चुनावों में जीतकर सत्ता तक पहुंचेगी। वह भारत के खिलाफ सकारात्मक और मित्रता वाला रुख अपनाए। यह जानकारी विशेषज्ञों ने हरिभूमि से बातचीत में दी है। बताते चलें कि शेख हसीना 2025 से ही भारत में शरण लेकर रह रही हैं। छात्रों के हिंसक सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच नई दिल्ली के पास आए उनके अचानक अनुरोध पर ही भारत की सरकार ने उन्हें देश में आने की मंजूरी प्रदान की थी। तब से लेकर आज तक वो यहां पर ही रह रही हैं।

### जमात की तुलना में बीएनपी ज्यादा फायदेमंद


चुनाव प्रचार करती पार्टी

विदेश मामलों के वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार ने बताया कि मैं, बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार द्वारा अवामी लीग के चुनाव लड़ने पर लगाई गई रोक के बाद यह मानता हूं कि ये चुनाव किसी भी लिहाज से समावेशी या पारदर्शी नहीं कहे सकते हैं। लेकिन फिर भी इन पर हमारी बारीक नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि अवामी लीग के बाहर हो जाने से पड़ोसी देश के चुनाव में फिलहाल दो प्रतिद्वंदी दल हैं। एक है जमात-ए-इस्लामी और दूसरा है बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी)। दोनों से वर्तमान समय में भारत के संबंध अच्छे हैं। चरमपंथी सोच वाले जमात के प्रतिनिधि भी भारत के खिलाफ बहुत ज्यादा आक्रामक रुख नहीं अपना रहे हैं। हालांकि इतिहास में उनका पाकिस्तान से रहा नापाक गठजोड़ से सभी भली-भांति परिचित हैं। उनकी सोच कट्टरपंथी रही है और वो पाकिस्तान परस्त नीतियों पर चलते रहे हैं। लेकिन फिर भी मैं यही कहूंगा कि बांग्लादेश में बीएनपी की सरकार बनना भारत के लिए ज्यादा मुफीद साबित होगा।

### चीन-पाक से बढ़ती बांग्लादेश की नजदीकियां

कुमार ने मौजूदा दौर में बांग्लादेश पर बढ़ते चीन के प्रभाव और पाकिस्तान से दिनों दिन बढ़ती जा रही उसकी दोस्ती पर भी चिंता जताई। साथ ही कहा कि इस लिहाज से वहां पर चुनावों के बाद काबिज होने वाली सरकार का भारत के प्रति रवैया अच्छा होना बेहद जरूरी है। क्योंकि पाकिस्तान की तो भारत से दुश्मनी जगजाहिर है। चीन भी अगर बांग्लादेश के साथ भारत के खिलाफ पूरी तरह से मिल जाएगा। तो कहीं ऐसा न हो कि भविष्य में क्षेत्र के ये तीनों देश मिलकर भारत के लिए कोई बड़ा सुरक्षा खतरा न पैदा करें। यहां ध्यान देने वाली एक बात ये भी है कि बांग्लादेश में सरकार चाहे किसी भी दल की आए। लेकिन उसके लिए भारत से अच्छे रिश्ते रखना बेहद जरूरी है। क्योंकि हमारा देश ही है, जिसकी सीमाएं पाकिस्तान और चीन दोनों से लगती हैं। ऐसे में अगर वो इन दोनों के साथ व्यापार से लेकर अन्य कोई संबंध रखना चाहेंगे तो उन्हें हमारी हर हाल में आवश्यकता पड़ेगी।

### 50% से अधिक मतदान केंद्र 'संवेदनशील'

बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए आधे से अधिक मतदान केंद्रों को 'संवेदनशील' के रूप में चिन्हित किया गया है। अधिकारियों ने कहा है कि इनमें से 90 प्रतिशत मतदान केंद्र सीसीटीवी निगरानी में होंगे और राजधानी ढाका में 'बॉडी कैमरे' लगाए कई पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग की सुरक्षा प्रणाली जोखिम मूल्यांकन पर आधारित है। निर्वाचन आयुक्त अबुल फजल मोहम्मद सनाउल्लाह ने कहा कि स्थानीय स्तर पर संवेदनशीलता के आकलन के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पनामा में दो नौकाएं पलटीं, 3 की मौत



**पनामा सिटी।** पनामा में कैरेबियन तट पर मंगलवार को दो नौकाओं के पलटने से तीन प्रवासियों की मौत हो गई और एक अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पनामा समुद्री प्राधिकरण ने एक बयान में बताया कि ये घटनाएं कोलंबिया की सीमा के निकटवर्ती तट के एक सुदूर इलाके में हुईं। नौकाएं कोलंबिया की सीमा से लगे 'गुना याला इंडीजिनस' क्षेत्र में प्यूर्टो ओबाल्डिया की ओर जा रही थीं। 16 यात्रियों के साथ मिरामर से जा रही थी।

### नेपाल में बस गिरी नदी में, 12 की मौत



नेपाल में मंगलवार को नेपाल के रामेछाप जिले के माचानेतार इलाके में यात्रियों से भरी एक बस सड़क से पलटकर तामाकोशी नदी में गिर गई, जिससे 12 लोगों की मौत हो गई। इस बस एक्सीडेंट में 8 लोग घायल हो गए। घायलों में से 7 को काठमांडू के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सातों घायलों को गंभीर चोट आई है। बस ड्राइवर का अचानक से कंट्रोल खो गया।

## गन कल्चर : कनाडा के कोलंबिया प्रांत के स्कूल में गोलाबारी

# शूटर समेत 9 की मौत, 25 लोग घायल हुए पीएम कार्नी ने अपना जर्मनी दौरा रद्द किया

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज शहर में मंगलवार को एक हाईस्कूल में हुई गोलीबारी में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। अभी तक ये जानकारी नहीं आई है कि मरने वालों में कोई छात्र है या नहीं। स्कूल को एहतियातन बंद कर दिया गया है। इलाके के विधायक लैरी न्यूफेल्ड ने बताया कि हालात काबू में करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और एंबुलेंस की टीमें मौके पर भेजी गईं हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि जो लोग अपने परिवार वालों को ढूंढने के लिए बाहर निकल आए हैं, वे घर लौट जाएं। सरकारी वेबसाइट के मुताबिक, हादसे वाले टम्बलर रिज सेकेंडरी स्कूल में 7 से 12 क्लास तक के कुल 175 छात्र पढ़ते हैं। टम्बल रिज लगभग 2,400 लोगों का एक छोटा सा कोल माइनिंग शहर है, जो डायनासोर के पैरों के निशान और जिवाश्म के लिए मशहूर है। वहीं, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने इस गोलीबारी के बाद अपना जर्मनी दौरा रद्द कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि वह इस घटना से बेहद दुखी हैं। उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए संवेदना जताई और राहतकर्मियों की तारीफ की।

*टम्बलर रिज शहर के हाईस्कूल में 175 छात्र पढ़ते*

*स्कूल में 6, पास के घर में 2 और अस्पताल में 1 की मौत*

### संदिग्ध महिला ने आत्महत्या की


हादसे वाली जगह पर मौजूद रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस फोर्स

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने बताया कि संदिग्ध एक महिला थी, जिसने स्कूल ड्रेस पहन रखी थी और उसके बाल भूरे थे। उसका शव स्कूल के अंदर मिला। पुलिस का मानना है कि उसने खुद को गोली मारी है। पुलिस के अनुसार, दोपहर करीब 1 बजकर 20 मिनट (भारतीय समयानुसार रात करीब 2 बजे) पर स्कूल में गोलीबारी की खबर मिली थी। जब अधिकारी हाई स्कूल पहुंचे तो वहां छह लोग मृत मिले। एक अन्य घायल की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। इसके अलावा, पास के एक घर में दो और लोगों के शव मिले।

### छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला

करीब 25 लोगों को हल्की चोटों के साथ स्थानीय मेडिकल सेंटर में इलाज के लिए ले जाया गया। पुलिस अधिकारी केन फ्लॉयड ने बताया कि स्कूल से लगभग 100 छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गोलीबारी की वजह अभी साफ नहीं है। 'पीस रिवर साउथ स्कूल डिस्ट्रिक्ट' ने मंगलवार को कहा कि सेकेंडरी स्कूल और टंबलर रिज एलिमेंटरी स्कूल दोनों में लॉकडाउन लागू किया गया है यानी किसी को अंदर जाने या बाहर निकलने की अनुमति नहीं है।

### पुलिस हमले का मकसद पता लगाने में जुटी

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) उत्तरी जिले के फेडरल पुलिस चीफ सुपरिटेंडेंट केन फ्लॉयड ने कहा कि वे अभी तक हमले के मकसद का पता नहीं लगा पाए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ये हमला 'क्यों' हुआ इसका पता लगाने में मुश्किल होगी, लेकिन हम यह पता लगाने की पूरी कोशिश करेंगे कि आखिर 'क्या' हुआ था। उन्होंने कहा कि घर स्कूल के पास था, और गोलीबारी आपस में जुड़ी हुई थी। हम हमले के मकसद का पता लगाने में जुटे हैं।

### पीएम मोदी ने जताया दुख



पीएम नरेंद्र मोदी ने गोलीबारी पर खेद जताया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि कनाडा में हुई भयानक शूटिंग से सदमे में हूं। मैं उन परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। इस गहरे दुख की घड़ी में भारत कनाडा के लोगों के साथ खड़ा है।

### थाईलैंड में स्कूल पर फायरिंग, हिरासत में युवक

थाईलैंड के हाट याई में बुधवार शाम एक 18 साल के युवक नेस्कूल में फायरिंग कर दी। हमले में स्कूल डायरेक्टर और एक छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। आरोपी ने बाद में एक महिला स्टाफ को बंधक बना लिया। युवक अपनी बहन को सजा दिए जाने से नाराज था। घटना शाम करीब 4:45 बजे हाट याई के प्रथन खिरिवाट स्कूल में हुई। पुलिस ने आरोपी की पहचान 18 वर्षीय खेम के रूप में की है। पुलिस को पहले सूचना मिली थी कि आरोपी युवक अपनी मां को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। इसी सूचना पर पुलिस जब घर पहुंची, तो आरोपी ने कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी से एम4 राइफल छीन ली।

## बैंक ऑफ अमेरिका का बड़ा दावा

# भारत-अमेरिका डील पर प्रभावी टैरिफ सिर्फ 13% रहने का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील से भारतीय निर्यातकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बैंक ऑफ अमेरिका (बोफा) ग्लोबल रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर रेसिप्रोकल टैरिफ की दर 18 प्रतिशत पर बरकरार रहती है, तो भारतीय निर्यात पर प्रभावी टैरिफ घटकर 12-13 प्रतिशत तक आ सकता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स की हिस्सेदारी 40-45 प्रतिशत है, जिस पर फिलहाल जीरो टैरिफ लागू है। हालांकि, अमेरिका के सेक्शन 232 प्रावधान के तहत लगने वाले शुल्क को जोड़ने पर प्रभावी टैरिफ दर 12 प्रतिशत से कुछ ऊपर रह सकती है। बोफा ने यह भी कहा है कि भारत द्वारा अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है, जो सालाना करीब 100 अरब डॉलर के आयात के बराबर है। वर्तमान में भारत का कुल आयात बिल लगभग 750 अरब डॉलर है।


पीएम मोदी और ट्रंप फाइल फोटो

### इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत अहम: कूपर

अमेरिका ने भारत को दक्षिण एशिया और पश्चिमी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र का एक अहम और भरोसेमंद देश बताया है। दक्षिण और मध्य एशिया के सहायक सचिव पॉल कपूर ने हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी की साउथ और सेंट्रल एशिया पर सब-कमेटी के सामने पेश एक लिखित बयान में कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति यह साफ करती है कि वॉशिंगटन को 'अमेरिका को सबसे पहले' रखना चाहिए और ऐसा दुनिया के जरूरी हिस्सों के साथ सक्रिय जुड़ाव के जरिए करना चाहिए। कपूर ने कहा, राष्ट्रपति के नेतृत्व में हमें आर्थिक और सुरक्षा की दृष्टि से फायदा हुआ है, साथ ही हमारे साझेदारों को भी मदद मिली है। उन्होंने कहा कि अकेले भारत में एक बिलियन से ज्यादा लोग रहते हैं।

### अमेरिका ने दी भारत को और राहत

अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी अपनी फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए हैं। पहले जिन बातों का साफ जिक्र था, अब उन्हें या तो हटा दिया गया है या उनकी भाषा बदली गई है। सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा, जिसमें दाल भी शामिल थी। अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा लिया गया है। 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदली गई है।

## अस्थायी विदेश नियुक्तियों को मिलेगी राहत

# भारत और ब्रिटेन ने सामाजिक सुरक्षा समझौते पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड उत्तरी आयरलैंड के बीच सामाजिक सुरक्षा योगदान से जुड़ा एक अहम समझौता संपन्न हुआ है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह समझौता दोनों देशों के बीच टैलेंट की मोबिलिटी को बढ़ावा देगा और अस्थायी विदेश नियुक्तियों पर जाने वाले कर्मचारियों को दोहरे सामाजिक सुरक्षा योगदान से राहत दिलाएगा।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी और भारत में ब्रिटेन की हाई कमिश्नर लिंडी कैमरून सीबी ओबीई ने मंगलवार को नई दिल्ली में भारत सरकार और ब्रिटेन सरकार के बीच सोशल सिक्योरिटी सहयोग से जुड़े इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

### दोनों देशों के बीच आवाजाही होगी आसान

यह एग्रीमेंट अस्थायी विदेश असाइनमेंट पर काम करने वाले कर्मचारियों के डबल सोशल सिक्योरिटी कंट्रीब्यूशन को समाप्त करेगा। इससे न सिर्फ दोनों देशों के बीच टैलेंट की आवाजाही आसान होगी, बल्कि नियोक्ताओं और प्रोफेशनल्स की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी बढ़ेगी। यह समझौता दोहरे सामाजिक सुरक्षा भुगतान को खत्म करता है, जिससे दोनों देशों के नियोक्ताओं और सीमा-पार काम करने वाले प्रोफेशनल्स को सीधा फायदा मिलेगा। इससे क्रॉस-बॉर्डर बिजनेस और रोजगार को भी


लिंडी कैमरून और विक्रम मिसरी

### आर्थिक सहयोग होगा मजबूत

बातचीत में भारत और ब्रिटेन के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग के एक अहम पहलू पर चर्चा हुई। खासतौर पर क्रॉस-बॉर्डर बिजनेस और एम्प्लॉयर्स पर बोझ डालने वाली दोहरी सामाजिक सुरक्षा भागीदारी को समाप्त करने पर फोकस किया गया। यह समझौता दोनों देशों के बीच स्किल्ड प्रोफेशनल्स की आवाजाही को आसान बनाएगा। इससे वर्कफोर्स इंटीग्रेशन, रोजगार सुरक्षा और आर्थिक जुड़ाव को नई गति मिलेगी। यह एग्रीमेंट क्रॉस-बॉर्डर बिजनेस और प्रोफेशनल्स के हित में दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

## ईरान का अमेरिका को दो टूक संदेश

# परमाणु संयंत्रों के निरीक्षण की इजाजत पर हमारी संप्रभुता से 'समझौता' नहीं


एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन का कहना है कि उनका देश अपने परमाणु कार्यक्रम का किसी भी तरह का निरीक्षण कराने को तैयार है और स्पष्ट किया कि तेहरान परमाणु हथियार के पक्ष में नहीं है। ईरान की इस्लामिक क्रांति की 47वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हम परमाणु हथियार हासिल नहीं करना चाहते। हमने यह बार-बार कहा है और किसी भी तरह के सत्यापन के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में ज्यादा मांगों के आगे नहीं झुकेगा। अमेरिका और यूरोप ने अपनी बातों और बयानबाजी से संदेह की ऊंची दीवार खड़ी कर दी है, जिससे


ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन

बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकल रहा है। पेजेशकियन ने कहा कि हमारा देश, ईरान, उनकी ज्यादा मांगों के आगे नहीं झुकेगा। हमारा ईरान हमले के आगे नहीं झुकेगा, लेकिन हम इस इलाके में शांति और सुकून कायम करने के लिए पड़ोसी देशों के साथ पूरी ताकत से बातचीत जारी रखे हुए हैं। ईरान के लोग अपनी क्रांति को बचाने, नेतृत्व के साथ चलने और मूल्यवान जन्मभूमि की रक्षा करने के लिए लाखों की संख्या में सामने आए हैं।

## भारत-थाईलैंड वायुसेनाओं का संयुक्त अभ्यास



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना और रॉयल थाई एयर फोर्स के बीच संयुक्त इन-सीटू हवाई अभ्यास शुरू हुआ है। भारतीय वायुसेना ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच ऑपरेशनल तालमेल और इंटरऑपरेबिलिटी को मजबूत करना है। यह अभ्यास क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को भी बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इस संयुक्त अभ्यास में सू-30एमकेआई लड़ाकू विमान, एडब्ल्यूएसीएएस, एईडब्ल्यूएंडसी और आईएल-78 एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग विमान हिस्सा ले रहे हैं। वहीं थाईलैंड की ओर से ग्रिपेन लड़ाकू विमान शामिल हैं।

## सुंदर पिचाई से लेकर सैम ऑल्टमैन का नई दिल्ली में रहेगा जमावाड़ा

16 से 20 फरवरी तक होगा आयोजन

# एआई इंपैक्ट समिट में शामिल होंगे दुनिया के टेक लीडर्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार द्वारा घोषित एआई इंडिया इंपैक्ट समिट 2026 नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहा है। यह सम्मेलन 16 फरवरी से 20 फरवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा। यह एआई समिट ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आयोजित किया जा रहा है जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आर्थिक विकास और सरकारी कामकाज के लिए तेजी से जरूरी होती जा रही है। टेक इंडस्ट्री के कई बड़े लीडर्स इस समिट में शामिल होंगे। इनमें गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, एनवीडिया के फाउंडर जेन्सेन हुआंग, गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस, माइक्रोसॉफ्ट के प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ और क्वालकॉम के सीईओ क्रिस्टियानो एमॉन जैसे कई बड़े नाम शामिल हैं। वहीं ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन भी इस इवेंट में हिस्सा लेंगे।

**एआई क्रांति टेक इंडस्ट्री के हर क्षेत्र में प्रगति के व्यापक अवसर प्रदान करेगी | एआई की मदद से काम, आर्थिक और तकनीकी तरक्की का बढ़ावा देना है**

### भारत टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण को बढ़ावा दे रहा


गूगल के सुंदर पिचाई ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स

भारत अपने विकास के सफर के एक महत्वपूर्ण चरण में है और उसकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को एक रणनीतिक राष्ट्रीय उपकरण के रूप में बढ़ावा देने पर काम करने की योजना है। भारत चाहता है कि टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण को बढ़ावा दे और बड़े पैमाने पर एक्सेस, इन्क्लूज़न और समानता सुनिश्चित करे। यह टेक्नोलॉजी क्रांति टेक इंडस्ट्री के हर क्षेत्र में प्रगति के लिए व्यापक अवसर ऑफर करेगी।

### इंडिया एआई इंपैक्ट समिट के तीन मूल सूत्र

एआई समिट के तीन आधारभूत सूत्र हैं। **लोग:** ह्यूमन-फोकस्ड एआई को बढ़ावा देना जो अधिकारों की रक्षा करे, सर्विसेज तक एक्सेस को बेहतर बनाए, ट्रस्ट बिल्ड करे और समाज के सभी वर्गों में समान लाभ सुनिश्चित करे। **पृथ्वी:** ऊर्जा की बचत करने वाली प्रणालियों को बढ़ावा देकर जलवायु व पर्यावरण की सुरक्षा में मदद करने वाले एआई का विकास करना और तीसरा **प्रगति:** इनोवेशन और कौशल बढ़ाकर तथा एआई की मदद से काम की गति और विकास को बढ़ाते हुए, आर्थिक और तकनीकी तरक्की करे।

## संसद में पाक रक्षा मंत्री ने रोया दुखड़ा

# अमेरिका ने इस्तेमाल किया, मतलब निकला टॉयलेट पेपर की तरह फेंका

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद


पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टॉयलेट पेपर की तरह फेंक दिया। उन्होंने कहा कि हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं। इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया। उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत पाकिस्तान आज भी चुका रहा है।

**डॉक्टर्स सजेशन**



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## बदलते मौसम में जब बार-बार हो खांसी-जुकाम



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बदलते मौसम में मुझे सर्दी-खांसी और बुखार की समस्या अकसर हो जाती है। कृपया बताएं, ऐसा क्या करूं कि मैं बदलते मौसम में भी स्वस्थ रह सकूं?**

**-कृपाशंकर, हिसार**

बदलते मौसम में, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, उनको सर्दी-जुकाम जल्दी-जल्दी होता है। आपकी उम्र भी अधिक है, इसलिए आपको और बचाव करने की जरूरत है। कोशिश करें कि सुबह शाम जब ठंड हो तब मॉर्निंग वॉक ना करें या घर से बाहर ना निकलें। अगर निकलना जरूरी हो तो पूरी तरह से वूलेन क्लॉथ पहनकर निकलें। साथ ही फ्रिज में रखा हुआ कोई भी कोल्ड डिश या ठंडा पेय बिल्कुल ना पिएं। नियमित रूप में विटामिन सी वाले यानी खट्टे फल जैसे संतरा, आंवला आदि खाएं। इससे आपको काफी राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दाईं तरफ मीठा-मीठा दर्द बना रहता है। भूख नहीं लगती है और कभी-कभी बुखार भी आ जाता है। कृपया बताएं कि मुझे ऐसी समस्या क्यों हो रही है?**

**-सौरभ, बिलासपुर**

आपको तुरंत किसी जनरल फिजिशियन से संपर्क करना चाहिए। जैसा आप बता रहे हैं कि दर्द होता है, भूख नहीं लग रही है। साथ में कभी-कभी फीवर भी आता है तो यह संभावना है कि आपको टाइफाइड हो सकता है। लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। इसलिए डॉक्टर से संपर्क कर जांच कराएं और फिर रिपोर्ट के आधार पर उसका ट्रीटमेंट होगा।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मुझे कुछ महीनों से हार्ड स्टूल और पाइल्स की समस्या है। कई तरह की दवाइयां और चूर्ण लेने के बाद भी मेरी प्रॉब्लम बनी हुई है। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-एक पाठक, ईमेल से**

पाइल्स की समस्या तब शुरू होती है, जब आपका पेट ठीक नहीं होता है यानी आपको मोशंस क्लियर नहीं होते हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है कि आप ऐसा खाना खाएं, जो जल्द डाइजेस्ट हो। साथ में कोशिश करें कि खाने के साथ नियमित रूप में पपीता जरूर लें। खाना आपका सादा होना चाहिए, तला-भुना और ज्यादा मिर्च मसाले वाला ना हो। काली मिर्च और अदरक का भी सेवन कम करें या ना करें। ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो एक बार सर्जन को दिखा सकते हैं। अगर ऑपरेट करने की संभावना होगी तो वह कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 23 वर्ष है। मुझे बस या ऑटो में जर्नी करते समय चक्कर आने लगता है और वॉमिटिंग भी होती है। प्लीज कुछ ऐसा उपाय बताएं, जिससे मेरी यह हेल्थ प्रॉब्लम ठीक हो जाए।**

**-विभूति, कांकेर**

इस तरह की समस्याएं कई लोगों को होती है। इसका सीधा तरीका है कि आपको सफर से पहले खाना नहीं खाना चाहिए। हल्का या सॉफ्ट डाइट लेना चाहिए और कोशिश करें कि बस और ऑटो जर्नी कम से कम करें। ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो और जर्नी करनी जरूरी हो तो डॉक्टर से सलाह के बाद वॉमिट रोकने वाली दवा भी ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 56 वर्ष है। मैं अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर चिंतित और तनावग्रस्त हो जाता हूं। इस वजह से मुझे ठीक से नींद नहीं आती और बीपी भी बढ़ जाता है। मैं इस समस्या से कैसे निजात पाऊं, प्लीज बताएं?**

**-कौशल, रायपुर**

यह समस्या आज के दौर में काफी लोगों में देखी जाती है। ज्यादातर लोग किसी न किसी मानसिक समस्या से ग्रसित होते हैं। इसका समाधान आप ही कर सकते है। आप क्या सोचते हैं, उसका क्या समाधान होगा, उसे करें। इसके साथ ही सुबह और शाम नियमित रूप में प्राणायाम करें। अगर ज्यादा समस्या है तो एक बार मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

**फिटनेस सजेशन**

दिव्यज्योति 'नंदन'

शरीर को हेल्दी और फिट रखने में योगाभ्यास और जिम में वर्कआउट दोनों का अपना-अपना महत्व है। लेकिन अपने लिए किसी का चुनाव करने से पहले आपको यह जरूर जान लेना चाहिए कि किस एज के लोगों को क्या करना अधिक फायदेमंद और सुरक्षित रहता है। हम आपको यहां बता रहे हैं अलग-अलग एज ग्रुप के लोगों के लिए योगा और वर्कआउट में से किसका और कितना अभ्यास करना चाहिए?

## योगाभ्यास-जिम में वर्कआउट किस एज में क्या होता है बेस्ट





आज फिटनेस को लेकर लोगों में काफी मतभेद होता है। एक वर्ग योग को महत्वपूर्ण मानता है और दूसरा वर्ग जिम में वर्कआउट को कारगर समझता है। कोई कहता है जिम के बिना फिटनेस संभव ही नहीं है, तो दूसरे वर्ग के लोग कहते हैं कि कितना भी जिम में वर्कआउट कर लो, बिना योग के शरीर में लोच, लचक नहीं आती और न ही शरीर तनाव से मुक्त होता है। दोनों अपने-अपने तर्कों पर अडिग रहते हैं और दोनों अपने सिवा दूसरे को खारिज करते हैं। लेकिन आपको किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले दोनों के बारे में खूब अच्छी तरह से समझना होगा।

### योगा और जिम वर्कआउट में फर्क

योग शरीर के लचीलेपन को, सांस लेने की प्रक्रिया को, मन की स्थिरता को और हमारे नर्वस सिस्टम को बेहतर बनाने का काम करता है। मतलब यह है कि योग हमारे शरीर को भीतर से तंदुरुस्त करता है। जबकि जिम वेट ट्रेनिंग, शरीर की मसल्स, ताकत, स्टेमिना और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने का जरिया होता है। यह तेजी से शरीर में दिखने वाले बदलाव करता है और हां, अगर बिना इंस्ट्रक्टर के देख-रेख के अगर जिम में वर्कआउट किया जाता है, तो वह चोट लगने और फिटनेस को जोखिम में डालने की आशंका भी पैदा करता है। ऐसे में जरूरी है कि हम यह बात जानें कि योग बनाम जिम नहीं है बल्कि योग एक खास उम्र के लिए ज्यादा बेहतर है और जिम दूसरी उम्र के लोगों के लिए ज्यादा मुफीद होता है।

### 18-25 की उम्र में जिम वर्कआउट करना है सही

इस उम्र समूह के लोगों के लिए शरीर को फिट रखने का सबसे बेहतर जरिया जिम में वर्कआउट को माना जाता है। क्योंकि इस उम्र में



शरीर में भरपूर ताकत होती है। टेस्टोस्टेरॉन, ग्रोथ हार्मोन और शरीर की रिकवरी कैपेसिटी पीक पर होती है। इसलिए इस उम्र के लिए जिम में वर्कआउट करना बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए इस उम्र के लोगों को जिम, वेट ट्रेनिंग और कार्डियो (मुख्य) को वरीयता देनी चाहिए। लेकिन अगर ये लोग सप्ताह में दो या तीन दिन योग को भी अपनी फिटनेस योजना में शामिल करते हैं तो समझिए सोने में सुहागा है, क्योंकि जिम के जरिए मसल्स आसानी से बनती हैं। बॉडी शेप में आती है और भविष्य के लिए हड्डियों की मजबूती बढ़ती है। अगर इसी दौरान योगाभ्यास का भी साथ लिया जाए तो यह सांस लेने की प्रक्रिया को भी बेहतर बनाता है। शरीर के ध्यान को फोकस करता है, चोटों से बचाता है और मसल्स स्ट्रेचिंग में भी कारगर है। लेकिन इस उम्र में जिम वर्कआउट को मुख्य माना जा सकता है।

### 26-35 साल के लिए योगाभ्यास

26 से 35 साल की उम्र ऐसी होती है, जब शादी, परिवार, तनाव आदि के कारण नींद कम आती है। शरीर चूंकि मजबूत होता है, इसलिए ज्यादा फर्क नहीं दिखता है लेकिन तनाव धीरे-धीरे शरीर को कमजोर और मन को अशांत करने लगता है। आमतौर पर देखा जाता है कि इस वजह से पीठ का दर्द, पेट, वजन, शुगर और बीपी की शुरुआत इसी उम्र में होती है। ऐसे में जरूरी है-

- हफ्ते में कम से कम तीन से चार दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जरूर करें।
- बाकी बचे तीन दिन हर हाल में योग और प्राणायाम करें।
- इस सबके साथ पैदल चलना और हल्का कार्डियो हर दिन जरूरी है। क्योंकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, योग से तनाव काबू में रहता है, नींद बेहतर होती है और दोनों साथ हों तो वजन नियंत्रित रहता है और बॉडी फिट रहती है। लब्बोलुआब यह कि इस उम्र में दोनों पर ध्यान देना चाहिए।

### 36-45 साल की एज में शुरू करें स्मार्ट जिम ट्रेनिंग

यह उम्र का वह पड़ाव होता है, जब मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है और पेट बढ़ने लगता है। शरीर में हार्मोनल बदलाव और मसल्स घटने लगते हैं। जोड़ों की जकड़न, पीठ और कंधे का दर्द बढ़ने लगता है। ऐसे में कुछ बातों पर अमल जरूरी है।

- मॉडरेट वेट ट्रेनिंग करें। यह आपकी जिम एक्टिविटी में मुख्य होनी चाहिए।
- इसी उम्र के दौरान योग और मोबिलिटी ट्रेनिंग शुरू करना भी जरूरी है।
- ध्यान और प्राणायाम इस उम्र के तनाव को कम करते हैं।
- वेट ट्रेनिंग करना भी फायदेमंद है क्योंकि इससे मसल्स मजबूत बनती हैं।
- योगाभ्यास, जोड़ों और रीढ़ को सुरक्षित रखता है, दोनों मिलकर शरीर को एजिंग के खिलाफ मजबूती देते हैं। ऐसे में इस उम्र में वर्कआउट और योगाभ्यास दोनों करना जरूरी है।

### 46-60 की उम्र में योग को दें प्राथमिकता

उम्र का यह वह पड़ाव होता है, जब व्यक्ति अकसर बीपी, शुगर, हार्ट रिस्क, घुटनों के दर्द और कमर की समस्याओं से जूझ रहा होता है। बहुत लोग सोचते हैं कि अब जिम नहीं करना चाहिए पर विशेषज्ञ कहते हैं, इस उम्र में भी हल्की स्ट्रेंथ ट्रेनिंग बेहद जरूरी है। पर हां, योग सबसे ज्यादा जरूरी है। ऐसे में इस उम्र का बेहतरीन फार्मूला कुछ इस तरह का बनता है-

- योगाभ्यास को मुख्य रूप से रोजाना करें। विशेषकर जोड़ों, फेफड़ों की बेहतरी के लिए ये बहुत कारगर रहता है।
- हल्की वेट ट्रेनिंग भी जरूरी है। इस उम्र में चूंकि हड्डियों और मसल्स की समस्याएं सिर उठाने लगती हैं, इसलिए हल्की वेट ट्रेनिंग लगातार करते रहना चाहिए।
- सबसे ज्यादा जरूरी है कि इस उम्र में लंबी वॉक करें, क्योंकि हार्ट हेल्थ के लिए यह बहुत फायदेमंद होता है।
- इस उम्र में योगाभ्यास करने से शरीर में लचीलापन बना रहता है और मसल्स-जोड़ों में दर्द कंट्रोल में रहता है।
- स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से गिरने का खतरा कम होता है।
- हड्डियां मजबूत होती हैं, मसल्स लॉस कम होता है। लब्बोलुआब यह है कि इस उम्र में योग को प्राथमिकता दें, लेकिन हल्के जिम की रेग्युलर एक्सरसाइज न छोड़ें। *



## मेरे लिए हेल्दी-फिट फील करना सबसे ज्यादा जरूरी है

**फिटनेस फंडा**

पारस अरोड़ा

इन दिनों एंड टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'घरवाली पेड़वाली' में जीतू का किरदार निभा रहे पारस अरोड़ा काफी फिट नजर आते हैं। इसके लिए वे क्या एफर्ट करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

**हेल्थ-फिटनेस की इंपॉर्टेंसः** मेरे हिसाब से हेल्दी और फिट रहना अच्छी लाइफ की सबसे मजबूत नींव है। अगर आप शारीरिक तौर पर फिट नहीं हो तो चाहे कितनी भी सफलता मिल जाए, आप उसे पूरी तरह एंज्वॉय नहीं कर पाते। एक एक्टर होने के नाते हमारे काम में लंबे शूटिंग ऑवर्स, ट्रैवल और अनप्रेडिक्टेबल रूटीन होता है। ऐसे में फिटनेस ही है, जो मुझे हर दिन फ्रेश और फोकस्ड रखती है। फिट बॉडी के साथ-साथ पॉजिटिव माइंडसेट भी बहुत जरूरी है।

**हेल्दी-फिट फील करना इंपॉर्टेंटः** मेरे लिए हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक फील करना, सबसे ज्यादा जरूरी है। अगर आपके पास एनर्जी नहीं है, तो आप अपने काम में 100% नहीं दे सकते।

**डाइट प्लानः** मैं बहुत ज्यादा स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो नहीं करता, लेकिन बैलेंस्ड खाने में



विश्वास रखता हूं। सुबह की शुरुआत गुनगुने पानी या नीबू पानी से करता हूं। ब्रेकफास्ट में ओट्स, अंडे या कभी-कभी घर का बना परांठा खाता हूं। लंच में दाल, सब्जी, रोटी और सलाद लेना पसंद करता हूं। शाम को फल, नट्स या नारियल पानी ले लेता हूं। और डिनर में हल्का खाना जैसे सूप या सब्जी ले लेता हूं। मैं जंक फूड और ज्यादा मीठा खाने से बचता हूं।

**वर्कआउट शेड्यूलः** मैं हफ्ते में 4 से 5 दिन वर्कआउट करने की कोशिश करता हूं। मेरा रूटीन मिक्स रहता है कभी जिम, कभी कार्डियो, कभी योग। शूटिंग की वजह से अगर जिम नहीं जा पाता, तो कम से कम वॉक, स्ट्रेचिंग या बॉडीवेट एक्सरसाइज जरूर करता हूं। मेरा मानना है कि रोज थोड़ा मूवमेंट बहुत जरूरी है।

**मेंटल फिटनेसः** मेंटल फिटनेस के लिए मैं रोज मेडिटेशन करता हूं और खुद के लिए थोड़ा मी टाइम निकालता हूं। म्यूजिक सुनना, फैमिली, दोस्तों से बात करना मुझे स्ट्रेस-फ्री रखता है। *


**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

**मेंटल हेल्थ**

रेखा देशराज

नेचर के करीब कुछ समय बिताने से न केवल सुकून मिलता है, हम मेंटली हेल्दी भी रहते हैं। इस बात की पुष्टि कुछ समय पहले किए गए एक स्टडी में हुई है। इस स्टडी के बारे में डिटेल में जानिए।

## नेचर के करीब रहने से आप रहेंगे मेंटली हेल्दी





हाल ही में हुए एक अध्ययन में यह पाया गया कि प्रकृति से जुड़ी गतिविधियां हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं। जो लोग मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं, उनको भी प्रकृति के साथ जुड़ने से लाभ होते हैं। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ योर्क द्वारा किया गया, जिसमें बताया गया है कि घर से बाहर प्रकृति से जुड़ी गतिविधियां हमारे भीतर के तनाव को कम करती हैं, मूड अच्छा करती हैं और हममें सकारात्मक भावनाओं को बढ़ावा देती हैं। इसमें यह भी पाया गया है कि 20 से 90 मिनट की गतिविधियां, जिन्हें हम 8 से 12 सप्ताह तक करते हैं, इनके बहुत ही बेहतर नतीजे सामने आते हैं।

**क्या कहती है स्टडीजः** इस अध्ययन में अध्ययनकर्ताओं द्वारा 14,321 नेचर बेस्ड इंटरवेंशंस यानी जो लोग प्रकृति से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर रहे थे, उनके रिकॉर्ड के 50 अध्ययनों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है। इस अध्ययन के मुख्य लेखक डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ साइंसेज के डॉ. पीटर कन्वेंटरी का कहना है कि हम पहले से ही इस तथ्य से परिचित हैं कि प्रकृति से जुड़ना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन हमारे इस अध्ययन ने इस बात को और भी पुख्ता कर दिया है कि प्रकृति से जुड़ी गतिविधियों में संलग्न होने से हमारा मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। प्रकृति से जुड़ी इन गतिविधियों को स्वयं किया जाए या दूसरों के साथ मिलकर किया जाए, सभी का फायदा होता है। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि आउटडोर गतिविधियां शारीरिक स्वास्थ्य को कम, मानसिक स्वास्थ्य को ज्यादा सुधारती हैं। इस अध्ययन ने लोगों को इस बात के लिए भी उत्साहित किया है कि प्रकृति से जुड़ी गतिविधियों को करने से हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर भी असर होता है। इसलिए इस अध्ययन ने लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़कर खुद को प्रकृति से जुड़ने की ओर उत्साहित किया है।

**तन-मन को मिले फायदाः** आज की मॉडर्न जीवनशैली में लोग अपना अधिकांश समय घर या दफ्तर के भीतर फोन, टेलीविजन या कंप्यूटर की स्क्रीन पर ही बिताते हैं। दिनभर ऑफिस में रहने के दौरान मानसिक रूप से थके होने के कारण हम तनाव का शिकार होते हैं और ऐसे में प्राकृतिक वातावरण में अगर हमारा तन और मन विश्राम पाते हैं तो हमारी एकाग्रता बढ़ती है और हमें खुशी की अनुभूति होती है। दिल को सुकून मिलता है। प्रकृति के बीच अपना समय बिताने के लिए वॉक करना, साइकिलिंग या लंबी दूरी तक पैदल चलना अच्छा लगता है। इससे हम वजन तो नियंत्रित रख ही सकते हैं। मासंपेशियों में तनाव कम होता है। हृदय प्रणाली पर दबाव कम होने से हार्ट बीट और ब्लड प्रेशर भी कम हो जाता है। जो लोग प्रकृति के ज्यादा करीब रहते हैं, उनमें हृदय रोग की दर भी कम होती है। खुले वातावरण में रहने से विटामिन डी का शरीर में स्तर बढ़ता है, जो हड्डियों, रक्त कोशिकाओं और प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण है।

**चिंता-अवसाद होते हैं कमः** रोजमर्रा की भागदौड़ भरी जिदंगी से कुछ देर प्रकृति के सान्निध्य में हमें मानसिक शांति मिलती है और हमारी रचनात्मक क्षमता भी बढ़ती है। कभी-कभी जब हम मानसिक रूप से थक जाते हैं और ताजी हवा के लिए घर से बाहर प्रकृति के नजदीक रहते हैं तो हम अपने को बेहतर पाते हैं। प्रकृति हमारी चिंता को कम करती है। तनाव व क्रोध घटाती है। हरियाली वाले स्थान में रहने से हमें अवसाद कम होता है। प्राकृतिक रोशनी में रहने से रात में नींद भी अच्छी आती है। *










गुरबाज ने खेली धमाकेदार पारी

## डबल सुपर ओवर का महा रोमांच : साउथ अफ्रीका ने जीता मैच

# अफगानिस्तान की दिल तोड़ने वाली हार, गुरबाज की छक्कों की हैट्रिक, छुड़ाए साउथ अफ्रीका के पसीने

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अफगानिस्तान को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप में दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज मैच में अफगान टीम साउथ अफ्रीका से डबल सुपर ओवर में हार गई। दूसरे ओवर में 24 रन का पीछा करते हुए रहमानुल्लाह गुरबाज ने तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के लगाकर लगभग मुकाबले को अफगानस्तिान के पक्ष में कर दिया था। आखिरी गेंद पर सिर्फ पांच रन चाहिए थे तब आउट हो गए।

### गुरबाज ने खेली 84 रनों की विस्फोटक पारी

मैच की बात करें तो 188 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी अफगानिस्तान के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 84 रनों की विस्फोटक पारी खेली। 42 गेंदों पर खेली गई इस पारी में गुरबाज ने 4 चौके और 7 छक्के लगाए। तेजी से शतक की तरफ बढ़ रहे गुरबाज को केशव महाराज ने जॉर्ज लिंडे के हाथों कैच कराकर पवेलियन की राह दिखाई। गुरबाज के अलावा शीर्ष क्रम का कोई भी बल्लेबाज नहीं चला।

इब्राहिम जादरान 12, गुलबदीन नायब 0, सेदिकुल्लाह अटल 0, और रसूली 15 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद नबी भी 5 रन बना सके। अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंद पर 3 चौके लगाते हुए 22 रन बनाए। राशिद खान ने 12 गेंद पर 20 रन बनाए। अफगानिस्तान 19.4 ओवर में 187 पर ऑल आउट हो गया।



### डिकॉक और रिकल्टन ने की 114 रन की साझेदारी

इसके पहले टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 6 विकेट पर 187 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्विंटन डिकॉक ने 41 गेंद पर 3 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 59 रन और रयान रिकल्टन ने 28 गेंद पर 4 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 61 रन की पारी खेली थी। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी हुई थी। इसके अलावा डेवाल्ड ब्रेविस ने 23, डेविड मिलर ने 20 और मार्को जानसेन ने 16 रन बनाए थे। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने 2, फजलहक फारुखी ने 1, और अजमतुल्ला ओमरजाई ने 3 विकेट लिए थे।

### पहला सुपर ओवर — 18 रन का लक्ष्य पार नहीं का पाया अफ्रीका

पहले सुपर ओवर में साउथ अफ्रीका ने लुंगी एनगिडी को बॉल दी और अफगानिस्तान ने अजमतुल्लाह उमरजई और रहमानुल्लाह गुरबाज पर भरोसा किया। अजमतुल्लाह ने सुपर ओवर की पहली दो बॉल पर चौका और फिर छक्का लगाया, फिर एक सिंगल लेकर स्ट्राइक गुरबाज को दी। चौथी बॉल पर एक और सिंगल के बाद अजमतुल्लाह वापस स्ट्राइक पर आ गए। इस बार उन्होंने बाउंड्री लगाई। आखिरी बॉल पर एक सिंगल लेकर अफगानिस्तान ने साउथ अफ्रीका को जीतने के लिए 18 रन का टारगेट दिया।

#### आखिरी बॉल पर चाहिए थे 7 रन

मिलर पहली बॉल पर सिर्फ एक रन बना सके। लेकिन ब्रेविस ने दूसरी बॉल पर छक्का मारा। ड्रामा अगली बॉल पर हुआ, जब ब्रेविस एक स्लो-बॉल बाउंसर पर अपना विकेट गंवा बैठे। ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी पहली बॉल बाउंड्री लगाकर शुरुआत की, लेकिन अगली बॉल पर रन नहीं बना सके, जिससे साउथ अफ्रीका को आखिरी बॉल पर सात रन चाहिए थे। यहां स्टब्स ने छक्का मारकर सुपर ओवर टाई कर दिया।

### दूसरा सुपर ओवर — अफगानिस्तान नहीं बना पाया 24 रन

दूसरे सुपर ओवर में स्टब्स और मिलर द.अफ्रीका के लिए बैटिंग करने आए। अफगानिस्तान ने बॉल अजमतुल्लाह उमरजई को दी। इस बार स्टब्स ने दूसरे सुपर ओवर की शुरुआत पहली बॉल पर छक्के से की। इससे पहले कि बैट्समैन ने दूसरी बॉल पर सिंगल लिया। तीसरी बॉल पर बैट्समैन ने दो रन बनाए। चौथी बॉल पर मिलर ने 95m का हिट स्टैंड्स में मारकर एक छक्का मारा। 5वीं बॉल पर एक और छक्का मारा गया, इससे पहले कि दोनों ने आखिरी बॉल पर दो रन लिए। उन्होंने दूसरे सुपर ओवर में अफ़गानिस्तान के लिए 24 रन का टारगेट रखा।

#### महाराज ने लुटाए रन

द. अफ्रीका ने स्पिनर केशव महाराज को बॉल दी। पहली डॉट बॉल के बाद नबी ने दूसरी बॉल पर अपना विकेट गंवा दिया। तीसरी बॉल पर फिर से बैटिंग करने आये गुरबाज ने महाराज गेंद पर लगातार तीन छक्का मारा। अब आखिरी बॉल पर सिर्फ़ छह रन चाहिए थे। प्रेशर में महाराज ने एक वाइड बॉल फेंकी, जिसका मतलब था कि एक बाउंड्री से गेम तीसरे सुपर ओवर में चला जाता, मगर ऐसा नहीं पाया। गुरबाज आखिरी बॉल पर आउट हो गए और इसी के साथ अफगानिस्तान को दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा।

## ऑस्ट्रेलिया ने की जीत के साथ अभियान की शुरुआत आयरलैंड को हराया, एलिस-जांपा ने चटकाए 8 विकेट



#### 115 रन पर सिमटी आयरलैंड की टीम

*इसके जवाब में आयरलैंड की टीम 16.5 ओवरों में 115 रन पर सिमट गई। इस टीम ने 43 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो दिए थे। यहां से लॉरेन टकर ने मोर्चा संभाला। टकर ने 27 गेंदों में 24 रन की पारी खेली, जबकि डॉकरेल ने 29 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 41 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।*

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है। इस टीम ने बुधवार को आयरलैंड के विरुद्ध आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले को 67 रन से अपने नाम किया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ग्रुप-बी की प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गया है। इस टीम का नेट रन रेट +3.350 है, जबकि अपने-अपने पहले मैच जीतने के बाद जिम्बाब्वे (+2.702) और श्रीलंका (+1.000) क्रमशः दूसरे और तीसरे पायदान पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से नाथन एलिस और एडम जांपा ने 4-4 विकेट निकाले।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 6 विकेट खोकर 182 रन बनाए। इस टीम को कप्तान ट्रेविस हेड (6) के रूप में 7 के स्कोर पर पहला झटका लगा। इसके बाद कैमरून ग्रीन ने जोश इंगलिस के साथ दूसरे विकेट के लिए 23 गेंदों में 49 रन की साझेदारी की। ग्रीन 11 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 1 छक्का और 6 चौके शामिल रहे। इसके बाद मैट रेनेशॉ ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 33 गेंदों में 2 चौकों के साथ 37 रन बनाए, जबकि जोश इंगलिस 17 गेंदों में 7 बाउंड्री के साथ 37 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इनके अलावा, मार्कस स्टोइनिस ने 29 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ 45 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी टीम की तरफ से मार्क अडायर ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए, जबकि मैथ्यू हम्फ्रीज, जॉर्ज डॉकरेल और हैरी टेक्टर ने 1-1 विकेट निकाला।

### खबर संक्षेप



#### भारत के खिलाफ अलग मानसिकता के साथ खेलेंगे

**कोलंबो।** पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप मैच को एक 'आम मैच' करार दिया लेकिन इसके साथ ही कहा कि इस बार उनकी टीम इस मुकाबले में अलग मानसिकता के साथ उतरेगी।

फरहान ने कहा, ''लगातार दो मैच जीतने और तालिका में शीर्ष पर काबिज होने से आत्मविश्वास मिलता है। अगला मैच भी एक आम मैच जैसा ही होगा। यह पहला अवसर नहीं है जबकि हम उनके खिलाफ खेलेंगे।' उन्होंने कहा, 'हम पहले भी उनके खिलाफ खेल चुके हैं लेकिन इस बार हमारी मानसिकता अलग होगी। आपने देखा ही होगा कि शादाब (खान) रन बना रहे हैं, (मोहम्मद) नवाज़ रन बना रहे हैं। उम्मीद है कि आपको उनके खिलाफ हमारा खेल पसंद आएगा।'

#### हमें आखिर तक लड़ना होगा : मारक्रम



**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने टीम के साथी खिलाड़ियों से कहा था कि उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ 'चुनौती' के लिए तैयार रहना होगा और बुधवार को खेला गया यह मैच टी20 विश्व कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक साबित हुआ। मारक्रम ने कहा, 'इसे शब्दों में बयां करना काफी मुश्किल है। कड़ा मुकाबला था। टीमें आपको जबरदस्त दबाव में लाती हैं। और जब आप खुद पर दबाव डालने लगते हैं तो हालात मुश्किल हो जाते हैं। जीत और अंक मिलने के लिए शुक्रगुजार हूं।' मारक्रम ने कहा, 'आखिरकार सुपर ओवर में आप अपने बेहतर, सबसे आत्मविश्वास से भरे खिलाड़ी को चुनते हैं।



## आईसीसी टी20 रैंकिंग में भारत का दबदबा अभिषेक और वरुण शीर्ष पर काबिज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

नई दिल्ली। आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में अभिषेक शर्मा पहले स्थान पर बने हुए हैं, वहीं वरुण चक्रवर्ती ने गेंदबाजों की सूची में अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा टी20 फॉर्मेट में नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा पहले, इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे, इंग्लैंड के जोस बटलर चौथे और भारत के तिलक वर्मा पांचवें स्थान पर हैं। श्रीलंका के पाथुम निसंका छठे स्थान पर हैं।



भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें, न्यूजीलैंड के टिम साइफर्ट आठवें, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड नौवें और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श दसवें स्थान पर हैं। साहिबजादा फरहान को यूएसए के खिलाफ खेली गई 73 रन की पारी का जोरदार फायदा हुआ है। इसी पारी की बदौलत फरहान 4 स्थान की छलांग लगाते हुए तीसरे स्थान पर पहुंचे हैं।

#### गेंदबाजों में चक्रवर्ती पहले स्थान पर

गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के वरुण चक्रवर्ती पहले, पाकिस्तान के अबरार अहमद दूसरे, अफगानिस्तान के राशिद खान तीसरे, इंग्लैंड के आदिल रशीद चौथे, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा पांचवें, न्यूजीलैंड के जैकब डफी छठे, पाकिस्तान के मोहम्मद नवाज सातवें, बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान आठवें, ऑस्ट्रेलिया के एडम जांपा नौवें और अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान दसवें स्थान पर हैं।

#### ऑलराउंडर में रजा शीर्ष पर

टी20 के शीर्ष ऑलराउंडर्स की सूची में पाकिस्तान के सईम अयूब को पीछे छोड़ते हुए जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने पहला स्थान हासिल कर लिया है। अयूब दूसरे स्थान पर हैं। भारत के हार्दिक पांड्या तीसरे, वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज चौथे, पाकिस्तान के मोहम्मद नवाज पांचवें, नेपाल के दीपेंद्र सिंह एरे छठे, वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड सातवें, अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह ओमरजई आठवें, अफगानिस्तान के मोहम्मब नबी नौवें और श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा दसवें स्थान पर हैं।

## निश्चित रूप से एक रोमांचक मैच था

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन को दो सुपर ओवर के बाद अफगानिस्तान पर रोमांचक टी20 विश्व कप मैच में मिली जीत को बयां के लिए शब्द नहीं मिल रहे थे और उन्होंने कहा कि आखिर में जीत हासिल करके खुश हैं। रिकेल्टन ने कहा, 'पहला ख्याल आता है कि क्रिकेट खराब खेल है। निश्चित रूप से यह एक रोमांचक मैच था। मेरे पास इसे बताने के लिए ज्यादा शब्द नहीं हैं। आखिर में हम जीत गए, इससे बहुत खुश हूं। ''उनतीस साल इस खिलाड़ी ने कहा, ''हम सब चिंतित थे और जीत की उम्मीद में थे। यह एक रोमांचक मैच था। हमने भावनाओं पर काबू पा लिया। पर यह बहुत मुश्किल था।'



## हसरंगा की जगह हेमंथा श्रीलंका टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर दुशान हेमंथा को मौजूदा टी20 विश्व कप के लिए चोटिल वानिंदु हसरंगा की जगह श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया है। श्रीलंका के स्पिन गेंदबाज हसरंगा आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे, जिसके कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। पांच वनडे और तीन टी20 मैच खेल चुके 31 वर्षीय हेमंथा उनकी जगह लेंगे। टीम का अगला मैच गुरुवार को ओमान के खिलाफ होगा।

आईसीसी ने कहा, 'टी20 विश्व कप की प्रतियोगिता तकनीकी समिति ने वानिंदु हसरंगा के स्थान पर दुशान हेमंथा को श्रीलंका की टीम में शामिल करने की मंजूरी



दे दी है।' आईसीसी ने न्यूजीलैंड के चोटिल माइकल ब्रैसवेल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल करने की अनुमति दे दी है। न्यूजीलैंड ने अभी तक इस खिलाड़ी का नाम उजागर नहीं किया है।

### ऑस्ट्रेलिया को झटका

## कप्तान मार्श टूर्नामेंट से बाहर, स्मिथ की वापसी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा है। टीम के कप्तान मिचेल मार्श टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। मार्श को ग्रोइन में चोट लगी थी, जिसकी वजह से वह 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच नहीं खेल पाए थे। इसके बाद खबर आई कि मार्श पूरे वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह स्टीव स्मिथ को स्टैंड-बाय प्लेयर के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने एक ऑफिशियल बयान जारी कर कहा कि मिचेल मार्श को ग्रोइन (ऊपरी जांघ) में चोट लगी है और अंदरूनी ब्लीडिंग हो रही है। उन्हें आराम और रिहैबिलिटेशन की ज़रूरत है।

#### स्मिथ टीम में शामिल

बोर्ड ने अपने बयान में यह भी साफ किया कि मिचेल मार्श की मैदान पर वापसी मेडिकल टीम से मंजूरी मिलने के बाद ही मुमकिन है। स्मिथ स्टैंड-बाय प्लेयर के तौर पर श्रीलंका में ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगे। स्टीव स्मिथ ने फरवरी 2024 के बाद से ऑस्ट्रेलिया के लिए कोई टी20 मैच नहीं खेला है। लेकिन हाल ही में, उन्होंने बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए सेंचुरी बनाई। ऑस्ट्रेलिया का पहला मैच 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ था। मिचेल मार्श की गैरमौजूदगी में ट्रैविस हेड कंगारुओं की कप्तानी कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले ही पैट कमिंस को खो चुकी है, जो पीठ की दिक्कतों की वजह से वर्ल्ड कप से बाहर हो गए थे।

#### बेखौफ होकर खेलना जारी रखे भारत : बांगड़

**नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने कहा कि भारत को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ बल्लेबाजों की नाकामी का ज्यादा विश्लेषण करने की जरूरत नहीं है और उसे अपना बेखौफ रवैया जारी रखना चाहिए, जिसके कारण उसने काफी सफलता हासिल की हैं। बांगड़ ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि भारतीय बल्लेबाजों को वानखेड़े में अमेरिका के खिलाफ, जो हुआ उसका बहुत अधिक विश्लेषण करना चाहिए, क्योंकि टी20 क्रिकेट में आजकल जिस तरह से भारतीय बल्लेबाज खेल रहे हैं उसमें निश्चित तौर पर जोखिम भरा हुआ है।'

### आज शाम 7 बजे से भारत और नामीबिया के बीच मुकाबला

## प्रिव्यू : नामीबिया के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा चैंपियन भारत को गुरुवार को होने वाले टी20 विश्व कप मैच में नामीबिया से किसी तरह का खतरा नहीं है लेकिन सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के पेट के संक्रमण के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर सहित टीम प्रबंधन चिंतित होगा क्योंकि इससे उसकी योजनाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में वानखेड़े की चिपचिपी पिच पर बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। अब उन्हें फिरोज शाह कोटला की पिच पर आक्रामक खेल दिखाना चाहेगा, जिसे बल्लेबाजी के लिए बेहतरीन पिच कहा जा सकता है।



#### टीमें इस प्रकार

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह।

**नामीबिया :** गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), जान बाल्ट, जेन ग्रीन (विकेटकीपर), मालन क्रूगर, डायलन लीचर, लॉरेन स्टीनकैंप, जान फ्राइलिनक, जान निकोल लोफ्टी-ईटन, विलियम मायबर्ग, जे जे स्मिट, जैक ब्रासेल, मैक्स हेंगो, बर्नार्ड शोल्ट्ज, बेन शिकोंगो, रूबेन ट्रम्पेलमैन।

#### चक्रवर्ती का सामना करना नामीबिया के लिए चुनौती

चक्रवर्ती का सामना करना नामीबिया की टीम के लिए बहुत बड़ी चुनौती हो सकती है क्योंकि वे आमतौर पर इतने उच्च स्तर के गेंदबाजों का सामना नहीं करते हैं। आईसीसी की कार्यक्रम बनाने वाली टीम ने यह सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान के खिलाफ व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण मैच को छोड़कर भारत के लीग चरण के बाकी मैच ऐसी टीमों के खिलाफ हों, जो इस प्रारुप में भारत की ए, बी या सी टीम से भी हार जाएंगी।

## नजरुल का यू-टर्न: बीसीबी ने लिया था नहीं खेलने का फैसला

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने अब यू-टर्न लेते हुए कहा कि भारत में टी20 विश्व कप के मैच नहीं खेलने का फैसला बीसीबी और खिलाड़ियों ने लिया था। इससे पहले उन्होंने कहा था कि यह फैसला सरकार की सुरक्षा चिंताओं से प्रेरित था। बांग्लादेश ने भारत में होने वाले अपने मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था, जिसे आईसीसी ने नामंजूर कर दिया था। इसके बाद बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। आईसीसी में बांग्लादेश को दंडित न करने का निर्णय लिया है। आईसीसी के साथ असफल बातचीत के दौरान नजरुल ने मुख्य भूमिका निभाई थी और उन्होंने जोर दिया था कि सुरक्षा चिंताओं के कारण टीम को न भेजना बांग्लादेश सरकार का विशेषाधिकार है।








# टॉक्सिक ने रिलीज से 46 दिन पहले कमा लिए 105 करोड़

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर आग लगाने से पहले ही टॉक्सिक ने खेल के सारे नियम पलट दिए हैं। फिल्म ने सबसे पहले तब सुर्खियां बटोरीं जब यह आंध्र प्रदेश–तेलंगाना मार्केट में दिल राजू के दमदार बैनर श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस के साथ 120 करोड़ रुपए का ऐतिहासिक डिस्ट्रीब्यूशन सौदा करने वाली पहली गैर-तेलुगु फिल्म बनी। टॉक्सिक की रिलीज से पहले की जर्नी का एक और विशाल पड़ाव डील को भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी ओवरसीज डील्स में गिना जा रहा है, जिसमें 105 करोड़ रुपए एडवांस के तौर पर कमीशन बेसिस पर सुरक्षित किए गए हैं।

लाइफ Style

# श्रीलीला एमबीबीएस की डिग्री हासिल की

साउथ सिनेमा की खूबसूरत एक्ट्रेस श्रीलीला ने अपनी मेडिकल की डिग्री की पढ़ाई पूरी कर ली है। अल्लू अर्जुन स्टारर मास एक्शन ड्रामा फिल्म पुष्पा 2 में 'किसिक' आइटम सॉन्ग करने वाली एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वह अपनी मेडिकल की डिग्री हासिल करती दिख रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ सिनेमा की खूबसूरत एक्ट्रेस श्रीलीला ने अपनी मेडिकल की डिग्री की पढ़ाई पूरी कर ली है। अल्लू अर्जुन स्टारर मास एक्शन ड्रामा फिल्म पुष्पा 2 में 'किसिक' आइटम सॉन्ग करने वाली एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वह अपनी मेडिकल की डिग्री हासिल करती दिख रही हैं। फिल्मों के साथ-साथ एक्ट्रेस अपनी पढ़ाई पर भी ध्यान दे रही है। एक्ट्रेस ने अपनी एमबीबीएस की डिग्री पूरी कर ली है। इस वीडियो में श्रीलीला की खुशी देखते ही बन रही है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। एक्ट्रेस के फैंस उन्हें पढ़ाई पूरी होने पर बधाई भी दे रहे हैं। इस वीडियो में आप देखेंगे कि श्रीलीला ने रेड कलर का डिग्री कॉस्ट्यूम पहना हुआ है। एक्ट्रेस के हाथ में डिग्री और चेहरे पर लंबी मुस्कान है। वह अपने साथियों के साथ चिल करती नजर आ रही हैं। श्रीलीला की मेडिकल की पढ़ाई 2020 में शुरू हुई थी और अब वह डॉक्टर बन चुकी हैं।



# रणबीर कपूर के संस्कार देख हैरान हो गईं हिमानी



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी अक्सर बॉलीवुड से कई बेहतरीन किस्से साझा करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने रणबीर कपूर से जुड़ा हुआ किस्सा साझा किया है। शिवपुरी ने इंस्टाग्राम पर रणबीर कपूर के साथ एक तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने उनसे जुड़ा किस्सा बताया। 100 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुकीं हिमानी शिवपुरी ने रणबीर कपूर के साथ मुलाकात को यादगार बताया है। रणबीर के साथ तस्वीर शेयर करते हुए हिमानी शिवपुरी ने इंस्टाग्राम पर लिखा 'रणबीर से मिलकर बहुत अच्छा लगा! इतने मिलनसार, विनम्र और प्रतिभाशाली अभिनेता! उन्होंने उठ कर मेरे पैर छुए और मेरी तारीफ करते हुए कहा, 'मैडम, आप बिल्कुल वैसी ही दिखती हैं! वाह, रणबीर का आकर्षण और उनके संस्कार! रणबीर कपूर ने 'आ अब लौट चलें' के दिनों की याद दिला दी। उस वक्त वह अमेरिका में पढ़ाई कर रहे थे और सेट पर आते थे। चिंटूजी उन्हें मेरे साथ नाटक देखने के लिए जाने को कहते थे।'

### 'आ अब लौट चलें' में हिमानी का रोल

आपको बता दें कि ऋषि कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म 'आ अब लौट चलें' (1999) बॉक्स ऑफिस पर औसत रही थी। फिल्म के गाने और कहानी फैंस को पसंद आई थी। इसमें ऐश्वर्या राय और अक्षय खन्ना की शानदार केमिस्ट्री को आज भी याद किया जाता है। फिल्म में हिमानी शिवपुरी ने 'निक्की' का रोल प्ले किया था।

### शानदार थी रणबीर की मेहमाननवाजी


हिमानी शिवपुरी ने आगे लिखा, 'अमेरिका की मेरी पहली यात्रा में, खरीदारी के अलावा मैं ब्रॉडवे शो भी देखती थी। अद्भुत आउटडोर शो, रणबीर की शानदार मेहमाननवाजी। हमने सतीश कौशिक, परेश रावल, सरोज खान और कभी-कभी ऐश के साथ 'कैट्स', 'फैंटम ऑफ द ओपेरा', 'साउंड ऑफ म्यूजिक' और कई शो देखे। वाह, क्या समय था!'

हॉलीवुड मसाला



# बहन के एक्स बॉयफ्रेंड को कर रहीं डेट

**नई दिल्ली।** अमेरिकन रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। अपने यूरोपियन वेकेशन से डेटिंग की खबरों को हवा देने के बाद किम और ब्रिटिश रेसिंग ड्राइवर और फॉर्मूला 1 चैंपियन लुईस हैमिल्टन (किम की छोटी बहन के एक्स बॉयफ्रेंड) ने आखिरकार अपने रिश्ते को दुनिया के सामने ऑफीशियल कर दिया है। इस कपल ने सुपर बाउल एलएक्स में साथ आकर अपने रिश्ते को कनफर्म किया। यहां उनकी मौजूदगी ने सबका ध्यान खींचा और अब इनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।



# गेम ऑफ ... का जादू आज भी दर्शकों के बीच है कायम


**लॉस एंजिल्स।** 'गेम ऑफ थ्रोन्स' का जादू आज भी दर्शकों के बीच कायम है। तभी तो इसका प्रीक्वल 'ए नाइट ऑफ द सेवन किंगडम्स' के चौथे एपिसोड की रेटिंग ऐताहासिक रही है। एचबीओ (जियो हॉटस्टार) की नई सीरीज 'ए नाइट ऑफ द सेवन किंगडम्स ने दर्शकों को फिर से वेस्टरोस की दुनिया में खींच लिया है. सीरीज का चौथा एपिसोड 'सेवन' आईएमडीबी पर 9.7 की रेटिंग हासिल कर चुका है, जो ना सिर्फ इस सीरीज का अब तक का सबसे ऊंचा स्कोर है, बल्कि पूरे 'गेम ऑफ थ्रोन्स यूनिवर्स में सबसे अधिक रेटेड एपिसोड्स में से एक बन गया है। यह एपिसोड 6 फरवरी, 2026 को रिलीज हुआ था, जो सुपर बाउल 60 के कारण अपनी नियमित साप्ताहिक रिलीज से पहले आया। दर्शकों की प्रतिक्रियाओं से साफ है कि जॉर्ज आर.आर. मार्टिन की नॉवेला पर आधारित यह प्रीक्वल सीरीज उम्मीदों से कहीं आगे निकल रही है। 'ए नाइट ऑफ द सेवन किंगडम्स' मूल 'गेम ऑफ थ्रोन्स' से लगभग 90 साल पहले की घटनाओं पर आधारित है।

# तू या मैं की आ गई ओटीटी रिलीज डेट

**मुंबई।** फिल्म 'तू या मैं' वैलेंटाइन डे से एक दिन पहले 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म के ओटीटी पर रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। बिजोय नांबियार के



निर्देशन में बनी फिल्म 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें आदर्श गौरव और शनाया कपूर ने अहम किरदार निभाया है। ओटीटी प्ले के मुताबिक टीम ने आठ हफ्ते की थिएट्रिकल विंडो तय की है। फिल्म के ओटीटी पर आने से पहले दर्शक इसे बड़े पर्दे पर 56 दिनों तक देख सकेंगे। डिजिटल प्रीमियर अप्रैल के दूसरे शुक्रवार को होगा। फिल्म 'तू या मैं' की टैगलाइन है, 'कुछ कोलैब जिंदगी भर के लिए होते हैं; कुछ आपकी जिंदगी खत्म कर देते हैं।'



# 69 की उम्र में एक्शन करते दिखे अनिल कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड के एवर यंग एक्टर अनिल कपूर अब 69 साल की उम्र में एक्शन अवतार में वापसी कर रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सूबेदार'का टीजर बुधवार को रिलीज हुआ है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। 'सूबेदार'5 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिल्म के टीजर की शुरुआत अनिल कपूर और फैसल मलिक के सीन से होती है। टीजर में दिखाया जाता है कि अनिल कपूर के आसपास कुछ ऐसा होता है, जिससे उन्हें गुस्सा आता रहता है। लेकिन वो उस पर काबू करते रहते हैं। लेकिन अंत में उनका गुस्सा फूट जाता है और वो एक्शन मोड में नजर आते हैं। टीजर देखकर ऐसा लगता है कि कहानी बुंदेलखंडी पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। टीजर में अनिल कपूर की आवाज में बुंदेलखंडी में डायलॉग भी सुनाई देता है।

टीवी मसाला

# कंपोजर भागीरथ बिग बॉस 20 में हो सकते हैं शामिल

**नई दिल्ली।** हाल ही में 'बिग बॉस 19' खत्म हुआ है। अब दर्शकों के बीच 'बिग बॉस 20' को लेकर उत्साह है। फैंस बेसब्री से इस चीज का इंतजार कर रहे हैं कि अगले सीजन में कौन नजर आ सकता है। सोशल मीडिया पर जो नाम चर्चा में हैं, उनमें मशहूर सितार बजाने वाले और कंपोजर भागीरथ भट्ट भी हैं। उनके म्यूजिक ने लाखों दिलों को जीता है। भागीरथ ने फिल्म पद्मावत', 'भूल भुलैया 3', और 'बॉर्डर 2' जैसी बेहतरीन फिल्मों में अपने काम के लिए पहचान बनाई है। भागीरथ भट्ट ने भारत और विदेश में परफॉर्म किया है। उनके कलेक्शन में भक्ति और आध्यात्मिक संगीत भी शामिल हैं। रियलिटी शो में उनके हिस्सा लेने के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, उनके करीबी लोगों का कहना है कि भागीरथ भट्ट रियलिटी टेलीविजन से ज्यादा म्यूजिक बनाने पर ध्यान देते हैं। भागीरथ कुमार पंकज भाई भट्ट का जन्म 31 मई 1991 को जामनगर, गुजरात में हुआ था। वह एक ऐसे परिवार में पले-बढ़े जो संगीत से जुड़ा था। उनके पिता, पंकज कुमार दिनेशचंद्र भट्ट ने उन्हें छह साल की उम्र में क्लासिकल संगीत से परिचय कराया। उन्होंने भारत के कुछ अच्छे अध्यापकों से ट्रेनिंग ली। भागीरथ भट्ट ने बाद में महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा से इंस्ट्रुमेंटल सितार में परफॉर्मिंग आर्ट्स में स्नातक किया। इसके बाद परफॉर्मिंग आर्ट्स में परास्नातक किया। हाल ही में, उन्हें स्विट्जरलैंड के डंस्टर बिजनेस स्कूल ने ग्लोबल स्टेज पर भारतीय संगीत में उनके योगदान के लिए ऑनरेरी डॉक्टरेट से सम्मानित किया। 'बिग बॉस 20' सितंबर 2026 में एयर होने वाला है। इसमें सलमान खान होस्ट होंगे।

## 36 की उम्र में डिप्रेशन में चले गए थे कपिल

**नई दिल्ली।** एक्टर और कॉमेडियन कपिल शर्मा ने शेयर किया कि वे कैसे 36 की उम्र में डिप्रेशन में चले गए थे। साथ ही उन्होंने बताया कि पापा के जाने के बाद उनकी जिंदगी कैसे बिखर गई थी। कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा का सफर बिल्कुल आसान नहीं रहा। उनकी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव आए। कभी बड़ी सफलता मिली, तो कभी मुश्किल समय भी देखा। लेकिन हर बार वो संभलकर फिर से खड़े हुए। इतना सब देखने के बाद अब वे कहते हैं कि जिंदगी का हर दौर उन्हें कुछ न कुछ सिखाकर गया है।



# माचिस के डिब्बे पर धुन, सिगरेट के पैकेट पर पंचम दा ने लिखा गाना...



**नई दिल्ली।** संगीत और सिनेमा, ये संबंध अनूठा है और निराला है। जहां सिनेमा होगा, वहां संगीत का जिक्र जरूर होगा। कहते हैं कि कुछ धुनें कागजों पर नहीं, यादों की परतों और वक्त की सिलवटों पर लिखी जाती हैं। हिंदी सिनेमा का एक दौर वो था, जब धुनें दिलों को सुकून देने वाला काम करती थीं। आज के 'डिजिटल दौर' में यकीन करना मुश्किल है कि उस वक्त एक ऐसा गाना बना, जो माचिस की तीली से निकलकर सिनेमा के रूहानी पर्दे तक पहुंचा। आइए जानते हैं दिल को छूने वाले उस ब्लॉकबसल्टर गाने के पीछे की दास्तां...

## 65 साल बाद भी अमर है मोहम्मद रफी का ये गीत

### कैसे बना एस डी बर्मन का ये गाना?

*आज जिस गाने की बात हम कर रहे हैं असल में वो कोई और नहीं बल्कि साल 1960 में आई फिल्म 'काला बाजार' का गाना 'खोया-खोया चांद' है। इस गाने को आपने खूब सुना होगा, इस पर खूब आप वाइब करते हुए नजर आए होंगे लेकिन असल में इस गाने के बनने के पीछे की कहानी उतनी ही दिलचस्प है। इस गाने में वहीदा रहमान और देव आनंद की गजब कैमिस्ट्री दिखी थी पर असल में उस कैमिस्ट्री को दिखाने के लिए आर डी बर्मन ने काफी मेहनत की थी। ये किस्सा है उस दौर का है जब महान संगीतकार एस.डी. बर्मन ने इस गाने की जिम्मेदारी अपने बेटे अपने बेटे आर डी बर्मन को दी थी। दरअसल, इस फिल्म के प्रोड्यूसर देव आनंद खुद ही थे और उन्होंने शैलेंद्र को फिल्म के गीत लिखने को कहा। उस वक्त शैलेंद्र दूसरे कामों में व्यस्त थे, हालांकि इधर एस डी बर्मन ने गाने की धुन तैयार कर ली थी। जब शैलेंद्र ने एस डी बर्मन को कोई जवाब नहीं दिया तो उन्होंने बेटे आर डी बर्मन से कहा कि वो उनके घर जाएं और गाना लिखवाकर ही वापस आएं।*

### समंदर के किनारे लिखा गया गीत

*आर डी बर्मन अपने पिता एस डी बर्मन की बात मानकर शैलेंद्र के पास गए। जब वो वहां पहुंचे तो उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि, उन्हें आज गाना चाहिए। काफी देर हो गई तो दोनों लोग जुहू बीच पर चले गए। शैलेंद्र लगातार सिगरेट फूंके जा रहे थे, क्योंकि उन्हें गाने की लाइनें समझ नहीं आ रही थीं। रात के करीब 11 बज चुके थे। जाहिर है, उस दौर में इतनी रात तक बाहर घूमना और वो भी जुहू बीच पर सही नहीं था। उधर आर डी बर्मन परेशान हो रहे थे कि पिता की बात का पालन भी करना है। इसके बाद शैलेंद्र ने सिगरेट जलाने के लिए पंचम दा से माचिस मांगी, क्योंकि उनकी माचिस खत्म हो गई थी। शैलेंद्र ने पंचम दा से कहा कि दादा धुन सुनाओ जरा.. इसके बाद पंचम दा ने उसी माचिस के डिब्बे पर धुन गुनगुनाई और सामने खड़े शैलेंद्र एकाएक आसमान की तरफ देख रहे थे।*

### खोया-खोया चांद, खुला आसमान

*इधर पंचम दा धुन गुनगुना रहे थे और गा रहे थे कि आसमान में पूनम का चांद खिला था। ये सुन शैलेंद्र ने झट से पंचम से कहा कि, 'तुम जाओ और दादा से कहना कि मैं गाना सुबह ले आऊंगा'। पंचम ने तुरंत गाने की धुन के साथ उसे डिब्बी पर लिख लिया। अब उस वक्त ना तो कलम थी और ना पेन.. बस डिब्बी पर गाने की धुन को लिखकर पंचम दा घर आ गए और अगले फिर पिता एस डी बर्मन को धुन सुना दी और इस तरह से तैयार हुआ गाना 'खोया-खोया चांद, खुल आसमान'।*

### मोहम्मद रफी ने दी आवाज

*आखिरकार इस गाने को फिर मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज दी और ये गाना हमेशा के लिए अमर हो गया। इस गाने को पसंद करने वालों की लिस्ट उतनी ही लंबी है, जितना फिल्म को प्यार मिला। फिल्म आज भी उतनी ही पॉपुलर भी है तो वहीं वहीदा रहमान के साथ गाने में देव आनंद का मस्त मौला अंदाज आज भी लोगों की जुबान पर है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930